RNI No. UPHIN/2021/82019

दैनिक
# सिद्धि सरकार

वर्ष - 03 | अंक - 252 | www.siddhisarkar.com | ललितपुर, शनिवार, 04 मई 2024 | पृष्ठ : 12 , मूल्य : 3/- रूपये

## तिहाड़ में दो कैदियों की हिंसक झड़प के बाद से हड़कंप, एक की हत्या




**नई दिल्ली।** दिल्ली की तिहाड़ जेल में कैदियों के बीच हिंसक झड़प की खबर सामने आई है। इस झड़प में एक कैदी की मौत हो गई है। जेल अधिकारियों की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को दो कैदियों के बीच अचानक बहस शुरू हो गई। बाद में यह बहस इतनी बढ़ गई कि एक कैदी की हत्या हो गई। जेल अधिकारियों ने बताया है कि मृतक जेल में सेवादार के रूप में काम करता था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना तिहाड़ के जेल नंबर 3 की बताई जा रही है।

जिस कैदी की हत्या की गई, उसकी पहचान 29 साल के दीपक के तौर पर हुई है जो हत्या के केस में सजा काट रहा था। उस पर हमला करने वाला 44 साल का अब्दुल बशीर बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि झड़प में दीपक गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे तुरंत दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि उसके सीने पर धारदार हथियार से कई बार हमले किए गए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अब्दुल बशीर भी हत्या के मामले में सजा काट रहा है।

## मणिपुर जातीय हिंसा को हुआ एक साल



**नई दिल्ली।** इंफाल घाटी में बहुसंख्यक मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने पर विचार करने की मणिपुर हाईकोर्ट की सिफारिश के बाद बीते साल तीन मई को जातीय हिंसा का जो दौर शुरू हुआ था उसकी लपटें अब भी धधक रही हैं.राजधानी इंफाल से शुरू हुई वह हिंसा जंगल की आग की तरह कुछ घंटों के भीतर ही पूरे राज्य में फैल गई थी. सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, इस हिंसा में दोनों तबकों के 227 लोगों की मौत हो गई और करीब 70 हजार लोग विस्थापित हो गए. इनमें से करीब 59 हजार लोग अपने परिवार या परिवार के बचे-खुचे लोगों के साथ साल भर से राज्य के विभिन्न स्थानों पर बने राहत शिविरों में रह रहे हैं. इनमें से कुछ लोगों ने पड़ोसी मिजोरम में शरण ले रखी है. इस हिंसा से प्रभावित लोगों के जख्म अब नासूर बन चुके हैं. मणिपुर में जारी हिंसा में अब तक पुलिस और सुरक्षाबलों के 16 जवान भी मारे जा चुके हैं।

## सुप्रीम कोर्ट का हमनाम उम्मीदवारों पर रोक लगाने से इनकार

### कहा- राहुल या लालू नाम वाले दूसरे लोगों को चुनाव लड़ने से नहीं रोक सकते



**नई दिल्ली।** एक जैसे नाम वाले उम्मीदवारों को बैन करने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को बेहद अहम फैसला दिया। कोर्ट ने कहा कि अगर दो उम्मीदवारों के नाम एक जैसे हैं तो उन्हें चुनाव लड़ने से नहीं रोका जा सकता। चुनावों में हमनाम उम्मीदवारों पर प्रतिबंध लगाने के अनुरोध को खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर राजनीतिक नेताओं के नाम पर किसी और का नाम हैं तो उसे चुनाव लड़ने से कैसे रोक सकता। कोर्ट ने कहा कि इससे उसके अधिकारों का हनन होगा। साबू स्टीफन नाम के एक शख्स ने सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी।

# शहजादे को वायनाड से हार का डरः पीएम मोदी

### कहा- अमेठी से भागकर रायबरेली पहुंचे, मैं इन्हें कहूंगा- डरो मत, भागो मत

**दुर्गापुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के बर्धमान में हुंकार भरी। चुनाव प्रचार के दौरान यहां उन्होंने एक रैली को भी संबोधित किया। इस रैली में पीएम मोदी ने विपक्षी पार्टियों पर निशाना साधते हुए बताया कि वह जनता की सेवा करने के लिए पैदा हुए हैं।

उन्होंने आगे कहा कि उनका सपना केवल जनता के सपनों को पूरा करना है। इस रैली में पीएम मोदी ने राहुल गांधी के रायबरेली से लोकसभा चुनाव लड़ने के फैसले पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी डर के कारण रायबरेली भाग गए। पीएम मोदी ने कांग्रेस सांसद से कहा, 'डरो मत, भागो मत।

रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, मुझे देश ने और आप सबने इतना आशीर्वाद दिया है। शायद कोई इंसान अपने जीवन में ऐसी कल्पना तक नहीं कर सकता है कि ईश्वर रूपी जनता जनार्दन इतने आशीर्वाद बरसाएं और लगातार बरसाएं और वर्षों से ये आशीर्वाद बढ़ता ही जा रहा है। जीवन में इससे बड़ा संतोष क्या होता है।



### राहुल गांधी के रायबरेली से चुनाव लड़ने पर पीएम मोदी

राहुल गांधी के अमेठी छोड़कर रायबरेली से नामांकन भरने पर पीएम मोदी ने प्रतिक्रिया दी है। बर्धमान में रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि कांग्रेस सांसद डर गए, इसलिए वह रायबरेली से चुनाव लड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, मैंने पहले ही ये भी बता दिया था कि शहजादे वायनाड में हार के डर से अपने लिए दूसरी सीट खोज रहे हैं।

### विपक्षी पार्टियों पर साधा निशाना

विपक्षी पार्टियों टीएमसी, कांग्रेस और लेफ्ट पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इन पार्टियों के पास विजन नहीं है। उन्होंने लेफ्ट पर पड़ोसी राज्य त्रिपुरा को तबाह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, फ्लेफ्ट, कांग्रेस और टीएमसी किसी राज्य का क्या हाल कर सकती हैं, ये आप अच्छी तरह जानते हैं। यहां पास में ही त्रिपुरा लेफ्ट वालों ने तबाह कर रखा था। लेकिन पिछले पांच साल में भाजपा ने पूरे त्रिपुरा की जिंदगी बदल दी। लेफ्ट वाले गए तो विकास का सूरज उगने लगा। टीएमसी को घेरते हुए पीएम मोदी ने बताया, मैंने कल टीवी पर देखा कि यहां बंगाल में टीएमसी के एक विधायक ने सरेआम धमकी दी। वो कह रहे थे कि हिंदुओं को दो घंटे में भागीरथी में बहा देंगे। ये कौन सी भाषा है? बंगाल में टीएमसी की सरकार ने यहां हिंदुओं को दोयम दर्जे का नागरिक बनाकर रख दिया है। ये कैसे लोग हैं कि जय श्रीराम के उदघोष से भी इन्हें आपत्ति है। इनको राम मंदिर के निर्माण से आपत्ति है, रामनवमी की शोभायात्रा से आपत्ति है। पीएम मोदी ने संदेशखाली मुद्दे को लेकर भी टीएमसी सरकार को सवालों के घेरे में लिया। उन्होंने कहा, फमैं तृणमूल सरकार से पूछना चाहता हूं कि यहां संदेशखाली में हमारी दलित बहनों के साथ इतना बड़ा अपराध हुआ। पूरा देश कार्रवाई की मांग करता रहा, लेकिन टीएमसी गुनहगार को बचाती रही। क्या सिर्फ इसलिए, क्योंकि उस गुनाहगार का नाम शाहजहां शेख था।

# कोवीशील्ड पर सवालों के बीच भारत बायोटेक बोला- कोवैक्सिन सुरक्षित

### ये अकेली वैक्सीन जिसका ट्रायल भारत में हुआ, लोगों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है



**नई दिल्ली।** कोरोना वैक्सीन कोवीशील्ड पर उठ रहे सवालों के बीच कोवैक्सिन बनाने वाली कंपनी भारत बायोटेक ने कहा है कि हमारी वैक्सीन सुरक्षित है। इसे बनाते समय हमारी पहली प्राथमिकता लोगों की सुरक्षा थी और दूसरी प्राथमिकता वैक्सीन की गुणवत्ता थी। भारत बायोटेक ने सोशल मीडिया साइट ङ्ग पर एक पोस्ट में ये बातें कहीं।

कंपनी ने कहा कि कोवैक्सिन भारत सरकार के कोविड-19 वैक्सीन प्रोग्राम की इकलौती वैक्सीन थी, जिसके ट्रायल भारत में हुए थे। कंपनी के मुताबिक, लाइसेंस पाने की प्रक्रिया के तहत कोवैक्सिन का 27 हजार लोगों पर ट्रायल किया गया था।

### भारत बायोटेक बोली- कोवैक्सिन के चलते किसी बीमारी का केस सामने नहीं आया

कंपनी ने कहा कि कोवैक्सिन की सुरक्षा का मूल्यांकन देश के स्वास्थ्य मंत्रालय ने किया था। कोवैक्सिन बनाने से लगाने तक लगातार इसकी सेफ्टी मॉनिटरिंग की गई थी। कोवैक्सिन के ट्रायल से जुड़ी सभी स्टडीज और सेफ्टी फॉलो-अप एक्टिविटीज से कोवैक्सिन का बेहतरीन सेफ्टी रिकॉर्ड सामने आया है। अब तक कोवैक्सिन को लेकर ब्लड क्लॉटिंग, थ्रॉम्बोसाइटोपीनिया, TTS, VITT, पेरिकार्डिटिस, मायोकार्डिटिस जैसी किसी भी बीमारी का कोई केस सामने नहीं आया है। कंपनी ने कहा कि अनुभवी इनोवेटर्स और प्रोडक्ट डेवलपर्स के तौर पर भारत बायोटेक की टीम यह जानती थी कि कोरोना वैक्सीन का प्रभाव कुछ समय के लिए हो सकता है, पर मरीज की सुरक्षा पर इसका असर जीवनभर रह सकता है।

## सिसोदिया की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट का ईडी-सीबीआई को नोटिस

### बीमार पत्नी से हफ्ते में एक बार मिलने की परमिशन भी मिली



नई दिल्ली। दिल्ली हाई कोर्ट में आप नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। मामले की जांच कर रही दोनों केंद्रीय एजेंसियों द्वारा आरोपी बनाए गए दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर आज हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मनीष की याचिका की सुनवाई करते हुए जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा की बेंच ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को मामले में नोटिस जारी किया है। गौरतलब है कि आप नेता ने निचली अदालत के फैसले के विरुद्ध हाईकोर्ट में जमानत अर्जी दाखिल की है।

## सुप्रीमकोर्ट केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर विचार करने को तैयार

*चुनाव के चलते 7 मई को फैसला, कहा- गिरफ्तारी पर सुनवाई में समय लग सकता है*



**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति मामले में अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और रिमांड पर सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को दो घंटे बहस हुई। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने कहा कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर विचार किया जा सकता है, ताकि वे कैंपेन में हिस्सा ले सकें। बेंच ने कहा कि मेन केस यानी जिसमें केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती दी है, इसमें समय लग सकता है। कोर्ट ने श्वष्ठ से कहा- अगली सुनवाई में अंतरिम जमानत की शर्तों को भी बताया जाए। हमे अंतरिम जमानत देने या न देने पर अभी फैसला करना है। हम 7 मई को इस पर सुनवाई करेंगे। केजरीवाल की ओर से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी और श्वष्ठ की तरफ से स्त्र एसवी राजू ने सुप्रीम कोर्ट में दलीलें रखीं।

# राहुल गांधी रायबरेली से भी हारेंगेः डॉ. मोहन यादव

### मोहन यादव ने कहा -प्रियंका रण के पहले ही रण छोड़ गईं

**भोपाल।** सीएम यादव ने कहा कि राहुल गांधी अमेठी की बजाए अब रायबरेली से चुनाव लड़ रहे हैं। वहां से भी निश्चित ही राहुल गांधी जी की हार होने वाली है। कांग्रेस ने जितने विकास में अवरोध पैदा किए, मोदी जी के बारे में जितनी हल्की बातें की उन सभी बातों का हिसाब देना पड़ेगा।

कांग्रेस नेता और सांसद राहुल गांधी के उत्तर प्रदेश के रायबरेली से चुनाव लड़ने को लेक लेकर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तंज कसा। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीसरी पारी को लेकर जिस ढंग से वातावरण बना है। यही कारण है कि कांग्रेस पहले तो तय नहीं कर पा रही थी कि क्या करना चाहिए..?



सीएम यादव ने कहा कि राहुल गांधी पिछली बार अमेठी से हारकर केरल तक भाग गए थे। अब वायनाड से हार की आशंका मानकर पहले अमेठी का मन बनाते रहे। स्मृति जी ने जो 5 साल तक काम किया है। पिछले चुनाव में 5 विधानसभा में 4 में जमानत जब्त कराई। मैं अभी वहां दौरा करके आया हूं। नामांकन भराने मैं खुद गया था। यूपी का माहौल मोदीमय हो चुका है। पुराना रिकॉर्ड भी हम तोड़ने जा रहे हैं।

राहुल गांधी अमेठी की बजाए अब रायबरेली से चुनाव लड़ रहे हैं। वहां से भी निश्चित ही राहुल गांधी जी की हार होने वाली है।

# राहुल ने रायबरेली से दाखिल किया नामांकन, मां सोनिया और बहन प्रियंका साथ रहीं मौजूद

**लखनऊ।** राहुल गांधी ने अपनी पुरानी सीट अमेठी को छोड़कर आज रायबरेली से पर्चा भरा। इस दौरान उनके साथ मां सोनिया गांधी, बहन प्रियंका गांधी वाड्रा के अलावा जीजा रॉबर्ट वाड्रा, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी नजर आए। यहां पढ़ें पल-पल का अपडेट

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए रायबरेली से नामांकन दाखिल कर दिया है। इस दौरान उनके साथ मां सोनिया गांधी, बहन प्रियंका गांधी वाड्रा के अलावा जीजा रॉबर्ट वाड्रा के साथ-साथ पार्टी अध्यक्ष



मल्लिकार्जुन खरगे भी नजर आए। राहुल गांधी रायबरेली लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर नामांकन करने के लिए जिले के पार्टी कार्यालय से रवाना हो गए हैं। उनके साथ कई और दिग्गज नेता मौजूद हैं। इस दौरान पार्टी कार्यालय पर जबरदस्त भीड़ उमड़ी। राहुल को कार्यालय से अपनी गाड़ी तक आने के लिए तक मशक्कत करनी पड़ी। कार्यकर्ताओं ने उत्साह में नारे लगाए।

### रायबरेली के पार्टी कार्यालय पर जुटे नेता और पदाधिकारी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे रायबरेली से राहुल गांधी के नामांकन दाखिल करने से पहले रायबरेली कांग्रेस कार्यालय पहुंच गए हैं। राहुल गांधी समेत अन्य नेता भी वहां मौजूद हैं। कार्यालय के बाहर सपा और कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड़ा है। उत्साह में कार्यकर्ता राहुल गांधी जिंदाबाद और कांग्रेस जिंदाबाद के नारे लगा रहे हैं।

## मजबूत शुरुआत के बाद बाजार में गिरावट

### सेंसेक्स 733 अंक टूटा, निफ्टी 22500 के नीचे फिसला



**नई दिल्ली।** सुबह मजबूती साथ शुरू हुआ घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन सेंसेक्स 732.96 (0.98त्न) अंक फिसलकर 73,878.15 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 172.33 (0.76 प्रतिशत) अंक फिसलकर 22,475.85 पर बंद हुआ। शुक्रवार की सुबह मजबूत दिख रहे सेंसेक्स और निफ्टी अपने ऊपरी स्तरों से नीचे की ओर फिसल गए। इस दौरान सेंसेक्स 1130 अंक गिरकर 73,481 पर पहुंच गया जबकि निफ्टी 296 अंक गिरकर 22,351 पर बंद हुआ।

बाजार में बिकवाली के दौरान बीएसई के सभी 19 सेक्टोरल इंडेक्स लाल निशान पर कारोबार करते दिखे। बाजार में बिकवाली के कारण बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण घटकर 404.48 लाख करोड़ रुपये रह गया। भारती एयरटेल, रिलायंस, एलएंडटी, मारुति सुजुकी, नेस्ले इंडिया और टाटा मोटर्स के शेयर दोपहर के सत्र में 3.37 प्रतिशत तक की गिरावट के साथ शीर्ष लूजर रहे। सेंसेक्स में बजाज ट्विन्स के शेयर 1.8 प्रतिशत तक चढ़े।

# पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ा झटका

### गिरफ्तारी के खिलाफ दायर याचिका खारिज



**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। अदालत ने हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया। साथ ही अंतरिम जमानत वाली याचिका भी खारिज कर दी। हाईकोर्ट के कार्यकारी न्यायाधीश और न्यायाधीश नवनीत कुमार की खंडपीठ ने सुनवाई पूरी होने के बाद 28 फरवरी को फैसला सुरक्षित रखा लिया था। हेमंत सोरेन को अदालत से थोड़ी राहत भी मिली है।

### सुप्रीम कोर्ट में छह को होगी सुनवाई


हेमंत सोरेन की ओर से दायर याचिका में कहा गया था कि ईडी जिस जमीन की बात कर रहा है, वह जमीन उनके नाम कभी रही ही नहीं। फैसला सुनाने में देरी होने पर हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दायर की गई थी, जिस पर छह मई को सुनवाई होनी है।

### रांची की विशेष पीएमएलए अदालत से लगा था झटका

इससे पहले, 27 अप्रैल को सोरेन को झटका लगा था। रांची की विशेष पीएमएलए अदालत ने भूमि घोटाले के एक मामले में उन्हें अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया था। बता दें, हेमंत सोरेन के पिता और झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के भाई राम सोरेन का शनिवार सुबह निधन हो गया था। वह लंबे अरसे से बीमार चल रहे थे। सोरेन ने अपने चाचा के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए अदालत से 13 दिनों की अंतरिम जमानत मांगी थी।

### प्रेस स्वतंत्रता मामले में भारत की स्थिति पाकिस्तान और सूडान से भी खराब


नई दिल्ली। आज अंतरराष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस है। इस मौके पर भारत समेत दुनिया भर में प्रेस की स्वतंत्रता को लेकर चर्चा हो रही है। इस बीच, रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर ने प्रेस फ्रीडम को लेकर इंटरनेशल रैंकिंग जारी कर दी है। इसमें कुल 180 देशों को शामिल किया गया है। सबसे पहले पायदान पर नॉर्वे है जिसका ग्लोबल स्कोर 91.89 है। इसके बाद डेनमार्क 89.6 ग्लोबल स्कोर के साथ दूसरे नंबर पर है। तीसरे नंबर पर स्वीडन है जिसका स्कोर 88.32 है। इसके बाद चौथे और पांचवें स्थान पर क्रमश- नीदरलैंड और फिनलैंड हैं जिनका ग्लोबल स्कोर 87.73 व 86.55 है। अगर भारत की बात करें तो प्रेस स्वतंत्रता मामले हमारी स्थिति पाकिस्तान और सूडान से भी खराब है। रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर की रैंकिंग के मुताबिक, भारत इस लिस्ट में 159वें पायदान पर है जिसे ग्लोबल स्कोर 31.28 मिला है। पाकिस्तान का स्कोर 33.9 है और उसकी रैंकिंग 152 है।





# शिकायतों के बावजूद नहीं रूका पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली का खेल

## पार्किंग ठेकेदार के गुर्गों से जबरन लुटने को विवश हो रहे किसान, नपा प्रशासन ने साधी चुप्पी, पार्षद की शिकायत पर भी नहीं हो सकी कार्यवाही




ललितपुर। किसानों, आमजनों को इन दिनों नगर पालिका परिषद की प्रशासनिक चुप्पी के कारण पार्किंग शुल्क के नाम पर ठेकेदार के गुर्गों द्वारा दबंगई से की जा रही अवैध वसूली का शिकार होना पड़ रहा है। आलम यह है कि ठेके की निविदा में दर्शाये गये वाहन स्टेण्डों व निर्धारित पार्किंग शुल्क की कोई मान्यता ही नहीं है। ठेकेदार स्वयं को सत्तादल का नेता बताते हुये अपने गुर्गों से औद्योगिक आस्थान चन्देरा के अंदर स्थित मील के बाहर खड़े वाहनों तक से पार्किंग शुल्क वसूल किया जा रहा है। दबंगई दिखाकर वसूल किये जा रहे पार्किंग शुल्क के चलते किसानों में जहां मायूसी छायी हुयी है तो वहीं दूसरी ओर इस सम्बन्ध में नगर पालिका परिषद के पार्षद एड.मनमोहन चौबे द्वारा नपा प्रशासन से लिखित शिकायत करने के बावजूद भी कार्यवाही न होने से ठेकेदार और उसके गुर्गों के हौंसले बुलंद हैं। अब ऐसी स्थिति में जनहित में विभिन्न ग्रामीण अंचलों से खाद्यान्न बेचने नवीन गल्ला मण्डी में आये किसानों ने जिलाधिकारी से हस्तक्षेप करते हुये पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच करायी जाकर ठेकेदार व उसके कर्मचारियों पर सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। गौरतलब है कि शहर क्षेत्र में कुछ स्थान भारी व हल्के लोडिंग वाहनों और टैक्सियों के लिए निर्धारित किये गये थे। इन निर्धारित स्थानों पर वाहनों की पार्किंग को लेकर ठेका दिया गया था। लेकिन ठेका मिलने के बाद ठेकेदार अपने कर्मचारियों से टेण्डर में निर्धारित धनराशि से करीब 10 गुना या उससे अधिक की रकम वसूल की जा रही है। इस सम्बन्ध में नगर पालिका परिषद के पार्षद एड. मनमोहन चौबे ने विगत कुछ दिनों पहले नगर पालिका प्रशासन से लिखित शिकायत भी दर्ज करायी थी, लेकिन सूत्र बताते हैं कि ठेकेदार सत्तादल का नेता है, जिस कारण नगर पालिका परिषद ने कार्यवाही नहीं की और अब ठेकेदार व उसके कर्मचारियों के हौंसले इतने बुलंद हैं कि वह निर्धारित स्थानों के अलावा औद्योगिक आस्थान के अंदर जाकर वहां खड़े वाहनों से भी पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली को अंजाम दे रहे हैं।

## आम आदमी पार्टी की कई लोगों ने ग्रहण की सदस्यता



**ललितपुर।** आम आदमी पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक कचहरी प्रांगण में जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड. की अध्यक्षता में संपन्न हुयी। बैठक में ग्रामीण क्षेत्र में गठबंधन प्रत्याशी के समर्थन में व्यापक जनसम्पर्क कर कई सक्रिय लोगों को पार्टी की सदस्यता प्रदान की गयी। सदस्यता की शपथ भी दिलायी गयी। इस दौरान पार्टी जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड., महासचिव अनूप ताम्रकार, लोकसभा प्रभारी हजारीलाल राजपूत, यूथ मण्डल अध्यक्ष सचिन यादव मौजूद रहे। आम आदमी पार्टी में शामिल होने वालों में दीपक कुमार अहिरवार, प्रदीप कुमार अहिरवार, अजय कुमार अहिरवार, नन्दलाल अहिरवार, कृष्णपाल राजपूत, सन्नी अहिरवार, विक्की अहिरवार, विवेक अहिरवार, जगपाल सहरिया, जमुना सहरिया आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### विधवा की जमीन पर दबंगों ने किया जबरन अवैध कब्जा

#### महिला ने दबंगों पर गांव से भगाने और जान से मारने की धमकी देने का लगाया आरोप

ललितपुर। गांव में रहने वाले दबंगों ने जमीन-जायदाद छोड़कर भाग जाने की धमकी देते हुये महिला व उसके परिजनों से मारपीट कर दी। इतना ही नहीं मामले में महिला का आरोप है कि उसकी जमीन पर दबंगों ने जबरन अवैध कब्जा भी कर लिया है। अब पीड़िता ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की गुहार लगायी है। मामले में डीएम के आदेश पर जखौरा थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। थाना जखौरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम बरौदा स्वामी में रहने वाली रसरानी पत्नी स्व.रामस्वरूप ने बताया कि विगत कई वर्षों से हरीकिशन, प्रभु व सत्येन्द्र पुत्रगण हरीकिशन उसे परेशान करते आ रहे हैं। आरोप है कि आये दिन गाली-गलौज करते हुये मारपीट पर आमादा हो जाते हैं और जमीन सम्पत्ति छोड़कर गांव से भाग जाने की धमकी देते हुये जान से मारने की धमकी भी दी जाती है। महिला ने बताया कि विगत 30 अप्रैल को सुबह करीब 7 बजे उक्त लोगों ने आराजी संख्या- 642 पर वारी कर ली। सूचना मिलने पर जब वह मौके पर पहुंची तो उक्त लोगों ने गालियां देते हुये धक्का दे दिया, जिससे वह जमीन पर गिर पड़ी। महिला ने बताया कि उसकी जमीन पर अवैध तरीके से कब्जा करते हुये उसे जान से मारने की बार-बार धमकी दी जा रही है।

### लाइट का तार देख रहे व्यक्ति पर जानलेवा हमला

#### जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर लाठियों से पीटने का आरोप

ललितपुर। थाना जखौरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम मनगुवां निवासी सावित्री पत्नी भूपेन्द्र अहिरवार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि विगत तीस अप्रैल को रात करीब 8 बजे जब वह अपने घर पर थी। बताया कि अचानक लाइट चले जाने के कारण उसके पति भूपेन्द्र पुत्र हरजू घर के बाहर लाइट का तार देख रहे थे। इसी बीच गांव में रहने वाले रामदेव, सुखदेव पुत्रगण जागेश्वर पंडित और जागेश्वर पुत्र गोरेलाल एकराय होकर आये और बिना कारण उसके पति को गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर जब वह अपने पति को बचाने पहुंची तो उक्त लोगों द्वारा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये अपमानित करते हुये जान से मारकर फेंक देने की धमकी दी। हमले में घायल भूपेन्द्र को उपचार के लिए 108 एम्ब्युलेंस की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। वहीं डायल 112 पर सूचना करने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ धारा 323, 504, 506 व एस.सी.एस.टी. एक्ट की धारा 3 (1) (द), 3 (1)(घ) व 3 (2)(व्ही.ए.) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

ललितपुर। थाना पाली क्षेत्रांतर्गत रहने वाली एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 29 अप्रैल को जब वह पत्नी के साथ मजदूरी करने के लिए गया हुआ था कि तभी गांव में रहने वाला गुल्ले पुत्र पप्पू बरार उसकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। बताया कि काफी खोजबीन के बाद भी उसकी पुत्री की कोई जानकारी नहीं हो सकी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर गुल्ले बरार के खिलाफ धारा 363 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### नेहरू नगर में वृद्ध महिला से मारपीट कर लूटपाट

ललितपुर। कोतवाली सदर अंतर्गत मोहल्ला नेहरू नगर में गुरुवार की रात घर का राशन लेने निकली महिला के साथ दबंग युवक ने मारपीट कर उसके दो हजार रुपए व सोने के फूल व चांदी की चूड़ी छीन कर भाग निकला। गम्भीर रूप से घायल महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महिला के पुत्र ने कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस को प्रार्थना पत्र सौंपा।

# मोहल्ला सिद्धनपुरा में खराब पड़ा हैण्डपम्प



ललितपुर। शहर के मोहल्ला सिद्धनपुरा वार्ड नम्बर 1 में टोरिया मन्दिर के आस पास का सम्पूर्ण क्षेत्र पेयजल की समस्या से जूझ रहा है। नेहरू नगर में पानी की टंकी बनने के बाबजूद इन क्षेत्रों की लगभग 2 हजार की आबादी पेयजल समस्या से परेशान हैं। मोहल्ले में कई हैण्डपम्प खराब पड़े हुये है मुन्ना शुक्ला के घर के पास लगभग 3 माह से हैण्डपम्प खराब पड़ा हुआ है, टावर वाली गली में डाक्टर बंगाली के घर के पास हैण्ड पम्प खराब पड़ा हुआ है, पूर्व पार्षद रामवती रजक के घर के पास वाले हैण्डपम्प के सारे पाइप खराब हो गये है और हैडपम्प को दस मिनट तक चलाने के बाद पानी निकल रहा है। जब से नेहरू नगर में बनी पानी की टंकी की टेस्टिंग चालू हुई है तब से इन गलियों में पानी नहीं पहुंच रहा है।

सिद्धनपुरा वार्ड नम्बर 1 में टोरिया मन्दिर के पास पूर्व पार्षद रामवती रजक वाली गली में, टोरिया मन्दिर के सामने वाली गली में, टोरिया मन्दिर के सामने शीतला माता मन्दिर के आसपास की तीन गलियां, मुन्ना महाराज वाली सम्पूर्ण गली में,ढिमरोला मोहल्ले का सम्पूर्ण क्षेत्र, टावर वाली गली में, बालाजी स्कूल वाली गली में, डाक्टर तोमर साहब के सामने वाली गली में, मनीष यादव वाली गली में, बृजेन्द्र यादव वाली गली में, निर्देश कान्वेंट स्कूल के पीछे की गलियों में भी पानी नहीं पहुंच रहा है कई गलियों को तो पानी की पाइप लाइन से जोड़ा नही गया है इस सम्बन्ध में टोरिया मन्दिर के पास रहने वाले निवासियों ने कई बार ठेकेदार से कहा कि इन गलियों में पानी नहीं पहुंच रहा है लेकिन ठेकेदार ने मोहल्लेवासियों की पानी की समस्या को गम्भीरता से नहीं लिया फिर इस सम्बन्ध में मोहल्ला निवासी मथुरा प्रसाद शर्मा ने एक लिखित प्रार्थना पत्र दिनांक 25 अप्रैल को जिलाधिकारी महोदय जी को दिया लेकिन अभी तक न ही इन गलियों की जांच हुई और न ही इन गलियों को पाइप लाइन से जोड़ा गया जिससे इन गलियों में पानी नही पहुंचा पा रहा है मोहल्लेवासियों ने एक बार फिर से जिलाधिकारी का ध्यान इन गलियों की ओर आकर्षित कराते हुये कहा कि जल्द से जल्द इन गलियों का निरीक्षण किया जाये और इन गलियों को पाइप लाइन से जुड़वा जाये जिससे इन गलियों के पाइप लाइन वाले नलो में पानी पहुंच सके इन गलियों के निवासियों को हैण्डपम्प से पानी भरने के लिये रोजाना चिलचिलाती धूप में भारी पसीना बहाना पड़ रहा है।

3 मई विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस विशेष

# स्वतंत्र प्रेस लोकतंत्र की प्राणवायु है : प्रो.भगवत नारायण शर्मा



ललितपुर। प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रो.भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि परतंत्र भारत में सिर्फ प्रिंट मीडिया के नाम पर अखबारों का ही चलन था। आज इन्टरनेट की संचार क्रांति के विस्फोट से इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के जुड़ जाने से सामान्य पत्रकारिता व्यापक अर्थ में सशक्त मीडिया कहलाने लगी है। शुरुआत से ही पत्रकारिता के अग्निपथ पर चलना बड़ा कठिन रहा है। सन् 1907 में उर्दू साप्ताहिक स्वराज्य चालू हुआ और 1910 तक आते आते बंद हो गया। क्योंकि इस अखबार के 8 सम्पादकों को कुल मिलाकर 125 वर्षों की सजा हुई। अखबार बंद होने से पूर्व सम्पादक के विज्ञापनों की शर्त थी दो सूखी रोटियाँ और एक गिलास सादा पानी। सम्पादकीय लेख पर 10 वर्ष की सजा भी मिलेगी। तब पत्रकारिता का लक्ष्य जनता को अन्याय उत्पीडन् से छुटकारा दिलाकर देश को जल्दी से जल्दी आजाद कराने का था। परन्तु आज 24 घंटे चलने वाले खबरिया चैनलों तथा औद्योगिक उत्पादों के विज्ञापनों से प्राप्त भारी टीआरपी एवं दैनिक समाचार पत्रों की जन जन तक पहुँच होने के कारण मीडिया दिन दूनी रात चौगुनी रफ्तार से शक्तिशाली होता जा रहा है। हमारी आँखों के सामने घटित हो रहे घटनाक्रम की, अखबार एक ऐसी इतिहास शीट है, जो जीवित व्यक्तियों की हंसी-खुशी और रंजोगम के आँसुओं, पसीने और खून से जल्दी में, रोज सवेरे और देर रात तक, कलम के योद्धाओं द्वारा, बिना एक सेकेण्ड का समय गंवाये लिखी जाती है। होली-दिवाली की छुट्टी की अनुपस्थिति में भी पाठक सिहर उठते हैं। संसार में सबसे आसान काम है, बुरे को अच्छा कहना और अच्छे को बुरा कहना। परंतु सच को सच कहना और झूठ को झूठ कहना, लोहे के चने चबाना है।

# गौवंश को पेयजल के लिए गौपुत्र सेना ने रखवायीं टंकियां




ललितपुर। विगत कई वर्षों से जिले में घायल व बीमार गौवंश की सेवा के लिए तत्पर गौपुत्र सेना ने प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी भीषण गर्मी से गौवंश को बचाने और गौवंश को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कई जगहों पर पानी की टंकियां रखवायी हैं। ताकि चिलचिलाती गर्मी में बेजुबानों व गौ माता को प्यास से निजात दिलाने हेतु घरों एवं सार्वजनिक स्थानों पर पानी की टंकिया पानी के हौज गौ पुत्र सेना ललितपुर संगठन की ओर से नगर में रखी जा रही है। गौपुत्र सेना के मनीष दुबे ने बताया कि जो कोई भी अपने घर या शॉप के सामने गौवंश को पीने के लिए पानी की टंकियां रखवाना चाहता है, उसे पानी की टंकी में 24 घंटे उसमे साफ पानी भरकर जरूर रखना है। अगर आपको चाहिए तो आप गौ पुत्र सेना ललितपुर के कोई भी सदस्य गौ सेवक को आपका नाम पता मोबाइल नंबर बताएं, जिससे लोगों के घर तक टंकी भेजी जायेगी।

# शहर के साथ ग्रामीण छात्रों को भी मिलेगा मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग का लाभ : डीएम

## जनपद स्तरीय अधिकारी करेंगे मोटिवेट, छात्रों को मिलेगी प्रेरणा



**ललितपुर।** वर्ष 2024-25 में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के संचालन हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने आज सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिला स्तर के साथ ग्राम स्तर पर भी कोचिंग के संचालन हेतु इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जाए, ताकि ग्रामीण छात्र भी प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग ले सकें।

उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिये कि जनपद में संचालित पंजीकृत कोचिंग सेन्टरों एवं उनमें संचालित बैच की लिस्ट तैयार करें तथा 10 सबसे अच्छे कोचिंग संचालकों को बुलाकर मीटिंग करें और उनके सुझाव लें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जनपद के अधिकारी भी अभ्युदय कोचिंग के छात्रों को मोटिवेशनल लैक्चर प्रदान करें ताकि उन्हें आपके अनुभव से प्रेरणा मिल सके।

अभ्युदय कोचिंग के संचालन में समाज कल्याण विभाग की अहम भूमिका है, इस हेतु पूरी गंभीरता के साथ इस कार्य को करें। अन्य जनपद या जनपद के बाहर से भी सबसे अच्छे कोचिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने वाले कॉन्ट्रेक्टर से सम्पर्क कर कोटेशन प्राप्त कर लें। जिलाधिकारी ने जनपद के कोचिंग संचालकों से भी अपील की कि वे भी इस कार्य में आगे आकर जिला प्रशासन का सहयोग करें ताकि यहां के छात्रों को इसका लाभ मिल सके। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2023-24 में जनपद में संचालित अभ्युदय कोचिंग में एनडीए/सीडीएस, सिविल सेवा, आईआईटी-जेईई, नीट यूजी के बैच कराये गए थे, जिसमें एक छात्र का चयन आईआईटी-जेईई मेन्स हेतु हुआ है, जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि उस छात्र को मेन्स परीक्षा की तैयारी के लिए जिन संसाधनों की आवश्यकता है, वे उपलब्ध कराये जायें।

यह भी अवगत कराया गया कि जनपद में छात्रों की मांग के अनुक्रम में सीयूईटी हेतु भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके साथ एक दिवसीय परीक्षाओं-एसएससी, रेलवे, यूपीएसएसएससी, लेखपाल, पुलिस, बैंक एवं पैट की परीक्षाओं का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

स्नातक अंतिम वर्ष अथवा स्नातक एवं परास्नातक उत्तीर्ण छात्रों को यूपीएससी के अतिरिक्त सीटीईटी/टीईटी का प्रशिक्षण दिया जाएगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि/रा अंकुर श्रीवास्तव, सीडीओ कमलाकांत पाण्डेय, समाज कल्याण अधिकारी संजय कुमार श्रीवास्तव, एडी सूचना सुरजीत सिंह एवं अन्य सम्बंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कमिश्नर व डीआईजी ने देखी विभिन्न मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाएं

## जिला प्रशासन के प्रयासों की सराहना, व्यवस्थाओं से संतुष्ट दिखे कमिश्नर



ललितपुर। जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु मण्डलायुक्त झांसी मण्डल विमल कुमार दुबे, डीआईजी कलानिधि नैथानी द्वारा मतदान केन्द्रों पर मौजूद भौतिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल अमरपुर मण्डी को भी देखा। इस अवसर पर जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। स्थलीय निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त ने मतदान केन्द्र जीजीआईसी, जीआईसी, उच्च प्राथमिक विद्यालय सिविल लाईन कम्पोजिट, नगर संसाधन केन्द्र, इंग्लिस मीडियम प्राईमरी स्कूल बैरवारा एवं पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल स्थल अमरपुर मण्डी को देखा।

मण्लायुक्त ने केन्द्रों का अवलोकन कर मूलभूत व्यवस्थाओं का जायजा लेकर निर्देश दिये कि गर्मी के मौसम को देखते हुए मतदान के दिन 20 मई को केन्द्रों पर पर्याप्त पानी के मटके, शेड-छायादार स्थान, महिलाओं को बैठने का स्थान, किचिन, शौचालय एवं कक्षों में पर्याप्त प्रकाश व्यवथा, रैम्प आदि के साथ वैकल्पिक व्यवस्था भी सुनिश्चित करायी जायें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में पूर्व की भांति रिकॉर्ड मतदान हेतु प्रत्येक स्तर पर प्रयास किये जायें, मतदाताओं को जागरुक करने के लिए जागरुकता कार्यक्रम, रैलियां, नुक्कड़ नाटक आदि कराये जायें, ग्रामों में बुलउवा टोलियों के माध्यम से घर-घर जाकर मतदाताओं से संवाद किया जाए।

इसके उपरान्त उन्होंने केन्द्रीय पुलिस बल के जवानों के ठहरने हेतु रॉयल अकेडमी एवं पनारी स्थित महाविद्यालय को भी देखा, उन्होंने निर्देश दिये कि विद्यालयों में उपलब्ध संसाधनों को दुरुस्त कराया जाए, फोर्स के ठहरने के लिए उचित प्रबंध सुनिश्चित कराये जायें। उन्होंने पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल अमरपुर मण्डी का निरीक्षण कर निर्देश दिये मतगणना के दिन मण्डी में पर्याप्त पानी के टैंकर एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु बैरिकेटिंग लगायी जायें।

पार्टी रवानगी हेतु वाहन पार्किंग व्यवस्था सुदृढ़ रखी जाए, पार्टी रवानगी के दौरान कोई अव्यवस्था न हो, सभी कर्मचारी निर्धारित वाहन में ही जायें। उन्होंने निर्देश दिये कि अधिकारी क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर अराजक तत्वों पर बारीक नजर रखें, जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था का जायजा लेते रहें। निरीक्षण दौरान एडीएम वि/रा अंकुर श्रीवास्तव, एएसपी अनिल कुमार, एसडीएम चन्द्रभूषण प्रताप, एसडीएम श्रीराम यादव, क्षेत्राधिकारी सदर अभयनारायण राय, एडी सूचना सुरजीत सिंह, ए.ई. लो.नि.वि. इंजी.नवनीत सिंह सहित सम्बंधित मतदान केन्द्रों/विद्यालयों के प्रधानाचार्य सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## यात्रीकर अधिकारी ने वाहनों की जांच की



**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश शासन में मुख्य सचिव के आदेश द्वारा वर्ष 2024-25 में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का संचालन 22 अप्रैल से 04 मई 2024 तक किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को यात्रीकर अधिकारी लिली चौधरी द्वारा व्यवसायिक वाहनों में चालक के परिवार की फैमिली फोटो को ड्राइवर सीट के सामने लगाने की कार्यवाही की गयी। ताकि वाहन चालक वाहन चलाते समय परिवार से भावनात्मक लगाव महसूस करते हुये किसी भी लापरवाही से बचें तथा सावधानी पूर्वक वाहन चलाते हुये दुर्घटनाओं से सुरक्षित रह सके, तदोपरान्त प्रवर्तन कार्यवाही करते हुये दो पहिया वाहन चलाते समय हेल्मेट का प्रयोग न करने एवं चार पहिया वाहन का संचालन करते समय सीटबेल्ट का प्रयोग न करने के अभियोग 32 चालान, एवं व्यवसायिक वाहन का अवैध संचालन करने पर 3 चालान किये गये एवं 1 वाहन को थाने में निरुद्ध किया गया।

# कैंसर जैसी बीमारी से लंम्बे समय से लड़ते–लड़ते ली अंन्तिम सांस डॉक्टर प्रमोद यादव

## जाने-माने समाजसेवी समाज में मिलजुल कर रहने वाले सरल स्वभाव के धनी थे

**रिपोर्टर मनीष चौरसिया**

ललितपुर बानपुर क्षेत्र के जाने–माने समाजसेवी कोरोना काल जैसे समय में दी सेवाये जहां एक और बड़े–बड़े डॉक्टर लोगों को छू भी नहीं रहे थे और लोगों को



घर से निकलना भी कोई मुसीबत से कम नहीं था उस समय अपने अनुभव के तौर पर प्रैक्टिस कर रहे डॉक्टर प्रमोद यादव ने क्षेत्र में लोगों को सेवाएं दी रहे चर्चा का विषय। इनका काफी लंम्बे समय से चल रहा था इलाज लेकिन लोगों से नहीं बनाई दूरियां। सभी से मिलते जुलते रहे और सभी के काम आते रहे। लोगों को नियंत्रण अपनी सेवाएं देते रहे। कुछ दिनों से हालत में सुधार नहीं होने के कारण मजबूर होना पड़ा। इलाज नियंत्रण जारी रहा। जवाहर हॉस्पिटल और टाटा हॉस्पिटल मुंबई जैसी बड़ी–बड़ी अस्पतालों में करा चुके इलाज। हालत में नहीं आया सुधार कैंसर की बीमारी से लड़ने के बाद आखिर अंतिम सांस लेने के लिए मजबूर हो गए और दिनांक 2/5/2024 को अंतिम सांस ले ली। प्रमोद यादव पिता मुन्ना लाल यादव निवासी अगयाना मुहल्ला बानपुर के निवासी तीन भाई में सबसे छोटे थे उनकी उम्र करीब 45 वर्ष की थी। इनकी दो लड़की है एक की शादी हो चुकी है। और एक लड़की जिसकी उम्र 20 वर्ष और एक लड़का है जिसकी उम्र 18 वर्ष बताई जा रही है।

# अपने जीवन में लोगों को रक्तदान जैसे पुण्य काम करते रहना चाहिए रक्तदान किए जाने से कई जिंदगियां को बचाया जा सकता है : दीपक राठौर

ललितपुर। रक्तदान श्रेष्ठदान व श्रेष्ठ कर्म है और प्रत्येक इंसान को इंसानियत की खातिर अपने जीवन में रक्तदान अवश्य करना चाहिए। इंसान द्वारा दान किया गया रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति के प्राणों की रक्षा करता है और इससे ज्यादा सुकून की बात किसी रक्तदाता के लिए नहीं हो सकती। इसी क्रम में जय अम्बे रक्तदान समिति ललितपुर (रजि.) द्वारा जिला चिकित्सालय में भर्ती 15 वर्षीय





कुमारी छाया जिसे डॉक्टर ने रक्त की कमी बताई बच्ची के पिता और परिजन पहले ही अपनी बच्ची को ब्लड दे चुके थे और आज डॉक्टर ने पुन: एक यूनिट ब्लड के लिए बच्ची के पिता से कहा। लेकिन अब बच्ची के परिवार में कोई भी ब्लड देने वाला नहीं था जिससे कि वह काफी परेशान और चिंतित हो रहे थे जब बच्चे के पिता ने समिति के वरिष्ठ सदस्य से संपर्क किया तो उन्होंने बच्ची को तुरंत ब्लड उपलब्ध कराया और अपने साथी दीपक सुनेजा जी से संपर्क किया और संपर्क करने की तुरंत ही ब्लड बैंक पहुंचकर कुमारी छाया के लिए रक्तदान करके मानवता की मिसाल पेश की। रक्तदान करने के बाद दीपक सुनेजा ने कहा कि किसी जरूरतमंद के लिए रक्तदान करना बड़ा ही सौभाग्य की बात है क्योंकि हमारे द्वारा किए गए रक्तदान से किसी की जिंदगी बचाई जा सकती है इसलिए जब मौका मिले तो रक्तदान आवश्यक करें। और कहा की रक्तदान करने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है हमारे शरीर में नया खून बनता है।

# अटा मंदिर के पास जैन समाज ने किया अस्थाई प्याऊ का शुभारम्भ

ललितपुर। दिगम्बर जैन समाज पंचायत समिति के तत्वावधान में भगवान मुनिसुव्रतनाथ के जन्म एवं तप कल्याणक के पुनीत अवसर पर नगर के सावरकर चौक स्थित श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अटामंदिर पर अस्थायी निशुल्क प्याउ का शुभारम्भ किया। मंदिर के मुख्य द्वार पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल एवं एसडीएम/प्रभारी ईओ राघवेन्द्र शर्मा ने भगवान महावीर के चित्र के सम्मुख संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर जरूरतमंदों को ठंडा शुद्ध पानी पिलाकर इस पुनीत कार्य को जनहितैषी बताया। इस दौरान डा.अक्षय टडैया, अनिल जैन, सनत जैन, राजकुमार जैन, अजय जैन, मनोज जैन, मोदी पंकज जैन, अजय जैन साइकिल, मीडिया प्रभारी अक्षय अलया, सतीश नजा, संजीव जैन, अमित जैन, सजल, देवेन्द्र जैन, नरेन्द्र जैन, मनोज नजा आदि मौजूद रहे। अंत में आकाश जैन ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए दिगम्बर जैन पंचायत समिति सार्वजनिक स्थानों पर प्याउ लगाएगी, जिसके अन्तर्गत 7 मई को अभिनंदनोदय तीर्थ क्षेत्रपाल मंदिर के मुख्यद्वार पर प्याऊ का शुभारम्भ किया जाएगा।

# वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने हेतु जागरूकता अभियानो ने पकड़ी गति




झांसी। जैसे–जैसे 20 मई मतदान दिवस नजदीक आ रहा है वैसे–वैसे मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों ने गति पकड़ ली है। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अविनाश कुमार के कुशल नेतृत्व में चल रहे मतदाता जागरूकता अभियान के क्रम में आज वरिष्ठ अग्नि सचेतक सुश्री प्रगति शर्मा द्वारा शिवपुरी रोड स्थित मां पीतांबरा आईटीआई संस्थान के पहली बार वोट कर रहे युवा मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया समझाते हुए शत प्रतिशत मतदान हेतु शपथ दिलाई, तत्पश्चात बुंदेलखंड महाविद्यालय के सभाकक्ष में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो एसके राय की अध्यक्षता में उपस्थित नैक के सदस्यों व समस्त प्रवक्ता गणो को प्रगति शर्मा द्वारा 20 मई को स्वयं के साथ–साथ अन्य को भी मतदान करने की अपील करते हुए शपथ दिलाई गई।

# पहलवान गुरुदीन महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के संयुक्त तत्वाधान में मतदाता जागरूकता 'क्विज प्रतियोगिता' का हुआ आयोजन



ललितपुर। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद नैक द्वारा मूल्यांकित संस्थान पहलवान गुरुदीन स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को स्वीप योजना और सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के संयुक्त तत्वाधान में मतदाता जागरूकता/सड़क सुरक्षा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मतदाता क्विज एवं सड़क सुरक्षा क्विज में एनएसएस उन्नत भारत के वॉलिंटियर्स एवं अन्य पाठ्यक्रमों में अध्यनरत छात्राओं ने प्रतिभाग किया। मतदाता जागरूकता क्विज प्रतियोगिता में मुस्कान बीए द्वितीय सेमेस्टर प्रथम स्थान, रचना बीए द्वितीय सेमेस्टर द्वितीय स्थान काजल बीए चतुर्थ सेमेस्टर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

सड़क सुरक्षा क्विज प्रतियोगिता में रवीना बीए चतुर्थ सेमेस्टर प्रथम स्थान, पूजा झा बीए षष्ठम सेमेस्टर द्वितीय स्थान, अंतिम बीए षष्ठम सेमेस्टर तृतीय स्थान प्राप्त किया महाविद्यालय की डायरेक्टर डॉ. सौरव यादव ने अपने वक्तव्य में कहा कि हर भारतीय को मतदान करने के अधिकार पर गर्व होना चाहिए मतदान भविष्य का विधाता होता है। युवा मतदाताओं छात्राओं को युवा पीढ़ियों को मतदान के लिए जागरूक करना चाहिए। प्रबंध निर्देशिका डॉ पूजा यादव

ने कहा कि एक जिम्मेदार मतदाता ही सभी में जागरूकता ला सकता है। हमें वोट डालने का अधिकार है इसका हमें उपयोग करना चाहिए। मतदान के प्रतिशत को बढ़ाना भी हमारी एक बड़ी जिम्मेदारी है जिससे लोकतंत्र को और मजबूत बनाया जा सके। आगे सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी देते हुए कहां कि ज्यादातर मामलों में दुर्घटनाएं या तो लापरवाही के कारण होती हैं या सड़क उपयोगकर्ता की सड़क सुरक्षा जागरूकता की कमी के कारण होती हैं। इसलिए, सड़क सुरक्षा शिक्षा जीवित रहने के किसी भी अन्य बुनियादी कौशल की तरह ही आवश्यक है महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सूफिया ने छात्राओं को बताया कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। यहां मतदान प्रक्रिया से सरकार चुनी जाती है। उन्होंने युवा छात्रा मतदाताओं से अपील की है कि वह बिना किसी भय, लालच के अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। इससे एक विकसित देश का सपना साकार हो सके।

कार्यक्रम के दौरान एनसीसी कैप्टन डॉ वंदना याज्ञिक, असि0प्रो0 प्रकाश खरे,असि0प्रो0 प्रीति शुक्ला,डी एल एड विभाग अध्यक्ष डॉ अलका यादव, नैक कोऑर्डिनेटर विशाल कनौजिया, एन एसएस द्वितीय इकाई कार्यक्रम अधिकारी असि0प्रो0 साधना नागल,असि0 प्रो0 रंजना श्रीवास्तव,असि0प्रो0 रत्ना याज्ञिक, असि0प्रो0 सुषमा पटेल, असि0प्रो0 नेहा याज्ञिक,पूजा सिंह, श्रीमती रजनी यादव, श्रीमती गेंदा, मालती राज, नेहा अहिरवार, राघवेंद्र सिंह, जगत झा, मुस्ताक खान, मुजफ्फर अली, रामसहाय, सचिन पटेल, सचिन यादव, बिमला, परमानंद एवं वर्षा उपस्थित रही।

# पक्षियों का संरक्षण करके प्रकृति को बनायें खुशहाल



(ललितपुर)गर्मी के मौसम में पशु और पक्षी दोनों ही प्यास से व्याकुल हो उठते हैं। उन बेसहारा पशु–पक्षियों का सहारा बच्चे बन रहे हैं। बच्चों को बताया गया कि गर्मियों में घर या बाग– बगीचे में पक्षियों को दाना–पानी जरूर रखें जिससे प्यास के कारण पक्षियों के कंठ न सूख पायें। करुणा इंटरनेशनल से जागरूक होकर बच्चे पक्षियों के संरक्षण को आगे आकर गौरैया घौंसला लगाकर व जलपात्रों को रखकर उनका संरक्षण कर रहे हैं।संजय झां ने बताया कि उसने बगीचे में गौरैया घौंसला लगाया है जिसमें गौरैया आकर बसेरा करने लगी है।मैं उसको प्रतिदिन दाना व पानी रख रहा हूं,जिससे नन्हीं गौरैया भूखी व प्यासी न रहे।आनंद यादव ने बताया कि घर की छत पर जलपात्रों को रखा है जिससे गौरैया के अलावा तोता,गिलहरी,कौआ छत पर आकर पानी को पीकर प्यास को बुझाये।हरिशंकर कुशवाहा बताते हैं कि मैंने घर के पास में बने बगीचे में गौरैया घौंसलें लगाकर जलपात्रों को भी रखा है जिसमें पक्षी आकर पानी पीते हैं उनकी आवाज बहुत ही मनमोहक लगती है। मेरे घर में तीन तोता भी हैं।जिनका मैं संरक्षण कर रहा हूँ।

करुणा इंटरनेशनल संस्था जीवदया को समर्पित है।संस्था से जुडकर बच्चे करूणा व जीवदया के कार्यों को सीखते हैं।करुणा इंटरनेशनल के संयोजक पुष्पेंद्र जैन बताते हैं कि भारतीय जीवजंतु कल्याण बोर्ड से मान्य संस्था करुणा इंटरनेशनल चेन्नई का मुख्य उद्देश्य बच्चों में मानवीय गुणों का विकास करना है और बच्चों के मन में जीवदया व करुणा की भावना को जागृत करना है।जिससे बच्चे करूणावान बनें।

# मंत्रोच्चार के साथ फीता काट कर भाजपा कार्यालय का शुभारंभ, बांटी मिठाई

## कार्यकर्तायो ने भरी हुंकार ,400 पार के लगे नारे

मड़ावरा।ज्यो ज्यो चुनावी मतदान का समय नजदीक आ रहा त्यों त्यों पार्टी के कद्दावर नेता से लेकर बूथ स्तर के पदाधिकारी अपने प्रत्याशी को विजय श्री दिलाने के लिये जीजान से लगकर मतदाताओं से अपने पक्ष में वोट डालने की अपील कर रहे हैं।वृहस्पतिवार को तहसील मुख्यालय मड़ावरा ललितपुर रोड देव श्री भोजनालय के बगल में भाजपा के वरिष्ठ नेता श्रीराम पटैरिया दादा एवं पूर्व डीसीबी अध्यक्ष अशोक कुमार रावत द्वारा दर्जनों कार्यकर्तायों के बीच मंत्रोच्चार के साथ



भाजपा कार्यालय का फीता काट कर शुभारंभ किया गया।दर्जनों कार्यकर्तायो द्वारा के बीच मिठाई बाँटकर 400 पार के नारे लगाकर टोली क्षेत्र में रवाना हुई।और गाँव क्षेत्र में जाकर सरकार की योजनाओं का बखान कर झाँसी ललितपुर लोकसभा प्रत्याशी प अनुराग शर्मा को विनयी श्री दिलाने के लिये जुट गये।इस दौरान वरिष्ठ नेता श्रीराम पटैरिया पूर्व डीसीबी अध्यक्ष पं अशोक कुमार रावत मण्डल अध्यक्ष सूरज चौधरी जिला पंचायत सदस्य बीरसिंह रजऊ राजा बुंदेला ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि टिकी रावत मंत्री प्रतिनिधि उपाध्यक्ष कैलाश साहू उपाध्यक्ष नारायण सिंह सेंगर प्रभुदयाल गन्धर्व पंडित रामबाबू तिवारी विक्रम बजाज महामंत्री अंशुल श्रीवास्तव सुमत मोदी हनुमत सिंह तोमर प्रधान विश्वनाथ अवस्थी मनोज खटीक डॉ शिवकरन सिंह तोमर मोर्चा अध्यक्ष अमित भंडारी मुकेश पाल विशाल गन्धर्व सेक्टर अध्यक्ष बीरेंद्र सिंह गौर वहीद खान जगत नारायण कुशवाहा लखन तिवारी राकेश तिवारी कमलेश पटेल गल्ला मंडी अध्यक्ष राजेंद्र दददी जैन सुरेंद्र जैन सीताराम परिहार धबा अरविंद लोधी चाँदनी कोरी अनारी दयानंद दीपू तिवारी राघवेंद्र सदर समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शिक्षकों ने समस्याओं को लेकर बीईओ बिरधा को सौंपा ज्ञापन



(ललितपुर) उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ललितपुर (सम्बद्ध-अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ नई दिल्ली) अन्तर्गत ब्लॉक इकाई बिरधा के ब्लॉक अध्यक्ष विनय ताम्रकार के नेतृत्व नगर संसाधन केंद्र ललितपुर में खण्ड शिक्षा अधिकारी बिरधा गौरव शुक्ला से शिष्टाचार मुलाकात की। ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में ब्लॉक कार्यकारिणी ने शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण के लिये एक ज्ञापन बीईओ को सौंपा।ज्ञापन सौंपते हुए ब्लॉक अध्यक्ष विनय ताम्रकार ने बताया कि प्रेरणा पोर्टल पर ऑनलाइन बच्चों की उपस्थिति एवं स्व्रूरू की नियमित उपस्थिति को भरने में आने वाली व्यवहारिक और नीतिगत समस्याओं का निराकरण नहीं हो जाता तब तक शिक्षकों को बच्चों की ऑनलाइन उपस्थिति भरने के लिए बाध्य न किया जाये। और न ही किसी शिक्षक पर ऑनलाइन उपस्थिति न देने पर कार्यवाही की संस्तुति की जाये।प्रत्येक विद्यालय को स्व्रूरूकी रिपोर्ट के आधार पर खाद्यान्न और कन्वर्जन राशि उपलब्ध करायी जाये।पाठ् य पुस्तकें समय से विद्यालयों में पहुचाई जाए।

MDM खाते में प्रेषित धनराशि की जानकारी प्रत्येक विद्यालय को यह भी लिखित रूप से अवगत कराया जाये कि कुल प्रेषित धनराशि में से कितनी राशि कन्वर्जन एवं फल वितरण के लिये प्रेषित की गई है।

CCL, मेडिकल अवकाश, उपार्जित अवकाश शासनादेश के क्रम में निर्धारित समयावधि में निस्तारित किये जाये।एआरपी द्वारा विद्यालयों का अनुसमर्थन करने से पूर्व सम्बन्धित विद्यालय के प्रधानाध्यापक को समय से सूचित किया जाये।विद्यालयों के प्रांगण , शौचालय,मूत्रालय आदि की नियमित साफ-सफाई के लिए ग्राम में कार्यरत सफाई कर्मी द्वारा नियमित सफाई करने हेतु खण्ड विकास अधिकारी महोदय के माध्यम से स्पष्ट निर्देश निर्गत कराये जाये जिससे शिक्षकों को उक्त कार्य के लिये अप्रत्याशित स्थिति का सामना न करना पड़े।उक्त समस्याओं के निराकरण के सम्बन्ध में खण्ड शिक्षा अधिकारी महोदय ने शिक्षकों को अस्वस्त किया कि यथा सम्भव जल्द से जल्द ब्लॉक स्तरीय समस्याओं को निस्तारित कर दिया जायेगा।

# पहले मतदान फिर जलपान निकाली जागरूकता रैली ग्राम प्रधान प्रशांत कश्यप




माधौगढ जालौन विकासखंड कुठौंद की ग्राम पंचायत बावली में मतदाता जागरूकता अभियान के दौरान बच्चों ने रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया कि वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है ग्राम प्रधान बावाली प्रशांत कश्यप ने मतदाताओं को जागरुक करते हुए कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए सभी मतदाताओं को अपनी मताधिकार का उपयोग हर हाल में करना है आपके वोट से सरकार बनती है सरकार हम सबको विकास कानून आदि की रक्षा देती है सचिव जय सिंह यादव ने कहा कि सभी लोग अपने–अपने वोट की चोट से सरकार बनाएं आपका वोट अमूल है इसे आप लोकतंत्र के हित में जरूर उपयोग करें इस मौके पर शिक्षक मोहित कुमार देवेंद्र कुमार संजय रोजगार सेवक अनिल कुमार बाजपेई एवं समस्त स्टाफ ग्रामीणों के साथ स्कूली बच्चों की उपस्थित रहे।

# चलते ट्रक की लाइट बन्द होने से अनियंत्रित होकर पलटा भैंसों दे भरा ट्रक

**दैनिक सिद्धि सरकार से सादान की रिपोर्ट**
**जिला लखीमपुर खीरी**

उचौलिया खीरी। उचौलिया थाना क्षेत्र के मोहदियापुर गांव व चेप्सली स्कूल के पास एक भैंसों से भरा हुआ ट्रक जिसकी लाइट अचानक बन्द होने से वह अनियंत्रित होकर हाइवे किनारे खंती में पलट गया, हादसे में करीब 2 भैंसों की मौत व 14 सुरक्षित बचाये गए।

बीती रात करीब डेढ़ बजे के आस पास एक ट्रक जिसमे 16 भैंसे भरी हुई थी जिन्हें बस्ती जिले के नारायणपुर मंडी से खरीदकर बरेली में बेचने हेतु ले जा रहे थे, की इसी दौरान मोहदियापुर के आगे व चेप्सली स्कूल से पहले ट्रक की लाइट बन्द हो जाने के कारण ट्रक अनियंत्रित होकर हाइवे किनारे बनी खंती में पलट गया, जिस



दौरान ट्रक में ट्रक चालक समेत करीब 6 लोग व 16 भैंसे भरी हुई थी। जिसमे ट्रक चालक व एक व्यापारी घायल हो गए थे जिन्हें उपचार हेतु जनप्रति वेलफेयर फाउंडेशन व उचौलिया पुलिस ने फर्स्ट एड ट्रीटमेंट देने के बाद एम्बुलेंस के सहारे सीएचसी पसगवां भेज दिया उसके बाद पलटे ट्रक से अंदर बुरी तरह फँसव बेजुबानो को बाहर निकालने के रेस्क्यू किया। एक एक करके जनप्रति वेलफेयर फाउंडेशन, उचौलिया थाना पुलिस व मौजूद व्यापारियों ने मिलकर कड़ी मेहनत से करीब 2 घण्टो में ट्रक को काट काट कर उसमें फंसे भैंसों को निकाला, निकाले जाने तक 16 भैंसों में 2 भैंसों की मौत हो चुकी थी व शेष बची 14 भैंसों की रेस्क्यू कर कड़ी मेहनत से ट्रक से बाहर निकाला। इस सहायता हेतु रेस्क्यू में जनप्रति वेलफेयर फाउंडेशन की टीम से डॉ. संजीत सिंह सनी, मोहम्मद सोनू, जीतू भार्गव, उचौलिया थाने से दरोगा उदयभान यादव, सुरेश पाल, कांस्टेबल खिलेंद्र कुमार, दीवान नरेंद्र कुमार आदि व व्यापारी मौजूद रहे।

# महिला जैन मिलन ने की गौ सेवा और चौराहे पर दी पानी की टंकी

ललितपुर। भारतीय जैन मिलन के 59 वे स्थापना दिवस पर नगर में वढते तापमान पर जैन समाज ने मूक पशुओं एवं जरूरतमंदों के लिए पुण्य के कार्य शुरू किए इसी के अन्तर्गत भारतीय जैन मिलन अरिहंत शाखा ने नगर के वर्णी चौराहे स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय में पहुचकर बीमार पशुओं को औषधि, चारा पानी का प्रबंध कर सेवा की। चिकित्सालय एवं चौराहे पर पानी की टंकी रखवाई जिसके माध्यम से मूक पशु भीषण गर्मी में इधर उधर न भटक सकें। जैन मिलन की अध्यक्ष मधु खजुरिया ने बताया कि जैन मिलन का प्रयास है कि नगर के सभी चौराहों पर पानी की टंकी की व्यवस्था की जाए जिससे मूक पशुओं को पानी की व्यवस्था हो सके और कोई पशु प्यासा न रहे। इस मौके पर अध्यक्ष मधु खजुरिया, मीना जैन, किरण सतभैया, जयंती अलया, संध्या नायक, श्रद्धा जैन, सुधा जैन, छाया सिंघई, वीणा जैन, रेखा जैन, नम्रता जैन, अनीता जैन उमा किरण जैन आदि मौजूद रहे।

# अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध जिलाधिकारी की मुहिम

## जल संस्थान व एसबीआई सिटी ब्रान्च से हटा अतिक्रमण

ललितपुर। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के द्वारा सुबह भ्रमण के दौरान जनसंवाद कर आमजन की समस्याओं का निस्तारण कराया जा रहा है। साथ ही नगर में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाकर सड़कों व सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त कराया जा रहा है। उक्त के क्रम में 01 मई 2024 को जिलाधिकारी ने सुबह भ्रमण के दौरान जल संस्थान में बाउन्ड्रीवाल के पास अवैध रुप से रखे ईंट, मोरंग, बालू आदि को तत्काल हटाये जाने व स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया सिटी ब्रान्च के सामने लावारिस वाहन जो काफी दिनों से अतिक्रमण के रुप में रखा हुआ था, को तत्काल प्रभाव से हटाये जाने के निर्देश दिये गए थे। उक्त निर्देशों के क्रम में 02 मई 2024 को जल संस्थान से अवैध ईंट, मोरंग व बालू एवं एसबीआई सिटी ब्रान्च के सामने से लावारिस वाहन को हटा दिया गया है, जिससे आवागम सुचारु है। जिलाधिकारी ने कहा कि अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा, जनपदवासी जिला प्रशासन की मुहिम में सहयोग करें, अपने वाहन पार्किंग में ही खड़ा करें, ताकि आवागमन सुगम रहे।

# मतदाता जागरूकता रैली झांसी दुर्ग से निकाल 20 मई हेतु मतदान अवश्य करने का लिया संकल्प

झांसी। सनशाइन क्लब झांसी एवं स्किल्ड इंडिया सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में डॉ कृष्ण मोहन अग्रवाल की अध्यक्षता , क्लब के संस्थापक अशोक अग्रवाल काका के सानिध्य , अपर नगर आयुक्त मो.कमर के मुख्य आतिथ्य व क्लब के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद अग्रवाल के संयोजन में आज स्किल्ड इण्डिया सोसाइटी के डायरेक्टर नीरज सिंह , चेयरमैन ओम प्रकाश अग्रवाल गोयनका पब्लिक स्कूल , प्रबधक अभय अग्रवाल जवाहर पब्लिक , सतीश कुमार सिंह त्वढ्ढष्ट व उस्मान खान नेशनल हाफिज सिद्दीक के सहयोग से मतदाता जागरूकता रैली रानी लक्ष्मीबाई किले से आरम्भ हुयी।

किले पर सनशाइन क्लब झांसी के पदाधिकारियों व विद्यालयों के बच्चों द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत बैज अलंकरण कर किया तत्पश्चात मतदान क्यों आवश्यक है इस पर माननीय मुख्य अतिथि ने प्रकाश डालते हुए देश के लोकतन्त्र की मजबूती के लिए शत प्रतिशत मतदान की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा ये हम सबका मौलिक अधिकार भी है और कर्तव्य




भी। अपर नगर आयुक्त ने मतदाता जागरूकता रैली का शुभारंभ हरी झण्डी दिखा किया। रैली में क्लब व विद्यालय के बच्चों के साथ एन सी सी कैडेट्स व रोबर रेंजर्स के नारों पहले मतदान - फिर जलपान एवम बीस मई को वोट डालने जाना है - जाना है भई जाना है आदि से वातावरण गुंजायमान हो उठा। सुबह सुबह नवीन ऊर्जा व शक्ति से रैली में बच्चे बनो देश के भाग्य विधाता - जागो अब प्यारे मतदाता , सारे काम छोड़ो - सबसे पहले वोट दो आदि स्लोगन लिखी तख्तियों का प्रदर्शन देखते ही बन रहा था।

रैली गंगाधर राव मंच से होती हुई राजकीय संग्रहालय से होती हुई लक्ष्मीबाई पार्क में रानी की प्रतिमा तले पहुंची जहां पुनः अपने अभिभावकों , पड़ोसियों व मुहल्ले वालों को गर्मी से बचने व सुबह जल्दी उठकर घर मतदाताओं को गर्मी व भीड़ की लाइन से बचने हेतु प्रेरित करने की शपथ ग्रहण करायी गयी।

मतदाता जागरूकता रैली व संकल्प कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष संजय लिखधारी , कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र डालमिया , अजय अग्रवाल कार्ड पैलेस , देवेंद्र जड़िया , विशाल गुप्ता , गोपाल कुमार साहू , राकेश लोहिया , अजय राय , मनोज कुमार सोनी , दिनेश पाठक , माधुवेंद्र वर्मा , सुनील साहू , प्रियांसु श्रीवास्तव , पूजा ठाकुर , शिखा द्विवेदी , रितिका साहू , कपिल देव तिवारी , अब्दुल वहीद , अंशुल दुबे , सुहाना , आकांक्षा तिवारी , ताज मो. खान , मु. इमरान खान आदि ने सक्रिय सहभागिता की व कार्यक्रम को सफल बनाया। मतदाता जागरूकता रैली का संचालन गोयनका पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या पूजा मल्होत्रा ने व संकल्प शपथ उपरान्त समापन पर सभी के प्रति आभार मानव विकास संस्थान से सम्बद्ध अजय सिंह राठौर ने व्यक्त किया।

## झाँसी मंडल द्वारा माल लदान से आय अर्जन में अप्रैल माह में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन



झांसी। मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (फ्रेट) श्री नीरज भटनागर के नेतृत्व में वाणिज्य विभाग द्वारा अप्रैल माह में अब तक का आय अर्जन में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। मंडल दवारा माह अप्रैल 24 में 14229 वैगन के माध्यम से 08 लाख टन माल लदान करते हुए 84 करोड़ से अधिक रेल राजस्व अर्जित किया गया, जो की पिछले वित्तीय वर्ष माह अप्रैल में अर्जित 70 करोड़ से 20 प्रतिशत से अधिक रहा ।यह उपलब्धि और भी उल्लेखनीय हो जाती क्यूंकि मंडल को अप्रैल माह में 70 करोड़ की आय अर्जन का लक्ष्य दिया गया था, जिसके सापेक्ष में मंडल द्वारा 84 करोड़ से अधिक आय का अर्जन कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया गया है। उक्त आय अर्जन में विशेष योगदान क्रमशः पेट्रोलियम पदार्थ (24.64 करोड़,) खली (16.79 करोड़) तथा फ़ूड ग्रेन्स (14.56 करोड़) द्वारा दिया गया।

## वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने हेतु जागरूकता अभियानो ने पकड़ी गति




झांसी। जैसे-जैसे 20 मई मतदान दिवस नजदीक आ रहा है वैसे-वैसे मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों ने गति पकड़ ली है। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अविनाश कुमार के कुशल नेतृत्व में चल रहे मतदाता जागरूकता अभियान के क्रम में आज वरिष्ठ अग्नि सचेतक सुश्री प्रगति शर्मा द्वारा शिवपुरी रोड स्थित मां पीतांबरा आईटीआई संस्थान के पहली बार वोट कर रहे युवा मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया समझाते हुए शत प्रतिशत मतदान हेतु शपथ दिलाई, तत्पश्चात बुंदेलखंड महाविद्यालय के सभाकक्ष में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो एसके राय की अध्यक्षता में उपस्थित नैक के सदस्यों व समस्त प्रवक्ता गणो को प्रगति शर्मा द्वारा 20 मई को स्वयं के साथ-साथ अन्य को भी मतदान करने की अपील करते हुए शपथ दिलाई गई। उक्त अवसर पर अग्नि सचेतक दीपशिखा शर्मा ,डॉ बृजेश मिश्रा , डॉ ज्योति वर्मा, प्रोफेसर जितेंद्र तिवारी ,प्रो नूतन अग्रवाल , प्रो स्मिता जयसवाल, डॉ एल सी साहू,प्रो किशन, चंचल तथा पीतांबरा आईटीआई के प्राचार्य परमानंद वर्मा, तरूलिका सुद्दा, वीरेंद्र कुमार तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## उम्मीद रोशनी की संस्था द्वारा बिजौली एवं डडियापुरा बस्ती के नन्हे विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री की वितरित



झाँसी। उम्मीद रोशनी की समाजसेवी संस्था के माध्यम से बिजौली औद्योगिक क्षेत्र स्थित आदिवासी बस्ती में संचालित निःशुल्क पाठशाला एवं डडियापुरा स्थित पाठशाला में पढ़ने वाले बच्चो के मध्य शिक्षण सामग्री वितरित की एवं सभी बच्चों का दाखिला सरकारी विद्यालय में कराने हेतु बस्ती के निकट के विद्यालयों में प्रधानाचार्य से सम्पर्क स्थापित किया,किंतु बच्चों और उनके माता पिता का आधार कार्ड न होने के कारण उनका विद्यालय में दाखिला कराने में असुविधा उत्पन्न हो रही है,जिसके संदर्भ में आप सभी न्यूज़ पेपर्स के माध्यम से उच्चाधिकारियों से इस ओर ध्यान आकर्षित करने का अनुरोध किया । आपको बता दें कि संस्था पिछले कई सालों से इन बस्तियों में रहने वाले बच्चों को शिक्षित करने के लिए अध्यापकगण नियुक्त किए हैं, जिनके द्वारा इन बच्चों को शिक्षा के साथ साथ अन्य प्रतिभाओं में निखारने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं ।

## जीआरपी झाँसी/आरपीएफ टीमों द्वारा 01 अन्तर्राज्यीय गांजा तस्कर किया गिरफ्तार

### तस्कर के कब्जे से 26.050 कि0 ग्रा0 अवैध गांजा बरामद किया जिसकी अनुमानित कीमत करीब 06लाख 51 हजार रुपये

**झांसी।** अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे लखनऊ, जयनरायन सिंह के आदेशानुसार, पुलिस उपमहानिरीक्षक रेलवे लखनऊ, राकेश पुष्कर के मार्गदर्शन, पुलिस अधीक्षक रेलवे, झाँसी विपुल कुमार श्रीवास्तव व वरिष्ठ मंण्डल सुरक्षा आयुक्त विवेकानन्द नरायण आरपीएफ झाँसी के निर्देशन में ट्रेनो में नशीले पदार्थो की तस्करी के विरुद्ध प्रचलित अभियान के क्रम में पुलिस उपाधीक्षक रेलवे, झांसी नईम खाँन मंसूरी के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक पंकज पाण्डेय थाना जीआरपी झाँसी के नेतृत्व में गठित जीआऱपी/आरपीएफ टीमों द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुये दिनांक 02.05.2024 को रेलवे स्टेशन झाँसी से

# मैं सभी के मान सम्मान व स्वाभिमान के लिए प्रतिबद्ध हूँ : अनुराग शर्मा

### युवा वह होता है, जो बिना अतीत की चिंता किए, अपने भविष्य के लक्ष्यों की दिशा में काम करता है: पूनम शर्मा



झांसी। लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी का जनसंपर्क एवं प्रचार अपने उच्च स्तर पर चल रहा है आज झांसी ललितपुर के वर्तमान सांसद और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अनुराग शर्मा ने ललितपुर जनपद के विभिन्न गांव क्रमशः घिसौली ,बरौदा स्वामी, सिरसी, जमौरा,पिपरा के जाकर ग्रामवासियो से जनसंवाद किया और पुनः मोदी सरकार बनाने की अपील की ,इस दौरान उन्होंने नगर तालबेहट में आयोजित कुशवाहा समाज सम्मेलन में भी शिरकत की, इसके साथ ही सांसद शर्मा की धर्मपत्नी पूनम शर्मा ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल , बचावली (बड़गांव) झांसी में आयोजित ÷मेधावी छात्र छात्रा सम्मान समारोह÷ में सम्मिलित हुई, इस समारोह का आयोजन उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट के सफल मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के लिए किया गया था, सम्मान समारोह में पूनम शर्मा छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम तो उनको शुभकामनाएं प्रेषित की साथ ही उनके अभिभावकों को भी बधाई दी , पूनम शर्मा बोली यही बच्चे आगे चलकर झांसी के साथ-साथ उत्तर प्रदेश का भी नाम रोशन करेंगे और युवा वह होता है, जो बिना अतीत की चिंता किए, अपने भविष्?य के लक्ष्यों की दिशा में काम करता है। सांसद अनुराग शर्मा ने तालबेहट में कुशवाहा समाज के सम्मेलन में सम्मिलित होकर कहा कि उन्होंने कि भाजपा के राष्ट्र निर्माण के संकल्प में हर जाति वर्ग के कल्याण की बात सर्व प्रथम हैभाजपा ही एक ऐसा दल है जिसमें दलित ,पिछड़े समाज की आवाज बराबर से सुनी जाती है, उन्होंने कहा कि मेरे 5 वर्षों के कार्यकाल में मेरी पूरी कोशिश रही कि कार्यकर्ता हो या क्षेत्रवासी सबके मान सम्मान व स्वाभिमान पर आंच ना आए , चाहे कोई कोई भी हो, सब की भावनाओं का आदर किया और सम्मान देने का काम किया, साथ ही पिछले 5 वर्षों में ललितपुर जिले के कायाकल्प के लिए ठोस शुरुआत की गई है, हम सिर्फ हंगामा कर सपने दिखाने का काम नहीं करते बल्कि विकास को जमीन पर उतरने का काम करते हैं, सैकड़ो एकड़ जमीन में हजारों करोड़ों की लागत से बनने वाला बल्क ड्रग पार्क पूरे जनपद ललितपुर में आर्थिक क्रांति लाएगा और रोजगार की असीम संभावनाएं पैदा होगी एवं जनपद ललितपुर के जमीनों का भी आर्थिक ढांचा छलांग लगाएगा, मेडिकल कॉलेज के निर्माण से अब लोगों को भटकना नहीं पड़ेगा इससे समय और धन दोनों की बचत होगी ,बेहतर रोड कनेक्टिविटी के लिए 40 करोड़ की लागत से ललितपुर जनपद में पांच प्रमुख पुलो का निर्माण किया गया है साथ ही जनपद ललितपुर में पिछले 5 वर्षों में रिकॉर्ड सड़कों का जाल बिछाया गया है।

## मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नगर निगम कार्यालय में मतदान करने हेतु शपथ दिलाई गई



झांसी। भा0 मुख्य चुनाव आयुक्त भारत सरकार एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 के निर्देशानुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु स्वीप योजनान्तर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नगर निगम कार्यालय में दिनांक 02.05.2024 को सभी विभागाध्यक्षों, अधिकारियों / कर्मचारियों की उपस्थिति में शत प्रतिशत मतदान कराने हेतु शपथ दिलाई गई एवं उपस्थित विभागाध्यक्षो से गृहकर / स्वास्थ्य विभाग से निर्गत होने वाली बिल / रसीदों पर 20 मई 2024 को मतदान करने से सम्बधित मोहर लगवाने हेतु अपेक्षा की गई तथा इस आशय के मोहर एवं स्लोगन लगाकर शत प्रतिशत मतदान कराये जाने सम्बधी कार्य के सम्बंध में जनजागरूकता अभियान चलाये जाने हेतु प्रेरित किया गया।

शत प्रतिशत मतदान कराये जाने सम्बधी शपथ कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती

रोली गुप्ता अपर नगर आयुक्त नगर निगम झाँसी, द्वारा सभी विभागीय अधिकारियों को अपने अपने विभागों के माध्यम से मतदाता जनजागरूकता सम्बंधी गतिविधियों एवं नगरवासियों से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की गयी।

## मतदाता जागरूकता रैली झांसी दुर्ग से निकाल 20 मई हेतु मतदान अवश्य करने का लिया संकल्प




झांसी। सनशाइन क्लब झांसी एवं स्किल्ड इंडिया सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में डॉ कृष्ण मोहन अग्रवाल की अध्यक्षता , क्लब के संस्थापक अशोक अग्रवाल काका के सानिध्य , अपर नगर आयुक्त मो.कमर के मुख्य आतिथ्य व क्लब के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद अग्रवाल के संयोजन में आज स्किल्ड इण्डिया सोसाइटी के डायरेक्टर नीरज सिंह , चेयरमैन ओम प्रकाश अग्रवाल गोयनका पब्लिक स्कूल , प्रबधक अभय अग्रवाल जवाहर पब्लिक , सतीश कुमार सिंह त्रद्धष्ट व उस्मान खान नेशनल हाफिज सिद्दीक के सहयोग से मतदाता जागरूकता रैली रानी लक्ष्मीबाई किले से आरम्भ हुयी।

किले पर सनशाइन क्लब झांसी के पदाधिकारियों व विद्यालयों के बच्चों द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत बैज अलंकरण कर किया तत्पश्चात मतदान क्यों आवश्यक है इस पर माननीय मुख्य अतिथि ने प्रकाश डालते हुए देश के लोकतन्त्र की मजबूती के लिए शत प्रतिशत मतदान की भूमिका महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा ये हम सबका मौलिक अधिकार भी है और कर्तव्य भी। अपर नगर आयुक्त ने मतदाता जागरूकता रैली का शुभारंभ हरी झण्डी दिखा किया। रैली में क्लब व विद्यालय के बच्चों के साथ एन सी सी कैडेट्स व रोबर रेंजर्स के नारों पहले मतदान - फिर जलपान एवम बीस मई को वोट डालने जाना है - जाना है भई जाना है आदि से वातावरण गुंजायमान हो उठा। सुबह सुबह नवीन ऊर्जा व शक्ति से रैली में बच्चे बनो देश के भाग्य विधाता - जागो अब प्यारे मतदाता , सारे काम छोड़ो - सबसे पहले वोट दो आदि स्लोगन लिखी तख्तियों का प्रदर्शन देखते ही बन रहा था।

रैली गंगाधर राव मंच से होती हुई राजकीय संग्रहालय से होती हुई लक्ष्मीबाई पार्क में रानी की प्रतिमा तले पहुंची जहां पुनः अपने अभिभावकों , पड़ोसियों व मुहल्ले वालों को गर्मी से बचने व सुबह जल्दी उठकर कर मतदाताओं को गर्मी व भीड़ की लाइन से बचने हेतु प्रेरित करने की शपथ ग्रहण करायी गयी। मतदाता जागरूकता रैली व संकल्प कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष संजय लिखधारी , कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र डालमिया , अजय अग्रवाल कार्ड पैलेस , देवेंद्र जड़िया , विशाल गुप्ता , गोपाल कुमार साहू , राकेश लोहिया , अजय राय , मनोज कुमार सोनी , दिनेश पाठक , माधुवेंद्र वर्मा , सुनील साहू , प्रियांसु श्रीवास्तव , पूजा ठाकुर , शिखा द्विवेदी , रितिका साहू , कपिल देव तिवारी , अब्दुल वहीद , अंशुल दुबे , सुहाना , आकांक्षा तिवारी , ताज मो. खान , मु. इमरान खान आदि ने सक्रिय सहभागिता की व कार्यक्रम को सफल बनाया।

## STC ऑडिटोरियम झाँसी में 'वर्क साईट सेफ्टी' विषय पर आधारित संरक्षा सेमिनार का आयोजन




झांसी। मंडल रेल प्रबंधक, झांसी दीपक कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सुपरवाइजर ट्रेनिंग सेंटर के ऑडिटोरियम में ÷वर्क साईट सेफ्टी÷ विषय पर आधारित संरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया 7 आयोजन कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक परिचालन आर डी मौर्य एवं विभिन्न विभागों और कॉन्ट्रेक्टर्स के संरक्षा से जुडे कर्मचारियों और पर्यवेक्षकों भाग लिया।

मंडल रेल प्रबंधक दीपक ने संरक्षा संबंधी दिशा निर्देशों का रेलवे कर्मचारियों एवं रेलवे ठेकेदारों द्वारा कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने हेतु काउंसलिंग की। सेमिनार को संबोधित करते हुए मंडल रेल प्रबंधक ने कहा की हमें किसी भी मौके पर संरक्षा का साथ नहीं छोड़ना है, उसका शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करना है। मंडल रेल प्रबंधक ने बताया की रेलवे के संरक्षा नियमों का यदि शत प्रतिशत पालन किया जाए तो किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने की संभावना ही नहीं रह जाती 7 वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) आशुतोष चौरसिया ने उदाहरण के तौर पर बताया कि वर्क साईट पर यदि ट्रैक के 6 मीटर से 3.5 मीटर की दूरी पर कार्य किया जा रहा हो तो नियमित मार्किंग व बैरिकेट के साथ किया जा सकता है, और यदि 3.5 मीटर से नज़दीक पर कार्य किया जाना हो तो ट्रैफिक / पॉवर ब्लाक लिए बगैर कार्य बिलकुल नहीं किया जाना चाहिए।

संरक्षा संवाद में उपस्थित अन्य सभी अधिकारी / पर्यवेक्षकों ने भी सेमिनार के माध्यम से अपने ज्ञान को पुनश्चर्या किया गया एवं वर्क साईट पर क्या-क्या सुरक्षा सावधानियां बरती जानी चाहिए इस पर विस्तारपूर्वक समझाइश दी गयी, इसी के साथ सभी लोगों को ट्रेन संचालन एवं दैनिक कार्यों में संरक्षा सुनिश्चित करने हेतु ट्रेनिंग के साथ-साथ हिदायत दी गई।

## अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिर का मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने किया निरीक्षण



झांसी। नगरीय चिकित्सा इकाईयों के माध्यम से जनमानस को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के पर्यवेक्षण के क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी झाँसी डॉ सुधाकर पाण्डेय ने नोडल अधिकारी नगर क्षेत्र डॉ एन के जैन, मण्डलीय अर्बन कोऑर्डिनेटर फिरोज आलम और अर्बन कोऑर्डिनेटर श्री जियाउर्रहमान के साथ अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिर टपरियन और राजीव नगर का निरीक्षण किया। इसके पश्चात नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुलिया नम्बर नौ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तीनों चिकित्सा इकाईयों पर चिकित्सक सहित स्टाफ उपस्थित मिला। निरीक्षण के समय तक टपरियन में डॉ तान्या साहू ने ओपीडी में 12 मरीज, राजीव नगर में डॉ अभिषेक वर्मा ने 14 मरीज और पुलिया नम्बर नौ में डॉ राहुल पाराशर ने 29 मरीज देखे थे।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सभी चिकित्सकों को अस्पताल समय से खोलने, सभी उपलब्ध आवश्यक जांचें करने, मरीज से सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार करते हुए उपचार करने और विभागीय योजनाओं का लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए। वर्तमान में गर्मी अधिक पङ रही है, इसलिए लोगों को गर्मी व लू हीटस्ट्रोक आदि से बचाव व रोकथाम के उपायों (हल्के रंग के ढीले व आरामदायक कपडेपहने, सर को ढँक कर रखें, धूप से बचाव के लिए चश्मा, छाता, टोपी आदि का उपयोग करें, साथ में पीने का पानी रखें, तेज धूप व गर्म हवा के सीधे सम्पर्क में आने से बचें) का प्रचार-प्रसार करने के साथ मरीजों के उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुलिया नम्बर नौ में लू व हीटस्ट्रोक मरीज हेतु एक पलंग आरक्षित किया गया है।

# इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के कार्यालय का पूर्व बबीना प्रत्याशी यशपाल सिंह ने किया उद्घाटन

### पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने वकीलों से जनसंवाद कर भारी मतों से इंडिया गठबंधन को जिताने की अपील की



झांसी ! झांसी ललितपुर लोक सभा से इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने नोमिनेशन के जुलूस में कल के अभूतपूर्व अपार जनसमूह के उमड़ पड़ने के बाद जन भावनाओं को सम्मान देते हुए दो सेट नामिनेशन फार्म और भर कर दिए। एक नामिनेशन में जिला मीडिया कोऑडिनेटर मज़हर अली और दूसरे नामिनेशन फार्म में एड0 बी डी भास्कर प्रस्तावक रहे। कलेक्ट्रेट परिसर में एड0 विवेक बाजपेयी, राजीव अग्रवाल, एड0 अनिल झा, टेक्स बार के पूर्व अध्यक्ष अजय चन्द्र श्रीवास्तव, एड0 शिरामणि जैन, के साथ प्रदीप जैन आदित्य ने वकीलों से जनसंवाद किया और इण्डिया गठबंधन को भारी मतों से विजय दिलाने की अपील की। प्रदीप जैन आदित्य ने वकीलों के मन की बात को समझने की कोशिश की और इण्डिया गठबंधन को विजय श्री दिलाने की अपील की।

गठबंधन के प्रत्याशी पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य के साथ पूर्व बबीना प्रत्याशी यशपाल सिंह यादव ने रक्सा चुनाव कार्यालय का फीता काट कर शुभारम्भ किया। इस मौके पर सीताराम प्रधान डेली, पूर्व प्रधान राव राजा परमार, घनश्याम, चन्द्रपाल सिंह, घांसू गुप्ता, राजा परमार, दीपक गुप्ता बाजना, देवेन्द्र दुबे, महेन्द्र परमार, हर प्रसाद वर्मा, बद्री राजपूत, तरूण सांवल, वीरचंद्र सांवल और अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बड़ागांव चुनाव कार्यालय का उद्घाटन प्रदीप जैन आदित्य द्वारा किया गया। इस मौके पर पुक्खन देवी कुशवाहा, आशा राम कुशवाहा, मनीष दुबे पार्षद, झारखडिया पार्षद, संतोष कुशवाहा, मुन्नादीन परीछा, राजीव रिछारिया, राजीव जैन, रमेश रावत, आदित्य मोहन गुप्ता और अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। चिरगांव चुनाव कार्यालय का उदघाटन मुन्ना सिंह पारीछा द्वारा किया गया । इस मौके पर रमेश चन्द्र कनकने, ओम प्रकाश सेनी, राजपाल सिंह बुन्देला, देवेन्द्र सेन, मकसूदन चौधरी, प्रमोद पाल, संतोष कुशवाहा, अक्कू वर्मा, हरीमोहन पटेरिया, लक्ष्मीनारायण, रवि सोनी, बाबू लाल सेन उपस्थित रहे।

जनसम्पर्क के दौरान प्रदीप जैन आदित्य ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि समय बहुत कम है। हर वोटर को देश के हालात से अवगत कराना है। बुन्देलखण्डी में कहा जाए तो जुट जाओ बस। गठबंधन के सभी कार्यकर्ताओं को कहा गया कि घर-घर जाकर वोट मांगना है और देश की बदहाली से देश को उभारने के लिए दर-दर जाकर गठबंधन को विजयी बनाने की अपील करना है। आज से ही हर गांव हर मोहल्ले की समस्याओं को भी देखो नोट करो और कांग्रेस द्वारा जारी किया गया न्याय पत्र जन-जन तक पहुँचाना है। जनसम्पर्क के दौरान जिला अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह पारीछा, बलवान सिंह यादव, शफीक अहमद मुन्ना, पिंकी जैन, प्रिंस कटियार, अखिलेश गुरूदेव, जगमोहन मिश्रा, अजय जैन, रईस काजी और बहुत से गठबंधन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।८

## झांसी महानगर के शिवाजी नगर एवं सीपरी मंडल में भाजपा प्रत्याशी अनुराग शर्मा का जोरदार जनसंपर्क

### बीड़ा एवं केन बेतवा परियोजना झांसी के चौमुखी विकास की दस्तक दे रही हैं : अनुराग शर्मा



झांसी। भारतीय जनता पार्टी अपने ÷4 जून को 400 पार÷ के संकल्प को पूरा करने के लिए अथक मेहनत और जनसंपर्क कर रही है, और इसी संकल्प को झाँसी लोकसभा में साकार करने के लिए झांसी ललितपुर के वर्तमान सांसद और भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी अनुराग शर्मा जोरदार तरीके से घर-घर जाकर जनसंपर्क कर रहे हैं. उनके साथ उमड़े जनसमूह से यह बात साबित हो रही है कि भाजपा प्रत्याशी भारी बहुमत से विजयी होंगे.

भाजपा प्रत्याशी अनुराग शर्मा ने झांसी महानगर के शिवाजी नगर मंडल एवं सीपरी मंडल के विभिन्न वार्डों में जाकर ÷घर-घर जनसंपर्क÷ के दौरान विभिन्न स्थानों पर लोगों के बीच आत्मीय संवाद किया. इस अवसर पर उनके साथ सदर विधायक रवि शर्मा, महापौर बिहारी लाल ,एमएलसी रामतीर्थ सिंघल ,पूर्व मंत्री रविंद्र शुक्ला ,जिला अध्यक्ष हेमंत परिहार ,पूर्व मंत्री रतनलाल अहिरवार ,जिला सहकारी बैंक झाँसी डायरेक्टर जयदेव पुरोहित, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा सुमन पुरोहित ,पूर्व जिला अध्यक्ष जमुना कुशवाहा, मुकेश मिश्रा व संतोष सोनी का भी स्थानीय लोगों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया, जनसंपर्क के दौरान कार्यकर्ता जोशीले नारे लगा रहे थे, और भारी उत्साह कार्यकर्ताओं में साफ नजर आ रहा था..

इस दौरान आम जनमानस से आत्मीय संवाद करते हुए प्रत्याशी अनुराग शर्मा ने कहा, बीड़ा एवं केन बेतवा परियोजना झांसी के चतुर्मुखी विकास की दस्तक दे रही हैं इसी कारण युवा, किसान व्यापारी, मजदूर ,एवं सभी वर्गों में आर्थिक और सामाजिक स्तर में उछाल आने वाला है , झांसी ललितपुर क्षेत्र को बेरोजगारी ,भुखमरी ,पलायन के कलंक से मुक्ति दिलाना योगी जी और मोदी जी की छत्रछाया में आपका प्रतिनिधि होने के नाते मेरा संकल्प है, सभी विधायक गणों के सहयोग से क्षेत्र में लाखों करोड़ों की परियोजनाएं आ रही हैं, बीड़ा एवं केन बेतवा परियोजना इसके जीते जागते प्रमाण हैं, बीड़ा परियोजना में किसानों को चार गुना मुआवजा मिल रहा है, तो अन्य किसानों व क्षेत्र वासियों की जमीन की कीमतों में जबरदस्त उछाल आया है, यहां अब नोएडा की तर्ज पर औद्योगिक शहर विकसित होने जा रहा है, निश्चित ही है बीड़ा झांसी के विभिन्न वर्गों में नई क्रांति लेगा, साथ ही वे बोले मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का अर्थ है -देश को नक्सलवाद और आतंकवाद से मुक्ति दिलाना,देश के गरीबों के कल्याण की चिंता करना,देश को विकसित बनाना,जनजातियों के सम्मान की चिंता करना और हमारे उत्तर प्रदेश को पहले नंबर का राज्य बनाना,साथ ही झाँसी ललितपुर में विकास गति और तेज करना है



# अवसरों की भूमि अमेरिका

अमेरिका को यूं ही अवसरों की भूमि नहीं कहा जाता। आज भी उच्च शिक्षा के लिए दुनिया भर से विद्यार्थी यहां आते हैं। यहां शिक्षा महंगी तो है लेकिन कई प्रकार की स्कॉलरशिप योजनाएं मदद करती हैं। यहां की डिग्रियां लगभग परे विश्व में मान्य की जाती हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका को विश्व में शैक्षणिक हब के रूप में देखा जाता है। रोजगार की अत्यधिक संभावना के कारण इसे अवसरों की भूमि भी कहा जाता है। वैसे तो अमेरिका में पूरी दुनिया से विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने आते हैं लेकिन सबसे ज्यादा संख्या एशियाई देशों के विद्यार्थियों की है।

## अकादमिक उत्कृष्टता

अमेरिकी विश्वविद्यालयों की गुणवत्ता किसी से छिपी नहीं है। यूनिवर्सिटियों एवं उच्च तकनीकी प्रशिक्षण संस्थानों की संख्या के मामले में यह चुनिंदा शीर्ष देशों में शुमार है। यहां के लगभग सभी संस्थानों का बेहतर शैक्षणिक रिकॉर्ड और विद्यार्थियों की सफलता अन्य विद्यार्थियों को अपनी ओर आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षा के प्रति सम्मान ही अमेरिका के शिक्षण संस्थानों को कई अन्य देशों के शिक्षण संस्थानों से अलग करता है। अलग-अलग विषयों में बेहतरीन तकनीकी शिक्षा देने वाले कॉलेजों की अधिकता के कारण यहां शैक्षणिक अवसर पर्याप्त हैं। यहां के कॉलेजों व संस्थानों में नवीनतम उपकरणों और विधियों से विशेषज्ञों की देखरेख में विद्यार्थियों को तकनीकी क्षेत्र में जानकारी दी जाती है।

## रिसर्च के अवसर

अमेरिका में प्रैक्टिकल वर्क को काफी महत्व दिया जाता है। यहां शिक्षा के दौरान विषय से संबंधित रिसर्च के लिए हरसंभव मदद दी जाती है। धन और उपकरण रिसर्च के मार्ग की बाधा नहीं बनें, ऐसा प्रयास संस्थानों एवं सरकार द्वारा किया जाता है।

## फीस और स्कॉलरशिप

अमेरिका के विभिन्न क्षेत्रों में जीवनयापन में काफी अंतर है। बड़े शहरों की तुलना में छोटे शहरों या कस्बों में जीवनयापन काफी सस्ता है। शिक्षण संस्थानों की फीस में भी काफी अंतर हो सकता है। अगर आप अध्ययन के लिए अमेरिका का चयन कर रहे हैं, तो आपको धन की काफी व्यवस्था करनी होगी। वैसे अमेरिका में विदेशी विद्यार्थियों को शिक्षण के दौरान कई सुविधाएं दी जाती हैं, जिनमें सरकार और निजी संस्थानों द्वारा आर्थिक मदद के साथ-साथ विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाता है। विभिन्न प्रकार की स्कॉलरशिप योजनाएं उन विद्यार्थियों के लिए काफी मददगार साबित होती हैं, जो आर्थिक रूप से बहुत सक्षम नहीं हैं।

## इन विषयों का क्रेज


वैसे तो अमेरिका में सभी विषयों की अच्छी शिक्षा उपलब्ध है, मगर हाल के वर्षों में स्थानीय एवं विदेशी विद्यार्थियों का रुझान कम्प्यूटर साइंस, एनिमेशन, केमिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, एयरोस्पेस इंजीनियरिंग, नर्सिंग, सिविल इंजीनियरिंग, टूरिज्म मैनेजमेंट की ओर बढ़ा है।

## प्लेसमेंट आसान

एक विद्यार्थी अच्छी उच्च शिक्षा क्यों हासिल करना चाहता है? सिर्फ बेहतर रोजगार के लिए। अमेरिका में उच्च शिक्षा हासिल करने के बाद निकले विद्यार्थियों को जॉब के बारे में अधिक सोचना नहीं पड़ता है। यहां के शिक्षण संस्थानों में दी जाने वाली डिग्री को लगभग पूरे विश्व में आदर्श माना जाता है। वीसा का सवालवर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हुए आतंकवादी हमले के बाद अमेरिका ने अपनी वीसा प्रक्रिया को कड़ा कर दिया है। पूरी जांच पड़ताल के बाद ही आप वीसा हासिल कर सकते हैं। भारत के साथ मित्रवत संबंध होने के कारण भारतीय विद्यार्थियों को यहां वीसा के लिए किसी खास परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता है।

### प्रमुख संस्थान


- हार्वर्ड यूनिवर्सिटी
- येल यूनिवर्सिटी
- यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया
- ब्राउन यूनिवर्सिटी
- यूनिवर्सिटी ऑफ वर्जीनिया
- यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो





# कैसे बचें एंग्जायटी और तनाव से

**बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को कई तरह की मानसिक व शारीरिक समस्याओं से दो-चार होना पड़ता है। कुछ हद तक ये समस्याएं वास्तव में होती हैं, जबकि कई बार छात्र इनके होने का भ्रम पाल लेते हैं। परिणाम होता है एंग्जायटी और तनाव। इस एग्जाम फीवर के चलते परीक्षा की तैयारी भी सही ढंग से नहीं हो पाती।**



पढ़ाई में होनहार अमित इस साल 12वीं की बोर्ड परीक्षा में बैठ रहा है तथा अपनी तैयारी को लेकर पूरी शिद्दत से प्रयास में लगा हुआ है, लेकिन पिछले कुछ दिनों से पढ़ाई के दौरान उसे सिरदर्द होने लगता है। घबराहट के कारण उसे ऐसा लगता है कि जो कुछ भी पढ़ा है, वह एक-एक करके भूल रहा हो। अपनी इस नई परेशानी के कारण अमित पढ़ाई में मन नहीं लगा पा रहा है। धीरे-धीरे उसमें चिड़चिड़ापन आता जा रहा है। उसकी हरकतों से पेरेंट्स भी परेशान हैं। वे अब किसी मनोचिकित्सक की सहायता लेने की सोच रहे हैं। यह परेशानी सिर्फ अमित की ही नहीं है, बल्कि परीक्षा के दिनों में तैयारी कर रहे अधिकांश छात्रों की है। यही कारण है कि परीक्षा का दबाव उनके सिर चढ़ कर बोलता है। कारणों को जानने का प्रयास करें तो यही निष्कर्ष निकलता है कि तैयारी के दिनों में छात्रों के ऊपर सेलेबस पूरा करने तथा अधिक अंक लाने का भारी दबाव रहता है। कई बार तो पेरेंट्स भी टोका-टोकी एवं अधिक अंक लाने का प्रेशर बनाए होते हैं। चूंकि सभी छात्रों का धैर्य एक सा नहीं होता, नतीजतन बाल मन भटकने अथवा टूटने लग जाता है। उनमें कई तरह की समस्याएं खासकर एग्जाम फीवर, स्ट्रेस व एंग्जाइटी, सिरदर्द या माइग्रेन की शिकायत, नींद गायब हो जाना, भूख न लगना, स्वभाव से चिढ़चिढ़ा हो जाना, आंखों व पेट की परेशानी आदि सामने आती हैं। कभी-कभी ऐसा भी होता है कि पेरेंट्स इन समस्याओं को बच्चे का बहाना समझने लगते हैं। संभव है कुछ छात्र ऐसा जानबूझ कर करते हों, पर ये समस्याएं हकीकत में होती भी हैं, इसलिए इन्हें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

एग्जाम फीवर/एंग्जायटी व स्ट्रेस

देश की शिक्षा पद्धति ऐसी है कि दबाव को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। फिर भी सीबीएसई एवं अन्य बोर्डस ने काउंसलर्स, हेल्पलाइन, मॉडल पेपर आदि के जरिए उनकी परेशानी को काफी हद तक कम करने का भी प्रयास किया है। फिर भी एग्जाम के दिनों में छात्रों के सामने अक्सर स्ट्रेस हावी हो ही जाता है। छात्र बदला-बदला सा व्यवहार करने लगते हैं या उन्हें कई तरह की शारीरिक परेशानियां घेर लेती हैं। अत्यधिक तनाव के चलते वे किसी से ढंग से बात नहीं करते तथा परिवार से कटे-कटे रहने लगते हैं। लगातार कई दिनों तक इस स्थिति में रहने से छात्र डिप्रेशन की स्थिति में पहुंच जाते हैं। वैसे ये समस्याएं जितनी बड़ी लगती हैं, वास्तव में उतनी बड़ी होती नहीं हैं। जरा-सी सावधानी, जरा-सा विवेक छात्रों को इनसे बचा सकता है।

आत्मविश्वास पर पड़ता है असर

छात्रों के अंदर पनपी इन शारीरिक व मानसिक समस्याओं का सीधा असर उनके आत्मविश्वास पर पड़ता है। छात्रों को लगने लगता है कि अब समय उनके हाथ से निकल गया है तथा वे कुछ नहीं कर सकते। अधिकांश छात्रों को यह लगने लगता है कि उन्होंने जो कमिटमेंट खुद से अथवा अपने परिवार से किया था, वह अब कभी पूरा नहीं हो सकेगा। मानसिक द्वंद्व के कारण छात्र आत्महत्या जैसा घातक कदम तक उठा लेते हैं। इस स्थिति में छात्रों को यह मान कर चलना होगा कि यदि वे किन्हीं कारणों से सफल न भी हुए तो उनके पेरेंट्स उन्हें पहले जैसा ही प्यार करेंगे। ये समस्याएं तो मामूली हैं, जिनका तत्काल हल निकल सकता है। ऐसा सोचने से ही वे अपनी खोई हुई लय एवं एकाग्रता फिर से हासिल कर सकते हैं। बस जरूरत है तो उन्हें अपना आत्मविश्वास बनाए रखने की।

## काउंसलर हैं मददगार

पेरेंट्स को जरा भी लगता है कि बच्चे को शैक्षिक, शारीरिक अथवा मानसिक परेशानी है तो वे बिना कल पर टाले तत्काल किसी काउंसलर अथवा मनोचिकित्सक की सेवा लें। छात्र इस मामले में खुद अपनी समस्या बता कर पहल कर सकते हैं। इससे उनकी समस्या का तत्काल हल निकल जाएगा। अब तो बड़े शहरों के अलावा छोटे शहरों में भी काउंसलर अथवा मनोचिकित्सक अपनी सेवाएं दे रहे हैं। सीबीएसई ने अपनी वेबसाइट के जरिए छात्रों को राहत प्रदान करने की सार्थक कोशिश भी की है। इस क्रम में हर साल उनके द्वारा प्रिंसिपल, काउंसलर व मनोचिकित्सकों का हेल्पलाइन पैनल तैयार किया जाता है।

### छात्रों की समस्याओं को हल्के में न लें

छात्रों में पनप रही परीक्षा संबंधी समस्याओं को अक्सर अभिभावक अपनी व्यस्तता या बच्चे की बहानेबाजी समझ कर नजरअंदाज अथवा हल्के में लेना शुरू कर देते हैं। उनको लगता है कि बच्चा पढ़ाई के डर अथवा प्रेशर के कारण इस तरह की हरकत कर रहा है। यह स्थिति खतरनाक हो सकती है। देखा जाए तो इन दिनों पेरेंट्स पर भी एग्जाम को लेकर दबाव रहता है, लेकिन बच्चे भी हमेशा गलत नहीं होते। पेरेंट्स को चाहिए कि वे बच्चे के साथ अपना कम्युनिकेशन बनाए रखें तथा उनकी तैयारी से अवगत होते रहें। बच्चे को भी लगेगा कि पेरेंट्स उसकी पढ़ाई को लेकर गंभीर हैं और वह अधिक उत्साहित होकर तैयारी में लगा रहेगा। लेकिन कम्युनिकेशन कीयह सारी प्रक्रिया एक स्वस्थ वातावरण में होनी चाहिए, न कि बच्चे पर अत्यधिक दबाव बना कर।



# लक्ष्य पाने की रणनीति होना भी जरूरी

**सफलता पाने के लिए ऊंचे सपने देखने के साथ-साथ अपने पांव जमीन पर रखना बहुत जरूरी है। आपके पास लक्ष्य ही नहीं, उसे पाने की रणनीति भी होना चाहिए। आत्मविश्वास बहुत जरूरी है लेकिन अति-आत्मविश्वास आपकी उड़ान को निश्चित रूप से क्रैश करेगा।**

## जरूरी है योग्यता

अगर हम कामयाबी का स्वाद चखना चाहते हैं, तो कोई भी लक्ष्य तय करने या उसका सपना देखने से पहले यह जरूरी है कि हम खुद को उसके लिए सक्षम और योग्य बनाएं। मान लीजिए, आप पायलट बनना चाहते हैं। लेकिन आपने न तो उसके लिए जरूरी शिक्षा ली और न ही ट्रेनिंग। ऐसे में भला आप कैसे पायलट बन सकते हैं? इसलिए कोई भी सपना देखें, तो उसे अमली जामा पहनाने के लिए उसके सभी पहलुओं पर अवश्य विचार करें। यह भी कि आप उसके लिए संसाधन कहां से जुटाएंगे, उसका प्रमोशन कैसे करेंगे आदि।

## कुछ भी मुश्किल नहीं

दुनिया के जितने महान लोग, आविष्कारक, वैज्ञानिक, जाने-माने उद्यमी हुए हैं, उन सभी के शब्दकोश में 'असंभव'' शब्द कभी नहीं रहा। यही कारण है कि उन्होंने जो लक्ष्य तय किया, उसे हासिल करके ही दम लिया। बड़ी-से-बड़ी मुश्किलों की कभी परवाह नहीं की। हालांकि ऐसा नहीं है कि उन्होंने हवा में लक्ष्य तय करके उसे हासिल करने का सपना देखा। ऐसे लोगों ने सबसे पहले खुद को सामर्थ्यवान बनाया। फिर अपनी मंजिल तय की।

## हार से सीख

ऐसा भी नहीं है कि सभी सफल लोगों को पहले प्रयास में ही कामयाबी मिल गई। अधिकतर को तो इसके लिए अनगिनत प्रयास करने पड़े। बार-बार नाकामी और यहां तक कि सैंकड़ों बार असफल होने के बावजूद उन्होंने उम्मीद का दामन नहीं छोड़ा। बल्ब के आविष्कारक एडीसन की रिसर्च अनगिनत प्रयासों के बाद भी सफल नहीं हो रही थी, तो उनके सहयोगियों ने निराशा जताते हुए कहा कि उनकी सारी कोशिशें व्यर्थ चली गईं। नहीं, हमारी कोशिशें नाकाम नहीं रहीं, बल्कि हमने इतना कुछ सीख लिया।

## पैर रहें जमीन पर

किसी भी आइडिया या सपने को हकीकत में बदलने के लिए आत्मविश्वास तो बेहद जरूरी है लेकिन अगर कहीं यह अति-आत्मविश्वास में बदल गया, तो सफलता संदिग्ध हो जाएगी। अपने पैर हमेशा सच्चाई की जमीन पर रखें। कभी अपने ज्ञान, अनुभव, स्किल आदि का दंभ न पालें। खुद को सदा विनम्र बनाए रखें। यह न सोचें कि आपने अब सब सीख लिया। हमेशा और हर किसी से सीखने को उत्सुक रहें, चाहे वह छोटा हो या बड़ा।


## छोटे से करें शुरूआत

अगर आपके पास आइडिया है और आपको लगता है कि दूसरे उसकी नोटिस नहीं ले रहे, तो इससे परेशान न हों। अगर आप वाकई कुछ करना चाहते हैं, तो सबसे पहले छोटे से शुरूआत करें। यह न सोचें कि कहीं से बीस लाख मिल जाते, तो आपका काम चल निकलता.।

## कम न हो आत्मविश्वास

किसी भी लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए यह भी आवश्यक है कि आपको अपनी क्षमताओं और कामयाबी को लेकर भरोसा हो। अगर आपको अपनी योग्यता पर ही संदेह होगा, तो आप कभी भी आत्मविश्वास के साथ नहीं चल सकेंगे। हो सकता है कि शुरूआत में हर कदम पर नाकामी हाथ लगे। लेकिन अगर आपको अपनी योग्यता और प्रयासों की नेकनीयती पर भरोसा है, तो मुश्किलों और शुरूआती नाकामियों से कतई हताश नहीं होना चाहिए। अपने आत्मविश्वास को कभी भी कम न होने दें। अगर आपके लक्ष्य ठोस हैं और आपके प्रयासों में दम है, तो फिर एक-न-एक दिन कामयाबी अवश्य हासिल होगी।





संपादकीय

## कनाडा-भारत संबंध प्रभावित होने की आशंका

जब भी भारत की ओर से कनाडा पर खालिस्तानी अलगाववादियों को लेकर नरम रुख अपनाने या संरक्षण देने के आरोप लगाए जाते हैं, तो वहां की सरकार इससे इनकार करती है। मगर अक्सर ऐसे उदाहरण सामने आते रहते हैं, जिनसे साफ है कि कनाडा में शीर्ष नेतृत्व के स्तर पर खालिस्तान समर्थकों पर लगाम लगाने की कोशिश नहीं होती। बल्कि प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से उन्हें संरक्षण दिया जाता है। बीते रविवार को कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की मौजूदगी में खालिस्तान के समर्थन में नारे लगाए गए और वे उस पर मुस्कुराते रहे। गौरतलब है कि टोरंटो में मनाए गए 'खालसा दिवस' और 'सिखों के नव वर्ष' के कार्यक्रम में ऐसी नारेबाजी तब हुई जब ट्रूडो सिख समुदाय को संबोधित करने के लिए आगे बढ़े। उस कार्यक्रम में ट्रूडो ने सिखों के अधिकारों और स्वतंत्रता की रक्षा की कसम खाई। अपने देश में किसी व्यक्ति या समूह के अधिकारों और स्वतंत्रता की रक्षा करना अच्छी बात है, पर सवाल है कि जिस व्यक्ति या समूह के लिए यह बात की जा रही है, उसकी मंशा और राजनीति क्या है। एक देश का नेतृत्व करते हुए क्या ट्रूडो इस बात को समझने की कोशिश नहीं करनी चाहिए कि खालिस्तानी अलगाववाद की समस्या भारत को किस तरह प्रभावित करती है? एक समुदाय के रूप में सिखों का योगदान भारत के लिए बेहद अहम रहा है और एक आम सिख भारत से प्यार ही करता है। ऐसे में चंद अलगाववादी तत्त्वों को प्रश्रय देकर ट्रूडो क्या दर्शाना चाहते हैं? स्वाभाविक ही ताजा मामले को लेकर भारत ने कनाडा के उप-उच्चायुक्त को तलब कर सख्त विरोध दर्ज कराया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह एक बार फिर उस राजनीतिक स्थान को दर्शाता है, जो कनाडा में अलगाववाद, उग्रवाद और हिंसा को दिया गया है। ट्रूडो शायद इस बात से भी बेफिक्र दिखते हैं कि भारत के खिलाफ अलगाववाद पर उनकी नरमी दोनों देशों के संबंधों को किस स्तर पर प्रभावित कर सकती है।

विचार

# लोकसभा चुनाव में मुद्दों को नया विमर्श दें



लेखक - ललित गर्ग

**लोकसभा चुनावों के प्रचार अभियान में एक आवाज बहुत धीमी पर एक वजन और पीड़ा के साथ सुनने को मिल रही है कि इस चुनाव को येन-केन-प्रकारेण जीतने के सभी जायज एवं नाजायक प्रयोग हो रहे हैं, लेकिन नैतिकता, मूल्य एवं आदर्श की बात कहीं भी सुनाई नहीं दे रही है। देश का राजनीतिक भविष्य तय करने वाले इन चुनावों में एक और विडम्बना देखने को मिल रही है कि राष्ट्र विकास के मुद्दों एवं आजादी के अमृतकाल को अमृतमय बनाने की कोई चर्चा नहीं है। देश को दिशा देने एवं कोई नया विमर्श खड़ा करने का नेताओं के पास अभाव है, जो अपने-आप में एक त्रासदी है। मतदाताओं की लोकतंत्र के महाकुंभ में भागीदारी का घटना भी एक चिन्ता का सबब है। जबकि किसी भी राष्ट्र के जीवन में चुनाव सबसे महत्त्वपूर्ण घटना होती है। यह एक यज्ञ होता है। लोकतंत्र प्रणाली का सबसे मजबूत पैर होता है।**

विभिन्न राजनीतिक दल आरक्षण का मुद्दा खड़ा करके जहां अल्पसंख्यकों को अपनी ओर खींचने की कोशिश करते हुए भाजपा को आरक्षण विरोधी बता रहे हैं और गृहमंत्री अमित शाह के आरक्षण विषयक बयान को तोड़-मेरोड कर झूठे एवं फेक वीडियो के माध्यम से भाजपा के चरित्र को धुंधला रहे हैं, वहीं आम महिलाओं के डर का सहारा लेते हुए उनके मंगल सूत्र और स्त्री धन को छीन लिए जाने की बात कही जा रही है। सैम पित्रोदा के विरासत कर संबंधी बयान से आम जनता के धन को हथियाने की बातें भी हो रही है। लेकिन प्रश्न है कि क्या कांग्रेस पार्टी के सत्ता में आने की संभावना है? सत्ता के सिंहासन पर अब कोई राजपुरोहित या राजगुरु नहीं अपितु जनता अपने हाथों से तिलक लगाती है। चुनाव अभियान तीसरे चरण की ओर अग्रसर हैं। सब राजनैतिक दल अपने-अपने 'घोषणा-पत्र' को ही गीता का सार व नीम की पत्ती बता रहे हैं, जो सब समस्याएं मिटा देगी तथा सब रोगों की दवा है।

एक-दूसरे की नीतियों एवं योजनाओं की आलोचना चुनाव का हिस्सा बनी हुई है और बनना भी चाहिए। लेकिन एक-दूसरे पर भीषण एवं भद्दे आरोप लगाना, लोकतंत्र की मर्यादा का उल्लंघन है। परंतु मौजूदा चुनाव प्रचार में राष्ट्रीय एकता एवं सामाजिक समरसता के ताने-बाने को क्षति पहुंचाने की चेष्टा का होना दुर्भाग्यपूर्ण है।

सभी दल भाषणों में नैतिकता की बातें करते हैं और व्यवहार में अनैतिकता को छिपा रहे हैं। चुनाव आयोग के आंकड़ों की ही बात करें तो पिछले सप्ताह तक ही आचार संहिता उल्लंघन की 200 से अधिक शिकायतें आ चुकी है। जिनमें से 169 शिकायतों




पर आयोग ने कार्रवाई की है। शिकायतों के आंकड़े बढ़ते ही जा रहे हैं। वास्तव में इन चुनावों में नेताओं ने भाषा एवं भावों को इतना बदरंग, अशालीन एवं भोंथरा कर दिया है कि शर्म-सी महसूस होती है।

दागी उम्मीदवारों के दागों का पर्दापाश होना भी इन चुनावों का हिस्सा है। कथित तौर पर प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े वीडियो क्लिप प्रसारित होने से देखा गया है कि महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा की घटना हुई है। रेवन्ना के खिलाफ शिकायत कुछ महिलाओं के शोषण तक ही सीमित नहीं है, अब अनेकों शिकायतें सामने आएगी और हर शिकायत को ईमानदारी से परखना होगा। सबसे ज्यादा गंभीर बात तो यह है कि आरोपी जर्मनी भाग गया? अगर रेवन्ना दोषी हैं तो उन्हें कानून का सामना करना चाहिए।

अगर वह कानून से भागेंगे तो इससे उनकी पार्टी और एनडीए दोनों को ही नुकसान होगा। रेवन्ना देश के पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के पौत्र है और उन पर लगे आरोप बहुत ही गंभीर और शर्मनाक है। सत्ता का किसी भी प्रकार का दुरुपयोग ज्यादा समय तक लाभकारी नहीं होता है। हमारा समाज ऐसे मुकाम पर आ गया है, जहां हम किसी महिला के साथ न ज्यादती की सुन सकते हैं और न किसी को करने दे सकते हैं। बात प्रज्वल रेवन्ना एवं बृजभूषण शरण सिंह तक सीमित नहीं हैं, विशेषत: चुनाव में ऐसे मुद्दों का उठना प्रासंगिक है, जिससे उम्मीदवारों को अपने गिरेबार में झांकने का अवसर मिलता है। राजनीतिक दलों को भी उम्मीदवारों का चयन करते हुए उनके चरित्र की परख गहराई से करनी ही चाहिए।

वर्ष 2024 के चुनावों में हम सात में से तीसरे चरण की ओर बढ़ रहे हैं, लेकिन अभी तक भाजपा की चुनावी थीम सामने नहीं आई है, विपक्षी दलों के घोषणा पत्रों या चुनावी बयानों की चीरफाड ही होती हुई दिख रही है। आतंकवादियों और दुश्मनों को उनके घर में घुसकर मारने की बात करने वाली भाजपा के बयानों में चीन पूरी तरह गायब है और पाकिस्तान का जिक्र भी बहुत कम है। निश्चित ही भाजपा जीत की ओर अग्रसर है, इसमें कोई संदेह नहीं है। लेकिन सुनिश्चित जीत के साथ सुनिश्चित भविष्य की बात भी होनी ही चाहिए। हकीकत में चुनाव में अनेक उतार-चढ़ाव के बावजूद मोदी का जादू चल रहा है, ऐसी अनेक वजहों से 2024 असाधारण रूप से बिना सशक्त मुद्दे के ही गतिमान है। आश्चर्य की बात यह है कि हमारी राष्ट्रीय राजनीति के मौजूदा दौर के सबसे बड़े जादूगर नरेंद्र मोदी ने अब तक इन चुनावों के लिए कोई सशक्त मुद्दा नहीं पेश किया है जो पहले से सातवें चरण तक चल सके। हर चुनावी चरण एवं सभा में एक नया मुद्दा उभर रहा है, जो कुछ दूर चल कर पृष्ठभूमि में चला जाता है।

भाजपा की ओर से इन चुनावों में मोदी ही मुद्दा है। चुनाव अभियान का आरंभ करते हुए कहा गया कि नरेंद्र मोदी ही भारत को अधिक ऊंचा वैश्विक कद दिला रहे हैं। भारत मंडपम में जी 20 शिखर बैठक को भुनाने की कोशिश हुई। लेकिन यह भी मुद्दा चुनावी गणित में फिट नहीं हुआ। महिला मतदाताओं को लुभाने का दांव भी चला। निर्वाचन वाली संस्थाओं में महिलाओं के आरक्षण के लिए आनन-फानन में पारित कानून इसका हिस्सा था। लेकिन भाजपा के चुनाव प्रचार में इसका जिक्र भी नहीं सुनने को मिल रहा है। इन चुनावों में भी पार्टी के उम्मीदवारों में महिलाओं की हिस्सेदारी 16 फीसदी है। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को भी चुनावों के लिहाज से गर्म मुद्दा माना गया था। इसके बावजूद विभिन्न राज्यों में भाजपा के नेताओं के चुनाव भाषणों पर नजर डालें तो पता चलता है कि उनमें इस पर जोर या इसका जिक्र नहीं है। यह मुद्दा हाल में तब उठा जब ऐसे संकेत मिले कि राहुल और प्रियंका गांधी राम मंदिर जा सकते हैं। कुछ सप्ताह पहले भारत रत्न की घोषणा का मुद्दा भी दूर तक नहीं चल सका। ऐसी अनेक उपलब्धियां एवं ऐतिहासिक कार्य हैं, जो मोदी के कद को ऊंचा तो बनाते हैं, लेकिन चुनाव की दिशा को एकदम एवं दूर तक प्रभावित नहीं कर

राजनीतिक

# लव जिहाद के बाद अब वोट जिहाद



लेखक राकेश अचल

जिहाद वैसे कोई आतंकी शब्द नहीं है लेकिन इसका जन्म चूंकि अरबी भाषा से हुआ है इसलिए सनातनी इसे आतंक का पर्याय मानने लगे हैं। जिहाद का शुब्दिक अर्थ जाने बिना देश में वर्षों से राजनीति हो रही है। पहले लव जिहाद के नाम पर हुई और अब वोट -जिहाद के नाम पर हो रही है । लव जिहाद को लेकर भाजपा आक्रामक थी और वोट जिहाद कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद का जुमला है। जिहाद का शब्दिक अर्थ होता है नैतिक मूल्यों के संरक्षण के लिए की जाने वाली ज़द्दोज़हद या संघर्ष, किसी जायज़ माँग के लिए भरपूर कोशिश करना या आंदोलन। जिहाद का अर्थ मेहनत और मशक़्क़त करना भी है किन्तु जिहाद का दुर्भाग्य कि उस जैसे पवित्र शब्द का चरमपंथियों ने गलत अर्थ दुनिया को समझा दिया और अब ये आम जिंदगी से निकालकर सियासत का अभिन्न अंग बनता जा रहा है। इसके लिए जितने चरमपंथी जिम्मेदार हैं उतनी ही भाजपा और कांग्रेस भी जिम्मेदार है ।

भाजपा ने जिहाद के बाद लव -जिहाद को औजार की तरह इस्तेमाल किया तो मौजूदा आम चुनावों में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने मुस्लिम मतदाताओं से सत्ता परिवर्तन के लिए वोट जिहाद करने की अपील कर दी और अब फंस गए। उनके खिलाफ बाकायदा आपराधिक मुकदद्मा दर्ज कर लिया गया है। उत्तर प्रदेश में मुसलमानों को लेकर सरकार अतिरिक्त रूप से संवेदनशील है ,शायद इसीलिए खुर्शीद की भतीजी मारिया आलम के वीडियो वायरल होने के तुरंत बाद फर्रुखाबाद पुलिस ने मारिया आलम और सलमान खुर्शीद के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। दोनों नेताओं पर आईपीसी की धारा 188, 295 (ए) और आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया। अब उत्तरप्रदेश की सरकार और पुलिस के ऊपर है की वो खुर्शीद साहब और उनकी भतीजी को गिरफ्तार करती है या नहीं ? खुर्शीद साहब मुझसे उम्र में छह साल बड़े हैं ,वे मुझे अपनी शराफत,नजाकत और बुद्धिमत्ता की वजह से शुरू से प्रिय रहे हैं। उनका मुसलमान होना एक संयोग है । वे मुसलमान भी न होते तो एक मनुष्य के रूप में उतने ही चर्चित होते जितने की आज हैं। खुर्शीद भाई को पूरा देश जानता है। आज के विदेश मंत्री जयशंकर से ज्यादा जानता है। सलमान खुर्शीद एक भारतीय राजनीतिज्ञ,चर्चित वरिष्ठ अधिवक्ता,



प्रख्यात लेखक और कानून शिक्षक हैं। वे विदेश मंत्रालय के कैबिनेट मंत्री थे। वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से संबंधित हैं वह एक वकील और एक लेखक है [1] जो 2009 की आम चुनाव में फर्रुखाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित हुए। इससे पहले खुर्शीद 1991 में फर्रुखाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से 10 वीं लोकसभा के लिए चुने गए थे। वह जून 1991 में वाणिज्य के केंद्रीय उप मंत्री बने, और बाद में विदेश मामलों के राज्य मंत्री बन गए। खुर्शीद साहब शुरू में नेता नहीं बल्कि 1981 में प्रधान मंत्री कार्यालय में एक विशेष अधिकारी के रूप में पदस्थ थे तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी उन्हें राजनीति में लेकर आयीं। दरअसल जो लोग खुर्शीद को नहीं जानते उन्हें बता दूँ की सलमान खुर्शीद उस व्यक्ति का नाम है जो अपना घर फूंक क्र तमाशा देखने वाला है। एक लेखक है,एक अभिनेता है और बाद में जन नेता है। सलमान से असहमत लोगों ने सलमान खुर्शीद के नैनीताल स्थित आवास को आग तक लगा दी थी लेकिन न सलमान खुर्शीद बदले और न उनके स्वर । वे 1992 में जैसे थे वैसे ही 2024 में भी हैं। सलमान खुर्शीद और उनकी भतीजी को वोट के जरिये व्यवस्था बदलने के लिए जिहाद शब्द का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए था,क्योंकि इस देश में आज भी कूढ़ मगज लोग जिहाद के नाम से भड़क जाते हैं ,जैसे जिहाद कोई संक्रामक रोग हो ! सलमान खुर्शीद की मजबूरी ये रही कि वे जिस इलाके में राजनीति करते हैं उस इलाके में उर्दू मातृभाषा के रूप में प्रचलित है। वे यदि परिवर्तन के लिए जिहाद शब्द का इस्तेमाल न करते तो मुमकिन था कि उनकी बात स्थानीय मतदाता समझ न पाता। इस देश में मुसीबत ये है कि जो होता है उसे वो माना नहीं जाता । जैसे जो हेट स्पीच है उसे हेट स्पीच नहीं कहा जाता और जो हेट स्पीच नहीं है उसे आनन-फानन में हेट स्पीच मान लिया जाता है। घृणा की भाषा के बारे में जब हमारे नेता नहीं जानते तो हमारी पुलिस उसके बारे में कैसे जान सकती है ? पुलिस तो हुक्म की गुलाम है। उसके हाथ बंधे हैं। भारत में पुलिस के हाथ लम्बे जरूर होते हैं किन्तु उन्हें काम नहीं करने दिया जाता। हमारी पुलिस आज भी अंग्रेजों के जमाने कीपुलिस है। पुलिस तब बदलेगी जब देश का संविधान बदलेगा। संविधान तब बदलेगा जब मोदी जी तीसरी बार सत्ता में वापस आएंगे। तब तक हमें ,आपको ,सलमान खुर्शीद को इन्तजार करना होगा। अभी चुनाव के पांच चरण बाक़ी हैं ,देखिये आगे-आगे होता है क्या ? वैसे मै ईमानदारी से कहूँ कि आज आम चुनाव एक धर्मयुद्ध जैसा ही है। एकदम महाभारत के माफिक। लोकतंत्र में वोट जिहाद के बिना कोई तब्दीली आ ही नहीं सकती। इसलिए यदि आपके पास मताधिकार है तो आप वोट जिहाद यानि वोट से क्रांति कर सकते है।भाजपा भी यदि तीसरी बार सत्ता में वापस आएगी तो वोट कि जरिये ही ।

सुविचार

**जो प्राणिमात्र के लिये अत्यन्त हितकर हो, मै इसी को सत्य कहता हूँ।**

**- वेदव्यास**

राशिफल

**मेष** आज आप काफी सकारात्मक रहेंगे। शरीर व मन में नई ऊर्जा महसूस करेंगे। नौकरी व्यापार को बढ़ाने के लिए आर्थिक योजनाओं पर विचार करेंगे।

**वृष** आज आप मानसिक रूप से परेशान रह सकते हैं द्य कार्यालय में काम का बोझ महसूस करेंगे। धन की स्थिति सामान्य रहेंगी।

**मिथुन** आज दिन की शुरुआत अच्छी होंगी लेकिन जैसे जैसे दिन ढलेगा आप व्यक्तिगत रिश्तों को लेकर भावनात्मक हो सकते हैं। आप मानसिक थकान महसूस कर सकते हैं।

**कर्क** आज का दिन खुशियां लेकर आएगा। जिन जातकों को नौकरी की तलाश है या कोई जॉब इंटरव्यू देने जा रहे हैं सफलता का योग है।

**सिंह** आज का दिन की शुरुआत बेहद खास रहने वाली है। बुद्ध एवं चन्द्रमा आपके लाभ भाव में गोचर कर रहे हैं आकस्मिक धन लाभ हो सकता है।

**कन्या** किसी नए काम अथवा बड़े काम की आज शुरुआत न करें बल्कि जो काम चल रहे हैं उन्हें ही पूर्ण करें। यात्रा करते समय सावधानी रखें सामान गुम हो सकता है।

**तुला** आज का दिन खूब मेहनत करेंगे। मेहनत का पूर्ण फल आपको जरूर मिलेगा । रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़े जातकों को सफलता प्राप्त होगी।

**वृश्चिक** आज का दिन आप स्वयं को ऊर्जावान महसूस करेंगे। शरीर में चुस्ती फुर्ती बनी रहेंगी। छोटे भाई बहनों का सहयोग प्राप्त होगा।

**धनु** जीवन एवं व्यक्तिगत जीवन में सामंजस्य बैठा के चले। नौकरी व्यापार के लिए आज का दिन बहुत अच्छा नहीं है आपको दोनों तरह की स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

**मकर** आज का दिन आप काफी ऊर्जावान रहेंगे। आज आप शरीर में नई स्फूर्ति का संचार एवं ऊर्जा महसूस कर सकते हैं।

**कुंभ** कार्यक्षेत्र में जो भाग दौड़ उठा पटक बनी हुई थी आज उससे आपको राहत मिलेंगे। कोई बड़ा काम पूरा होने की खुशी महसूस होंगी।

**मीन** आज आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। मेहनत रंग लाएगी। हाथ आए हर अवसर को आप लाभ में बदल सकते हैं। धन का आगमन होगा।

# कोविशील्ड वैक्सीन और मोदी की विश्वसनीयता



लेखक - सनत जैन

ब्रिटेन की कंपनी एस्ट्राजेनिका ने ब्रिटेन की हाईकोर्ट में स्वीकार किया है कि उसकी कोरोना वैक्सीन से हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रोक का खतरा है। रक्त के थक्के जम जाने का भी साइड इफेक्ट हो सकता है। ब्रिटेन की कंपनी एस्ट्राजेनिका के फार्मूले से ही भारत में सीरम इंस्टीट्यूट द्वारा कोविशील्ड वैक्सीन को तैयार किया गया था। ब्रिटेन की कंपनी ने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर इसे तैयार किया था। ब्रिटेन की दवा कंपनी द्वारा हाईकोर्ट में स्वीकार किया गया है कि वैक्सीन लगने के बाद इसके साइड इफेक्ट भी हैं। ब्रिटेन की कंपनी यह बताने से हमेशा बचती रही है। 2023 में इस कंपनी के खिलाफ वैक्सीन लगाने के बाद हुए साइड इफेक्ट से हर्जाने की मांग का मुकदमा ब्रिटेन की अदालत में चल रहा था। अब जाकर कंपनी ने स्वीकार किया है, ??जिन्हें वैक्सीन लगाई गई थी, उन्हें गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ा है। मरीजों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। ब्रिटेन की कंपनी ने यह भी स्वीकार किया है कि क्लिनिकल ट्रायल और अलग-अलग देशों के डेटा से यह साबित भी होता है कि जिन लोगों को वैक्सीन लगी है, उनके ऊपर अलग-अलग प्रभाव देखने को मिले हैं। इसके बाद भी कंपनी ने दावा किया, कि उसकी वैक्सीन सुरक्षा से जुड़े हुए मामलों को पूरा करती है। भारत में इस वैक्सीन के ब्रांड एंबेसडर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने थे। भारत सरकार ने कहा था इस वैक्सीन की जांच इंडियन कौंसिल ऑफ़ मेडिकल रिसर्च द्वारा की जा चुकी है। इसे अदार पूनेवाला ने सीरम इंस्टीट्यूट की खोज बताया था। यह दावा अब गलत साबित हुआ है। भारत सरकार ने कोविशील्ड वैक्सीन को सुरक्षित मानते हुए इसे सभी के ?लिये अनिवार्य किया था। भारत में लगभग 175 करोड़ वैक्सीन के डोज महिला पुरुष और बच्चों को लगाए गए हैं। इस वैक्सीन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चित्र छापकर इसे विश्वसनीय बनाया गया था। निशुल्क वैक्सीन सरकारी खर्चे पर नागरिकों को लगाई गई थी। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आमजनों के बीच लोकप्रियता और विश्वसनीयता का लाभ कंपनी को मिला। पिछले वर्षों में जिस तरह से साइलेंट हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रोक के मामले भारत में बड़ी तेजी के साथ बढे हैं। कोरोना के दूसरे फेस में लाखों लोगों की मौत हुई थी। उनमें किसी के पोस्टमार्टम नहीं कराए गए। अस्पतालों में जो कोरोना के मरीज भर्ती होते थे, उन्हें कोरोना के मरीज मानकर तथा जिन मरीजों की मौत अन्य बीमारियों के कारण चिकित्सा के दौरान हुई थी। उनको साधारण मौत मानकर उनका भी शव परीक्षण नहीं कराया गया, जिसके कारण यह कहना मुश्किल है कि वैक्सीन के साइड इफेक्ट के कारण मौत हुई है। भारत में साइलेंट हार्ट अटैक, ब्रेन स्ट्रोक और रक्त संबंधी बीमारियों के कारण उन लोगों की मौत हुई है। भारत में दूसरे चरण का मतदान हो चुका है। पांच चरण का मतदान होना है। इसी बीच ब्रिटेन हाईकोर्ट में कोविशील्ड बनाने वाली कंपनी ने साइड इफेक्ट की जो बात स्वीकार की है, उसको लेकर अब भारत में भी भय का वातावरण देखने को मिल रहा है। अकेले दिल्ली में 30000 लोगों की मौत हार्ट अटैक के कारण हुई है। विभिन्न राज्यों में बहुत कम उम्र के लोग नाचते-गाते, व्यायाम करते, अथवा बैठे-बैठे ही साइलेंट हार्ट अटैक से मौत हो जाने के मामले रोजाना देखने और सुनने को मिलते हैं। भारत सरकार ने अभी तक इस तरह के मामलों में कोई जांच नहीं कराई है। एम्स जैसे संस्थान ने कोरोना के कुछ मरीजों की मौत के बाद शव का परीक्षण किया गया था। उसकी रिपोर्ट भी अभी तक सार्वजनिक नहीं की गई है। हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रोक से कम उम्र के लोगों की जो मौत हो रही है उसके बारे में भी अभी तक कोई जांच शुरू नहीं की गई है।

अध्यात्म

## आत्मबल के लिए

**एक गरीब बुढ़िया थी। अपनी झोपड़ी में अकेली रहती थी। उसके पास एक गाय थी। बस उसी के सहारे वह अपना जीवन निर्वाह करती थी। पर्युषण पर्व चल रहा था। वह अपनी झोपड़ी में बैठी-बैठी रोज देखती थी कि गांव के लोग बहुत ठाट-बाट से पूजा की थाल और प्रसाद आदि लेकर लिए मंदिर जा रहे हैं। उन्हें देख कर बुढ़िया सोचती थी, मैं इतनी ठाट से पूजा नहीं कर सकती, मेरे पास पर्याप्त साधन नहीं है। पूजा की इच्छा दब जाती। एक दिन उसने सोचा, यदि पूजा नहीं कर सकती तो आरती तो कर सकती हूं। बस, यह सोच कर वह उठी, अपनी गाय के दूध से निकाला हुआ घी लिया। पड़ोसी के एक कपास के खेत में से थोड़ी-सी रूई ले आई। एक मिट्टी के दीपक में आरती संजोकर चल दी मंदिर की ओर। अत्यंत श्रद्धा भक्ति से उसने आरती की, जिसके परिणाम स्वरूप आगामी भव में उसे अत्यंत ज्ञानी मुनिराज की पर्याय प्राप्त हुई। न कोई उपवास, न कोई व्रत, केवल पवित्र भावना, श्रद्धा और भक्ति से उसे यह प्राप्त हुआ। किसी शक्तिहीन व्रती प्राणी का उपहास मत कीजिए। संभव है, उसमें शक्ति की अल्पता हो पर भक्ति की प्रबलता हो। कोई छोटा बच्चा पवित्र भावना लेकर व्रत करना चाहता है, तो उसे रोकिए मत, करने दीजिए। उसकी भावनाओं को खंडित मत कीजिए, ठेस मत पहुंचाइए। बल्कि उसे व्रत के वास्तविक उद्देश्य को समझा कर उसके इरादे को और दृढ़ बनाइए। तप के मार्ग को सामान्य मत समझिए। कुछ लोग कहते हैं, तप में क्या रखा है? बेकार है? व्यर्थ है। ऐसा वे लोग कहते हैं जिनमें पुरुषार्थ का अभाव है। जो स्वयं पालन नहीं कर सके, उन्हें कहना चाहिए हम तो नहीं कर पाते, पर आप कर रहे हैं, यह अच्छी बात है। आपका कल्याण हो। उसके प्रति कम से कम अपनी भावनाएं पवित्र रखनी चाहिए। तप की सबसे बड़ी पूंजी आत्मशक्ति की उत्पत्ति है। इस आत्मशक्ति के माध्यम से हमारे में विरोध में भी जीने का साहस उत्पन्न होता है।**

कार्टून



# न थॉमस कप और न ही उबेर कप में भारत को मिला कोई पदक, महिलाओं के बाद पुरुष टीम भी हारी

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम थॉमस कप बैडमिंटन टीम अपने खिताब का बचाव नहीं कर पाई और क्वार्टर फाइनल में चीन से 1-3 से हार के साथ बाहर हो गई। महिला टीम का अभियान उबेर कप में जापान के हाथों 0-3 से हार के साथ समाप्त हो गया।

दो साल पहले थॉमस कप जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय टीम के एच एस प्रणय को दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी शी यू की के खिलाफ 66 मिनट के मुकाबले में 21-15, 11-21, 14-21 से हार मिली। सात्विक-चिराग की जोड़ी को दुनिया की नंबर जोड़ी लियांग वेई केंग और वांग चांग के हाथों 15-21, 21-11, 12-21 से हार मिली। युगल में जीत से





चीन को 2-0 से बढ़त मिल गई। उसके बाद निगाह लक्ष्य पर थी, जिन्होंने निराश नहीं किया। अल्मोढ़ा के 22 साल के सेन ने दुनिया के छठे नंबर के ली शी फेंग को 13-21, 21-8, 21-14 से हराकर स्कोर 1-2 कर दिया लेकिन युगल में ध्रुव और साई की दुनिया की 11वें नंबर की रेन जियांग यू और ही जी टिंग से 10-21, 10-21 की हार के साथ भारत की उम्मीदें खत्म हो गईं।

### उबेर कप में जापान ने 3-0 से हराया

इससे पहले उबेर कप में अश्मिता चालिहा और ईशारानी बरुआ के संघर्षपूर्ण खेल के बावजूद भारत की युवा महिला टीम को जापान के हाथों 0-3 से हार मिली। इस टूर्नामेंट में भारत की स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू ने हिस्सा नहीं लिया था। बावजूद इसके भारत ने ग्रुप मैचों में कनाडा और सिंगापुर को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था। गुरुवार को जापान के खिलाफ अश्मिता को अया ओहरी के खिलाफ 10-21, 22-20, 15-21 से हार मिली। बीस साल की ईशारानी दुनिया की पूर्व नंबर एक नोजोमी ओकुहारा से 15-21, 12-21 से हार गईं।

# टी-20 वर्ल्डकप टीम में सेलेक्शन होते ही चली गई फॉर्म?

## रोहित शर्मा-हार्दिक पांड्या फ्लॉप, अर्शदीप भी ने लुटाए रन



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम का सेलेक्शन होते ही एक अजीब पैटर्न सामने आया है। जिस दिन टी-20 टीम का ऐलान हुआ है, उसके बाद से खेले गए आईपीएल मैचों में खिलाड़ियों के प्रदर्शन में गिरावट आई है। इसमें कप्तान रोहित शर्मा से लेकर उपकप्तान हार्दिक पांड्या और सूर्यकुमार यादव तक शामिल हैं। इतना ही नहीं, गेंदबाज अर्शदीप सिंह भी गेंदबाजी में रन लुटाते नजर आए। यह सिलसिला एसआरएच और राजस्थान के मैच में दिखा, जहां युजवेंद्र चहल और संजू सैमसन कुछ नहीं कर पाए।

### जसप्रीत भी नहीं निकाल पाए विकेट

बता दें कि टी-20 विश्वकप के लिए टीम इंडिया का ऐलान 30 अप्रैल की शाम को हुआ है। इसमें रोहित शर्मा को टीम का कप्तान बनाया गया है, जबकि हार्दिक पांड्या उपकप्तान हैं। टीम में शिवम दुबे और अर्शदीप सिंह भी शामिल हैं। इसके बाद से दो आईपीएल मैच खेले गए हैं। पहला मैच 30 अप्रैल को लखनऊ सुपर जायंट्स और मुंबई इंडियंस का हुआ। इसमें रोहित शर्मा पांच गेंद में चार रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरे सूर्यकुमार यादव ने शुरुआत अच्छी की, लेकिन मात्र 6 गेंद में 10 रन ही बना सके। वहीं, टी-20 विश्वकप के लिए उपकप्तानी की जिम्मेदारी से नवाजे गए हार्दिक पांड्या का तो और बुरा हाल रहा। वह बिना कोई रन बनाए पहली ही गेंद पर कैच आउट होकर पवेलियन लौट गए।

# युजवेंद्र चहल ने 4 ओवर में लुटाए 62 रन

## सबसे महंगा स्पेल डालने वाले स्पिनरों के क्लब में हुई एंट्री



**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स के स्टार स्पिनर युजवेंद्र चहल गुरुवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में काफी महंगे साबित हुए हैं। उन्होंने अपने आईपीएल करियर का सबसे महंगा स्पेल डाला है। युजवेंद्र चहल की फॉर्म राजस्थान रॉयल्स के लिए चिंता का विषय हो गई है। क्योंकि पिछले 4 आईपीएल मैच में चहल ने 205 रन लुटाते हुए सिर्फ दो विकेट चटकाए हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में युजवेंद्र चहल ने 4 ओवर में 62 रन दिए। आईपीएल के इतिहास में सबसे महंगा स्पेल डालने वाले युजवेंद्र चहल दूसरे स्पिनर बन गए हैं। आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले युजवेंद्र चहल ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पहले ओवर में सिर्फ सात रन दिए थे। दूसरे ओवर में उन्होंने 18 रन लुटाए। पारी के 13वें ओवर में उन्होंने 21 रन दिए। आखिरी ओवर में उन्होंने 16 रन खर्च किए। हैदराबाद के खिलाफ वह विकेट लेने में असफल रहे। बतौर स्पिनर आईपीएल में सबसे महंगा स्पेल डालने का रिकॉर्ड मुजीब उर रहमान के नाम है। उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 2019 में 66 रन दिए थे। तीसरे नंबर पर इमरान ताहिर है, उन्होंने 59 रन और कुलदीप यादव ने भी 59 रन खर्च किए हैं। चहल का आईपीएल में ये सबसे महंगा स्पेल है। इससे पहले उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ जारी सीजन में 54 रन दिए थे और एक विकेट हासिल किया। चहल ने अपने करियर में पांचवीं बार आईपीएल पारी में 50 से अधिक रन दिए हैं।

# क्रिकेटर डेवोन थॉमस पर लगा 5 साल का बैन

## फिक्सिंग के चलते आईसीसी ने सजा दी, वेस्टइंडीज के लिए तीनों फॉर्मेट खेल चुके



**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद यानी आईसीसी ने गुरुवार 2 मई को वेस्टइंडीज के खिलाड़ी डेवोन थॉमस पर श्रीलंका क्रिकेट, अमीरात क्रिकेट बोर्ड और कैरेबियन प्रीमियर लीग के भ्रष्टाचार विरोधी संहिता के 7 मामलों का उल्लंघन स्वीकार करने के बाद 5 साल का बैन लगा दिया है। बता दें, आईसीसी ने पिछले साल इन आरोपों को लगाते हुए थॉमस को सस्पेंड किया था, लेकिन अब इन आरोपों को स्वीकार करने के बाद उन्हें क्रिकेट से पूरी तरह बैन कर दिया गया है। ये सभी आरोप मैच फिक्सिंग से जुड़े हैं। 34 साल के थॉमस के इन आरोपों को कबूल करने के बाद उनकी सजा को 18 महीने कम कर दिया गया है। अब वह 22 मई 2028 तक इंटरनेशनल और घरेलू क्रिकेट नहीं खेल पाएंगे।
ICC की इंटीग्रिटी यूनिट के जनरल मैनेजर एलेक्स हेल्स ने कहा, प्रोफेशनल तौर पर अंतर्राष्ट्रीय, डोमेस्टिक क्रिकेट और फैंचाइजी क्रिकेट खेल चुके डेवोन थॉमस ने कई भ्रष्टाचार विरोधी सत्रों में भाग लिया था। वो जानते थे कि एंटी करप्शन कोड्स के तहत उनकी जिम्मेदारियां क्या थीं लेकिन वो अपने दायित्वों को पूरा करने में नाकाम रहे। ये बैन सही लगाया गया है और इससे भ्रष्टाचार करने वाले अन्य खिलाड़ियों को संदेश भी जाता है कि ऐसा करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा।

# वेंकटेश-मनीष ने संभाला मोर्चा, दोनों के बीच पनप रही साझेदारी

*नई दिल्ली। आईपीएल 2024 का 51वां मैच मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेला जा रहा है। मुंबई इंडियंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। 57 रन के स्कोर पर पांच विकेट गंवा चुकी कोलकाता नाइट राइडर्स को वेंकटेश अय्यर और मनीष पांडे ने संभाला है। दोनों के बीच 30 से ज्यादा रनों की साझेदारी हो चुकी है। अय्यर 30 और पांडे 16 रन बनाकर नाबाद खेल रहे हैं। 11 ओवर के बाद टीम का स्कोर 91/5 है।*

*कोलकाता को पांचवां झटका पीयूष चावला ने दिया। उन्होंने रिंकू सिंह को 57 रन के स्कोर पर आउट किया। वह सिर्फ नौ रन बना सके। सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए मनीष पांडे उतरे हैं। सात ओवर के बाद टीम का स्कोर 60/5 है।*

*कोलकाता को चौथा झटका हार्दिक पांड्या ने दिया। उन्होंने सुनील नरेन को बोल्ड किया। वह सिर्फ आठ रन बना सके। छठे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए रिंकू सिंह उतरे हैं। पांच ओवर के बाद टीम का स्कोर 51/4 है। कोलकाता को तीसरा झटका भी नुवान तुषारा ने ही दिया। उन्होंने पारी*



*के तीसरे ओवर की आखिरी गेंद पर श्रेयस अय्यर को टिम डेविड के हाथों को कैच आउट कराया। वह सिर्फ छह रन बना सके। पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए वेंकटेश अय्यर उतरे हैं।*

*कोलकाता को दूसरा झटका 22 रन के स्कोर पर लगा। नुवान तुषारा ने अंगकृष रघुवंशी को अपना शिकार बनाया। वह सिर्फ 13 रन बना सके। सूर्यकुमार यादव ने उनका कैच पकड़ा। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए श्रेयस अय्यर उतरे हैं।*

*कोलकाता को पहला झटका फिल सॉल्ट के रूप में लगा। पारी के पहले ओवर में नुवान तुषारा ने उन्हें तिलक वर्मा के हाथों कैच कराया। वह सिर्फ पांच रन बना सके। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए अंगकृष रघुवंशी उतरे हैं। एक ओवर के बाद टीम का स्कोर 14/1 है।*

*टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स बल्लेबाजी के लिए तैयार है। सलामी बल्लेबाजी के लिए सुनील नरेन और फिल सॉल्ट उतरे हैं। दोनों अच्छी फॉर्म में नजर आ रहे हैं। पारी का पहला ओवर नुवान तुषारा फेंक रहे हैं।*

# भारतीय महिला टीम ने बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया

**5 मैचों की टी-20 सीरीज में 3-0 की बढ़त, शेफाली - स्मृति के बीच 91 रन की पार्टनरशिप**



**नई दिल्ली।** भारतीय विमेंस टीम ने शेफाली वर्मा तथा स्मृति मंधाना की 91 रन की साझेदारी की बदौलत सिलहट में तीसरे टी-20 मैच में बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया। इसके साथ ही भारत ने 3-0 की बढ़त बना ली है और सीरीज पर भी कब्जा जमा लिया है। शेफाली ने 51 और स्मृति ने 47 रन की पारी खेली। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 118 रन का लक्ष्य दिया था। भारत ने 121 रन बनाकर मैच जीता।

### टॉस जीत कर भारत ने फील्डिंग चुनी

भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का फैसला किया। भारतीय गेंदबाजों ने कप्तान के फैसले को सही साबित करते हुए 6.3 ओवर में बांग्लादेश को 46 रन के स्कोर पर पहला झटका दिया।

इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने 55 रन पर दूसरा और 85 के स्कोर पर तीसरा और चौथा विकेट लेकर बांग्लादेश के को बड़ा स्कोर करने से रोक दिया। बांग्लादेश की पूरी टीम निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 117 रन ही बना सकी। बांग्लादेश के लिए सलामी बल्लेबाज दिलारा अख्तर ने 27 गेंदों पर 39 रन और कप्तान निगार सुल्ताना ने 28 रनों की पारी खेली।

भारत के लिए राधा यादव ने 22 रन देकर दो विकेट चटकाए, जबकि रेणुका सिंह, पूजा वस्त्राकर और श्रेयांका पाटिल ने एक-एक विकेट लिए। 118 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को शेफाली और स्मृति मंधाना ने शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने पावरप्ले में बिना कोई विकेट गंवाए 59 रन जोड़े।

दोनों ने पहले विकेट के लिए 12.1 ओवर में 91 रन की साझेदारी की। शेफाली ने 38 गेंदों पर आठ चौकों की मदद से 51 रन बना, जबकि स्मृति मंधाना ने 42 गेंदों पर पांच चौके और एक छक्का की मदद से 47 रनों की पारी खेली।

# अजय जडेजा की अजब सलाह, रोहित शर्मा बैटिंग ऑर्डर में आएं नीचे, विराट कोहली-यशस्वी करे ओपनिंग



**नई दिल्ली।** आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 के आगाज में अब एक महीने से भी कम का समय बचा है। 2 जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका की मेजबानी में आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप खेला जाना है, जिसके लिए भारत ने 15 सदस्यीय स्क्वॉड का भी ऐलान कर दिया है। कप्तान रोहित शर्मा और चीफ सिलेक्टर अजीत अगारकर ने 1 मई को प्रेस कॉन्फ्रेन्स के दौरान टीम सिलेक्शन को लेकर पूछे गए कड़े सवालों का भी जवाब दिया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 30 अप्रैल को 15 सदस्यीय स्क्वॉड का ऐलान किया था। कई दिग्गज क्रिकेटर्स कह चुके हैं कि टी20 वर्ल्ड कप में विराट कोहली और रोहित शर्मा को पारी का आगाज करना चाहिए, लेकिन पूर्व क्रिकेटर अजय जडेजा की राय सबसे ज्यादा अलग है। उनका मानना है कि टी20 वर्ल्ड कप में विराट कोहली के साथ यशस्वी जायसवाल को पारी का आगाज करना चाहिए, जबकि रोहित शर्मा को नंबर-3 पर बैटिंग के लिए आना चाहिए। टी20 इंटरनेशनल में रोहित पारी का आगाज करते हैं, जबकि विराट कोहली नंबर-3 पर बैटिंग करने के लिए आते हैं। भारतीय टीम को टी20 वर्ल्ड कप 2024 का अपना पहला मुकाबला 5 जून को खेलना है। लीग मैच में भारत के सभी मैच अमेरिका में खेले जाने हैं। अजय जडेजा ने जियो सिनेमा पर कहा, %मेरे हिसाब से विराट कोहली को पारी का आगाज करना चाहिए।

# भारत से छिना नंबर-1 टेस्ट टीम का ताज, वनडे और टी20 में बादशाहत बरकरार

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल यानी आईसीसी ने शुक्रवार 3 मई को टेस्ट, वनडे और टी20 रैंकिंग का सालाना अपडेट जारी कर दिया है। इस अपडेट के बाद भारत से नंबर-1 टेस्ट का ताज छिन गया है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2021-23 के फाइनल में भारत को धूल चटाने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम ने अब टेस्ट में पहला पायदान हासिल किया है।

हालांकि भारत की वनडे और टी20 में बादशाहत बरकरार है, टीम इंडिया इन दोनों फॉर्मेट में पहले स्थान पर बनी हुई है। आईसीसी के इस सालाना अपडेट के बाद टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की 124 रेटिंग है, वहीं भारत 120 रेटिंग के साथ दूसरे पायदान पर है। वहीं इंग्लैंड 105 रेटिंग्स के साथ तीसरे पायदान पर है।

इनके अलावा टेस्ट रैंकिंग में चौथे से नौवें पायदान तक किसी तरह का कोई बदलाव नहीं हुआ है। साउथ अफ्रीका (103) चौथे, न्यूजीलैंड (96) 5वें,



पाकिस्तान (89) 6ठे, श्रीलंका (83) 7वें, वेस्टइंडीज (82) 8वें और बांग्लादेश (53) 9वें के स्थान पर है।

सभी टीमों के मई 2021 के बाद के परफॉर्मेंस का असर ताजा रैंकिंग पर पड़ा है। मई 2021 और मई 2023 के बीच के सभी रिजल्ट को 50 प्रतिशत महत्व दिया गया है, वहीं अगले 12 महीनों में - जिसमें ऑस्ट्रेलिया की वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल जीत भी शामिल है - उसे 100 प्रतिशत महत्व दिया गया है।

### वनडे में भारत की बादशाहत

हालांकि टेस्ट टीम में नंबर-1 का ताज खोने वाली टीम इंडिया की लिमिटेड ओवर क्रिकेट के दोनों फॉर्मेट में बादशाहत बरकरार है। बात वनडे रैंकिंग की करें तो ताजा अपडेट के बाद भारत 122 रेटिंग्स के साथ पहले तो ऑस्ट्रेलिया 116 रेटिंग्स के साथ दूसरे पायदान पर है। भारत के पास 6 रेटिंग्स की बढ़त है। इस सूची में साउथ अफ्रीका 112 रेटिंग्स के साथ ऑस्ट्रेलिया के करीब पहुंच गई है, वह तीसरे पायदान पर है। जबकि पाकिस्तान 106 और न्यूजीलैंड 101 रेटिंग के साथ टॉप-5 में हैं। इंग्लैंड (95) इस सूची में 6ठे, श्रीलंका (93) 7वें, बांग्लादेश (86) 8वें, अफगानिस्तान (80) 9वें और वेस्टइंडीज (69) 10वें पायदान पर हैं। आईसीसी के सालाना अपडेट के बाद भारत टी20 रैंकिंग में 264 रेटिंग्स के साथ सबसे ऊपर पहले पायदान पर है।

# पीयूष चावला बने आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज, दिग्गज ड्वेन ब्रावो का रिकॉर्ड



***नई दिल्ली।*** *मुंबई इंडियंस के स्टार गेंदबाज पीयूष चावला आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में खेले जा रहे मुकाबले में ये उपलब्धि हासिल की। पीयूष चावला ने रिंकू सिंह को पवेलियन भेजकर अपना खाता खोला। रिंकू सिंह 8 गेंद में 9 रन बनाकर आउट हुए। मुंबई इंडियंस के लिए जारी सीजन में पीयूष चावला काफी सफल गेंदबाज रहे हैं। पिछले कुछ मैचों में उन्होंने टीम के लिए विकेट चटकाए हैं। आईपीएल में सर्वाधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड युजवेंद्र चहल के नाम है। चहल ने जारी सीजन में 200 विकेट पूरे किए और वह ऐसा करने वाले पहले गेंदबाज बने। पीयूष चालवा 184 विकेट के साथ दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। वेस्टइंडीज के दिग्गज ड्वेन ब्रावो ने 183 विकेट झटके हैं। भारत के स्टार तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार 178 विकेट के साथ चौथे नंबर पर मौजूद हैं।*

*पीयूष चावला उन कुछ चुनिंदा खिलाड़ियों में से एक हैं, जो 2008 से आईपीएल में खेल रहे हैं। उन्होंने शुरुआत में पंजाब किंग्स के लिए खेला। इसके बाद 2014 में कोलकाता नाइट राइडर्स से जुड़े और टीम को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। 2019 तक वह टीम के साथ रहे। 2020 में चेन्नई के लिए खेला और फिर 2021 में मुंबई इंडियंस की टीम में शामिल हुए।*

# शासन से प्राप्त सभी पत्रों पर गंभीरता पूर्वक कार्रवाई कर पंजियों का संधारण करें: कलेक्टर

## शासकीय कर्मचारियों की निष्ठा शासन, कर्तव्य एवं कार्य के प्रति रहे

**संवाददाता - अजय सिंह राजपूत**



नर्मदापुरम/ कलेक्टर कार्यालय के कर्मचारी शासन से प्राप्त हर पत्र पर गंभीरता पूर्वक कार्य करें। पंजियों का संधारण ठीक से करते हुए सभी जानकारी पोर्टल में दर्ज करें। सभी कर्मचारियों की निष्ठा अपने कार्य शासन एवं कर्तव्य के प्रति होनी चाहिए उक्त निर्देश कलेक्टर सोनिया मीना ने शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय के लिपिक वर्गीय कर्मचारी की बैठक में दिए। कलेक्टर ने लिपिक वर्गी कर्मचारी से उनकी शाखाओ एवं सौपे गए कार्यों की जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि कई बार लिपिकीय स्तर पर कागज में मार्क हो जाता है लेकिन रिमाइंडर नहीं होता है। अतः जो पत्र मार्क हो के विभाग में प्रेषित होते हैं और विभाग से यदि जवाब नहीं आते हैं तो उन पत्रों में रिमाइंडर अवश्य करें और अपने संबंधित प्रभारी अधिकारी को इससे अवगत कराए। कलेक्टर ने कहा कि कर्मचारियों की जानकारी के आधार पर ही अधिकारी कार्य एवं प्रस्तुत जानकारी के आधार पर ही अधिकारी निर्णय करते हैं।

अतः प्रभारी अधिकारी को इस बात से जरूर अवगत कराए की रिमाइंडर का भी जवाब नहीं आ रहा है और अप्रिय स्थिति बन रही है। कलेक्टर ने सभी कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वह अपनी अपनी शाखाओं का गाइड फाइल जरूर बनाएं। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी को अपने फील्ड की व्यापक जानकारी है, अतः सभी कर्मचारी गंभीरता पूर्वक कार्य करें। कलेक्टर ने आर्म्?स की जानकारी लेते हुए कहा की सभी आर्म्स लाइसेंस एवं नवीनीकरण के केस बेहतर ढंग से संधारित हो और समय-समय पर अपर कलेक्टर को संबंधित लिपिक जानकारी से अवगत कराते रहे। उन्होंने आर्म्स में शस्त्र लाइसेंस के नवीनीकरण के प्रकरण की समीक्षा की, बताया गया कि आचार संहिता के कारण अभी नवीनीकरण के प्रकरण का निराकरण नहीं हो रहा है और जो भी नए प्रकरण आचार संहिता से पहले प्राप्त हुए थे उन्हें पोर्टल में दर्ज कराया गया है। बताया गया की नवीनीकरण के ऐसे प्रकरण जो आचार संहिता के बाद आए हैं आचार संहिता खत्म होने के बाद तत्काल नवीनीकरण करके संबंधित को जारी कर दिया जाएगा।

# संगठन के पुर्नउत्थान के लिए हो रहे हैं 108 सुन्दर काण्ड

## जमीन के 200 फीट नीचे वना है भव्य मंदिर

सागर। महेन्द्र राज। भारत का एक मात्र संगठन जिस ने भारत से अग्रेजो का धटिया कानून इन्डियन पैनल एक्ट 1861 को बदलवाने के लिए 2017 में बुन्देलखंड के सागर जिला से संगठन शुरू किया था जो एक समय 11 प्रदेशो में खडा हो गया था एवं 180 जिला अध्यक्ष थे लाखो कार्यकर्ता निस्वार्थ भाव से राष्ट सेवा के लिए तन मन धन से रात दिन काम करते थे इसी का परिणाम है कि आज 1 जुलाई को भारत में 3 नए क्रिमिनल कानून लागू हो रहे हैं लेकिन इस बर्ष संगठन शिथिल पड गया जिस के पुर्नउत्थान के लिए आज पुलिस विभाग एवं पुलिस परिवार कल्याण संघ के



राष्टीय उपाध्यक्ष एवं आपचंद गुफा मंदिर के महामंणलेश्वर रामाधर महाराज ने संगठन के पुर्नउत्थान के लिए हनुमान जी की विषेश आदेश से मंदिर पर 108 सुन्दर काण्ड करने का संकल्प संगठन के संस्थापक/ राष्टीय अध्यक्ष नंद किशोर पटवा से कराया जो 51 दिनो तक चलेगा आपचंद की गुफा मंदिर जमीन से 200 फीट नीचे विशाल पहाडो को काटकर वनाया गया है जो सदियो पुराना है 109 बर्षो से जल रही है अखंण्ड ज्योती 109 बर्षो से आपचंद गुफा पर 109 सालो से अखंण्ड ज्योती जल रही है जो हनुमान जी की विषेश कृपा है और सभी की मनोकामना पूर्ण होती है ऐ अखंड भारत की चार बार परिक्रमा लगा चुकी है 108 सुन्दर काण्ड के संकल्प के सामय राष्टीय उपाध्यक्ष शिवशंकर मिश्रा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ठाकुर गभिरिया एवं अनिल पारासर संभाग अध्यक्ष बद्री प्रसाद भाराद्दाज संभाग उपाध्यक्ष मोहनलाल राठौर नरेन्द्र कटारे जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र नायक पूजा पटवा आदी बडी संख्या में संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बाल विवाह को रोकने में विफलता पर पंचों व सरपंचों को ठहराया जाएगा जवाबदेह : राजस्थान हाई कोर्ट

## अक्षय तृतीया से पहले राजस्थान हाई कोर्ट के आदेश का स्वागत करते हुए गैरसरकारी संगठनों ने उठाई मांग




टीकमगढ़। प्रदेश में बाल विवाहों की रोकथाम सुनिश्चित करने के राजस्थान हाई कोर्ट के फौरी आदेश के बाद पूरे देश में इस तरह की आवाजें उठने लगी हैं कि उनके राज्य में भी इसी तरह के सख्त कदम उठाए जाएं। मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ में जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस के सहयोगी संगठन साई ज्योति संस्थान ने राज्य सरकार से अपील की कि वह भी इस नजीर का अनुसरण करते हुए सुनिश्चित करे कि अक्षय तृतीया के दौरान कहीं भी बाल विवाह नहीं होने पाए। हाई कोर्ट का यह फौरी आदेश 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस' की जनहित याचिका पर आया है। इन संगठनों ने अपनी याचिका में इस वर्ष 10 मई को अक्षय तृतीया के मौके पर होने वाले बाल विवाहों को रोकने के लिए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की थी।

न्यायमूर्ति शुभा मेहता और पंकज भंडारी की खंडपीठ ने कहा, ÷सभी बाल विवाह निषेध अफसरों से इस बात की रिपोर्ट मंगाई जानी चाहिए कि उनके अधिकार क्षेत्र में कितने बाल विवाह हुए और इनकी रोकथाम के लिए क्या प्रयास किए गए।÷ खंडपीठ का यह आदेश अक्षय तृतीया से महज 10 दिन पहले आया है। याचियों द्वारा बंद लिफाफे में सौंपी गई अक्षय तृतीया के दिन होने वाले 54 बाल विवाहों की सूची पर गौर करने के बाद खंडपीठ ने राज्य सरकार को इन विवाहों पर रोक लगाने के लिए 'बेहद कड़ी नजर' रखने को कहा है। यद्यपि इस सूची में शामिल नामों में कुछ विवाह पहले ही संपन्न हो चुके हैं लेकिन 46 विवाह अभी होने बाकी हैं। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस के संस्थापक भुवन ऋभु ने कहा, ÷बाल विवाह वह घृणित अपराध है जो सर्वत्र व्याप्त है और जिसकी हमारे समाज में स्वीकार्यता है। बाल विवाह के मामलों की जानकारी देने के लिए पंचों व सरपंचों की जवाबदेही तय करने का राजस्थान हाई कोर्ट का यह फैसला ऐतिहासिक है। पंचायत सदस्य व प्रधान जब बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक होंगे तो इस अपराध के खिलाफ अभियान में उनकी भागीदारी और कार्रवाइयां बच्चों की सुरक्षा के लिए लोगों के नजरिए और बर्ताव में बदलाव का वाहक बनेंगी। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस पांच गैरसरकारी संगठनों का एक गठबंधन है जिसके साथ 120 से भी ज्यादा गैरसरकारी संगठन सहयोगी के तौर पर जुड़े हुए हैं जो पूरे देश में बाल विवाह, बाल यौन शोषण और बाल दुर्व्यापार जैसे बच्चों की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर काम कर रहे हैं।

# आग का गोला बना डंपर चालक ने बचायी अपनी जान

**खन्ना।** बीती रात्रि कानपुर सागर नेशनल हाईवे पर एक डंपर चलते चलते अचानक चलते-चलते आग का गोला बन गया। गंभीर स्थिति को देखते हुए चालक अपनी जान बचाकर ट्रक छोड़कर भाग निकला। आगजनी में ट्रक का आगे का हिस्सा पूर्ण रूप से जलकर खाक हो चुका था। जब घटना को पास में



ही मौजूद 112 नंबर पुलिस ने देखा तो उक्त घटना की सूचना थाना प्रभारी एवं अग्निशमन विभाग महोबा को दी। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से किसी प्रकार कडी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। बीती रात्रि ट्रक चालक कैलाश पुत्र विशुनता प्रजापति 40 वर्ष निवासी भारत सिंह नगर बार्ड नंबर 12 पंकज ऑटोमोबाइल्स कानपुर का डंपर लेकर कबरई से गिट्टी लेने आ रहा था। अर्धरात्रि के समय जैसे ही डंपर ग्राम चिचारा के बस स्टैंड से पहले मवई खुर्द मोड के पास पहुंचा, तभी डंपर के इंजन में अचानक आग लग गई और ट्रक धू धू कर जलने लगा। गंभीर स्थिति को भापकर ट्रक चालक कैलाश अपनी जान बचाकर वहां से भाग निकला। घटना के दौरान पास से ही गुजरती 112 नंबर पुलिस ने ट्रक को जलता देख तत्काल इसकी सूचना थाना प्रभारी एवं अग्नि समन विभाग महोबा को दी। घटना की सूचना पाकर थाना प्रभारी एस0एन0 नागर पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से आग बुझाने में जुट गए। पुलिस व ग्रामीणों ने कडी कडी मशक्कत कर किसी प्रकार आग पर काबू पाने का प्रयास किया।

# विंध्य के जरुरतमंद छात्रों को स्कालरशिप मिलेगी

## बघेलखंड सांस्कृतिक भवन ट्रस्ट की सकारात्मक पहल



**सीधी।**

बघेलखंड सांस्कृतिक भवन ट्रस्ट विंध्य के आर्थिक दृष्टि से कमजोर परिवार के स्कूलों और कॉलेजों में अध्ययनरत उदीयमान, मेधावी तथा प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित करेगा। इसके साथ ही गरीब और कमज़ोर वर्ग के प्रदेश स्तर पर अच्छे अंक प्राप्त करने वाले जरुरतमन्द छात्रों को स्कॉलरशिप भी प्रदान की जायेगी। भोपाल स्थित बघेलखंड भवन में आयोजित ट्रस्ट की बैठक में यह निर्णय लिया गया है।

विधायक एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में सर्वसम्मति से कई प्रस्ताव पारित किये गये, इसमें भोपाल में रह रहे गरीब एवं जरूरतमंद विंध्य के निवासियों को उनके वैवाहिक आयोजन के लिए सहायता करने तथा विंध्यवासी प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों एवं अवकाश प्राप्त लोगों का सम्मान करने का भी ट्रस्ट ने निश्चय किया है। इसके अलावा मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, संघ लोक सेवा आयोग व अन्य राज्यों और केंद्रीय सेवाओं में सफलता प्राप्त प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को भी सम्मानित किया जाएगा।

इस बैठक में ट्रस्ट के अध्यक्ष अजय सिंह के अलावा महासचिव डॉक्टर कमलाकर सिंह पूर्व कुलपति भोपाल,सागर श्रीवास्तव पूर्व चीफ इंजीनियर,कुलवंत सिंह पूर्व उप पुलिस अधीक्षक,शैलेन्द्र सिंह पूर्व संचालक कृषि,मोहम्मद यूनुस खान, अशोक खरे पूर्व चीफ़ इंजीनियर नगर प्रशासन तथा सुनील शुक्ला आदि उपस्थित थे।

# मजदूर दिवस पर पत्रकारों ने सौंपा मांगों का ज्ञापन

## महामहिम राज्यपाल के नाम से सौंपा गया 21 सूत्रीय ज्ञापन पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने पर दिया गया जोर



**सीधी।**

मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला इकाई सीधी द्वारा मजदूर दिवस पर श्रमजीवी पत्रकारों की समस्याओं को लेकर 21 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन महामहिम राज्यपाल के नाम सौंपा गया। मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला इकाई सीधी के कार्यकारी अध्यक्ष सूरज शुक्ला के नेतृत्व में एसडीएम गोपद बनास नीलेश शर्मा को सौंपे गए ज्ञापन में श्रमजीवी पत्रकारों की समस्याओं का उल्लेख करते हुए पत्रकार सुरक्षा कानून समेत अन्य मांगों पर जल्द से जल्द कार्यवाही की मांग की गई है। ज्ञापन में शामिल मांगों में पत्रकार सुरक्षा कानून को लागू करने पर कहा गया है कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उक्त मांग को सैद्धांतिक रूप से स्वीकार कर लिया था और इसके लिए एक समिति भी गठित की थी। उनके मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद समिति की अभी तक बैठक तक नहीं हुई। भोपाल के मालवीय नगर स्थित विशाल पत्रकार भवन को 18 महीने की कमलनाथ की कांग्रेस सरकार द्वारा ध्वस्त कर भूमि ले ली गई थी। उसको वापस दी जाए। श्रम विभाग के सहयोग से श्रमजीवी पत्रकारों के लिए कमेटी का गठन किया जाए, संभाग व जिला स्तर पर श्रमजीवी पत्रकार प्रकोष्ठ बनाया जाए, आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ पत्रकारों को दिया जाए, श्रमजीवी पत्रकार कल्याण आयोग का गठन हो, विज्ञापन की एक समान निधि बने, तहसील स्तर पर सूचना हायक नियुक्त किए जाएं, टोल नाकों में मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के कार्ड को मान्यता दी जाए, समाचार पत्रों तथा पत्रकारों को जीएसटी से मुक्त रखा जाए, लघु एवं मध्यम समाचार पत्रों की विज्ञापन नीति पर पुन÷ विचार हो, कतिपय पत्रकार संगठनों द्वारा किए जा रहे अधिमान्य शब्द का दुरुपयोग रोंका जाए, श्रद्धा निधि जीवन पर्यंत मिले, जन सम्पर्क कार्यालय में स्टॉफ की कमी को दूर किया जाए, शासकीय आवास स्थाई रूप से आवंटित हों, पत्रकारों के चिकित्सा कार्ड बनाए जाएं, अधिमान्यता समितियां गठित हों, पत्रकारों को कम ब्याज पर ऋण मिले, सरकारी नौकरियों में पत्रकारों के बच्चों को भी आरक्षण दिया जाए। तहसीलों और जिला मुख्यालयों में पत्रकार भवन के लिए भू-खंड आवंटित किए जाएं। ज्ञापन सौंपने के दौरान मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ के संभागीय महासचिव आदित्य सिंह, संभागीय उपाध्यक्ष अमित सिंह एवं जगन्नाथ द्विवेदी, संभागीय सचिव अजय पाण्डेय, जिला महासचिव हरीष द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष अजय मिश्रा, हरिश्चन्द्र मिश्रा, रजनीश तिवारी, बृजेश पाण्डेय, संतोष तिवारी, रामलखन गौतम, रवींद्र पाण्डेय, जीतेन्द्र सिंह, ब्लॉक मझौली अध्यक्ष अरविंद सिंह, पंकज सिंह सोनू, राहुल सेन, रामेश्वर द्विवेदी, राकेश केवट, सोनू सिंह, अमर द्विवेदी, दिनेश दुबे, मनीष दुबे, पवन सिंह, रजनीश जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

# सुख तो चाहते हैं लेकिन दुख को छोड़ना नहीं चाहते : मुनिश्री शैलसागर जी महाराज

**कुंडलपुर दमोह।** सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र, जैनतीर्थ कुंडलपुर में मुनि श्री शैलसागर जी महाराज ने प्रवचन देते हुए कहा संसार में जितने भी प्राणी हैं वह सब सुख चाहते हैं सुख तो चाहते हैं लेकिन दुख को छोड़ना नहीं चाहते ।सुख की इच्छा सभी के लिए लेकिन दुख के जितने साधन है सभी जोड़कर रखे हुए हैं जब तक दुख के साधन साथ रहेंगे तब तक सुख मिलना संभव नहीं। व्यक्ति के पास जितने साधन हैं दुख के हैं सुख का साधन एक भी नहीं ।यहां तक कहा जाए महाराज के पास पिच्छी कमंडल है वह क्या सुख का साधन है वह भी एक प्रकार से दुख का साधन है क्योंकि यह पिच्छी मेरी है यह कमंडल मेरा है



।जहां मेरे तेरे का भाव आएगा वहां निश्चय दुख होगा ।पिच्छी को पिच्छी के रूप में कमंडल को कमंडल के रूप में स्वीकार करते हैं तो दुख की बात नहीं है कि यह मेरा है मेरा जो है वह दुख है दुख के कारण गौण कर दे व्यक्ति तो उसके पास सुख ही सुख हो ।सुख तो चाहते पर दुख के साधनों को दूर नहीं करना चाहते ।अब दुख से बचने के लिए आचार्य कुंदकुंद देव ने प्रवचन सार में कहा कि सिद्धों को नमस्कार करो दुख से बचना चाहते तो दीक्षा को अंगीकार करो। आखिर दीक्षा है क्या दीक्षा तो सभी की होती पर दीक्षा का है क्या दीक्षा के लिए वस्त्र का त्याग किया जाए कोई जरूरी नहीं है ।एक इच्छा पूर्ण हुई दूसरी शुरू हो जाती है इच्छाएं रहेगी तब तक दुख ही दुख ।सुख की प्राप्ति के लिए क्या हमने सुख को प्राप्त किया सुख को हमने प्राप्त नहीं किया दुख की खोज में दुख को एकत्रित कर लिया।

# अवैध कफ सिरफ विक्रय के मामले में 10 वर्ष की सजा

**सीधी।**

विषेश न्यायालय सीधी ने एक अवैध नशे के करोबारी के खिलाफ बड़ा फैसला सुनाया है।बताया गया कि मुखबिर की सूचना पर 22 मई 2023 को समय करीब 11÷30 बजे सहायक उपनिरीक्षक कमलेश त्रिपाठी द्वारा हमराह स्?टाफ के साथ ग्राम तिलवारी अन्तर्गत थाना मझौली में अभियुक्?त विकाश उर्फ छोटू गिरी तनय गोरेलाल गिरी 24 वर्ष निवासी ग्राम तिलवारी थाना मझौली जिला सीधी को घेराबंदी कर उसके आधिपत्य में बिना किसी वैध अनुज्ञप्ति या अधिकार पत्र के अवैध रूप से कोडीन युक्त ऑनरेक्?स कफ सिरप की 100-100 एमएल की 72 सीसियां यानि 7200 एमएल रखे पाया गया। अभियुक्?त कफ सिरप विक्रय हेतु ग्राहक के इंतजार में खडा था, पुलिस को देख कर भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकडा गया एवं उसके खिलाफ थाना मझौली में अपराध क्रमांक 556/23 अंतर्गत धारा 8,21,22 एवं 5/13 एनडीपीएस एक्?ट का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना पश्?चात् अभियोग पत्र तैयार कर माननीय विशेष न्?यायालय सीधी के समक्ष प्रस्?तुत किया गया, जिसके न्?यायालयीन विशेष सत्र प्रकरण क्रमांक 28/2023 में शासन की ओर से पैरवी करते हुए अपर लोक अभियोजक अरूण कुमार मिश्र द्वारा आरोपी को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया, परिणामस्?वरूप माननीय विशेष न्?यायाधीश, एनडीपीएस एक्?ट सीधी की न्?यायालय के द्वारा अभियुक्?त विकाश उर्फ छोटू गिरी तनय गोरेलाल गिरी 24 वर्ष, निवासी ग्राम तिलवारी, थाना मझौली को धारा 8/21सी एनडीपीएस एक्?ट के आरोप में 10 वर्ष का कठोर कारावास एवं एक लाख रूपये अर्थदण्ड और अर्थदण्?ड अदा न करने की स्थिति में एक वर्ष अतिरिक्?त सश्रम कारावास की सजा से दण्डित किया गया।

# तालाब में डूबने से 73 साल के वृद्ध की मौत

**भोपाल।** निशातपुरा थाना इलाके के ग्राम नेवरी में बने तालाब में डूबने से 73 साल के वृद्ध की जान चली गई। पुलिस के अनुसार निशातपुरा में रहने वाले 73 वर्षीय भंवरलाल यादव बुधवार रात सदिंग्ध हालत में अपने घर से कुछ दूरी पर स्थित तालाब में गिर गए। सूचना मिलने पर परिजन उन्हें तालाब से निकालकर इलाज के लिये अस्पताल लेकर पहुंचे जहॉ डॉक्टर ने चेकअप के बाद ही उन्हें मृत घोषित कर दिया। हॉस्पिटल से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिवार वालो को सौंप दिया है। शुरुआती जॉच के आधार पर पुलिस का अनुमान है कि मृतक शौच के लिए गए थे, इसी दौरान वह हादसे का शिकार हो गए।

# कमजोर बूथों में भाजपा ने झोंकी ताकत, घोड़ाडोंगरी विधानसभा संयोजक और प्रदेश मंत्री ने बूथों में किया सघन जनसपंर्क

**घोड़ाडोंगरी**

मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव में एवम घोड़ाडोंगरी विधानसभा में जीत के बाद लोकसभा को लेकर भारतीय जनता पार्टी मजबूत स्तिथि में है। लेकिन चुनाव में पॉजिटिव लहर के बाद भी भाजपा ने विधानसभा चुनाव में कमजोर रहे बूथों में भाजपा के पक्ष में 370 वोट से ज्यादा वोट भाजपा को मिले और मोदी लहर में सांसद की जीत बड़े अंतर से जितने के लिए ताकत झोंक दी है

इस कमजोर बूथों में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष और विधानसभा संयोजक राजेन्द्र मालवीय और जनजाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री दीपक उइके ने बूथों में जाकर पार्टी



के नेताओ और ग्रामीण जनों से सम्पर्क कर संवाद किया इस अवसर पर राजेन्द्र मालवीय ने 10 वर्षो की मोदी जी की सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए जनता और महिलाओं को हो रहे लाभ की जानकारी दी और इस बार अपने बूथों में ज्यादा से ज्यादा वोट भाजपा के पक्ष में डालने की अपील की। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री दीपक उइके ने महिलाओं से आह्वान किया कि भाजपा सरकार ने जितनी चिंता महिलाओं की करी है उतना 70 बर्षो में कॉग्रेस की सरकार ने नही की उन्होंने महिलाओ से अपील करते हुए अपने गांव एवम बूथों में भाजपा के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा वोट डलवाने का आह्वान किया है। जनसपंर्क के दौरान कमल मर्सकोले, अनिल सलाम ,संजय यादव सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मढ़ई में योग एवं वेलनेस रिट्रीट में पर्यटकों ने जमकर उठाया लुफ्त

## पर्यटकों के लिए पर्यटन स्थल पर हुआ नवाचार मिला नया अनुभव




**संवाददाता - शेख़ जावेद**

नर्मदापुरम/ नर्मदापुरम जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मढ़ई में मप्र टूरिज्म बोर्ड द्वारा ऑफबीट डेस्टिनेशन मढ़ई में योगा एवं वेलनेस रिट्रीट कार्यशाला का हुआ शुभारंभ। इस दौरान भक्ति साधना मेडिटेशन, प्राचीन सूर्य क्रिया, बर्ड वॉचिंग, वाइल्डलाइफ सफारी पर्यटकों को कराई गई। पर्यटकों ने उत्साह दिखाते हुए सभी गतिविधियों का उठाया लुफ्त। पर्यटकों को पर्यटन स्थल पर इन गतिविधियों को करते हुए नया अनुभव लिया एवं सभी ने इस कार्यक्रम की सराहना की। इस तरह की गतिविधियां पहले कभी अन्य पर्यटन स्थलों पर नहीं मिली ये नवाचार था उनके लिए। बोर्ड की अपर प्रबंध संचालक बिदिशा मुखर्जी ने बताया बोर्ड द्वारा साक्षी-द डिवाइन विटनेस संस्था के साथ मढ़ई के सुरम्य प्राकृतिक सौंदर्य के मध्य योग एवं मेडिटेशन रिट्रीट के आयोजन में, अन्य और भी गतिविधियों को कराया जाएगा।

# संजय गांधी अस्पताल में हिन्दू उत्सव समिति ने किया निशुल्क प्याऊ का संचालन



**रीवा**


हिंदू उत्सव समिति धर्म परिवार के अध्यक्ष गुरमीत सिंह मंगू के मार्गदर्शन में संजय गांधी अस्पताल परिसर में गुरुवार 2 मई को अस्पताल प्रबंधन के प्रस्ताव पर मरीजो व उनके परिजनों के लिए ठंडा पानी उपलब्ध कराने निशुल्क प्याऊ का शुभारंभ नगर अध्यक्ष अनिल मिश्रा द्वारा संजय गांधी अस्पताल के सीएमओ डॉक्टर अतुल सिंह, सीएमओ डॉक्टर यत्नेश त्रिपाठी जी के कर कमलों से कराया। इस मौके पे डॉक्टर यत्नेश त्रिपाठी ने हिंदू उत्सव समिति धर्म परिवार के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि मानव सेवा के लिए हिंदू उत्सव समिति द्वारा बढ़ाए गए कदम से निश्चित रूप से इस भीषण गर्मी में लोगों के कंठ को ठंडा पानी मिलेगा, खुशी है कि हिंदू उत्सव समिति परिवार अध्यक्ष मंगू जी ने दो दिन पूर्व ही अस्पताल प्रबंधन को 4 व्हीलचेयर भेंट किए और 48 घंटे के अंदर भीषण गर्मी को देखते हुए अस्पताल में आने वाले पीड़ित जनों के लिए निशुल्क प्याऊ का शुभारंभ कराया। ऐसे पुनीत कार्यों में सभी सामाजिक संगठनों व समाजसेवियों को आगे आना चाहिए। निशुल्क प्याऊ शुभारम दौरान हिंदू उत्सव समिति धर्म परिवार के श्रीप्रकाश तोमर, पूर्व पार्षद विश्वनाथ खारोल बाबा राजेश नामदेव पुनीत वर्मा नारायण कुशवाहा रावेन्द्र समुद्र अनूप सिंह चंदेल निशांत सिंह बघेल रवि सुमित सिंह रमेश विश्वकर्मा आदि सदस्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**खास** झुग्गी झोपडी प्रकोष्ठ भाजपा का महत्पूर्ण अंग : रंजित सिंह

# झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ट के सम्मेलन मे प्रदेश संयोजक अखिलेश खण्डेलवाल का आगमन कोल नगरी पाथाखेड़ा मे

**सारनी।**

आगमी लोकसभा चुनाव मे भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न मोर्चा,प्रकोष्ठ द्वारा अपने दायित्व का निर्वाह भाजपा की विजय सुनिश्चित करने हेतु संघठन द्वारा निर्देशित क्षेत्रो मे सक्रियता से किया जा रहा है, इसी तारतम्य मे भारतीय जनता पार्टी के झुग्गी झोपडी प्रकोष्ठ द्वारा भी झुग्गीवासीयो का सम्मेलन अयोजित किए जाने के परिपेक्ष्य मे, गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी मंडल कार्यालय सारनी मे झुग्गी झोपडी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक रंजित सिंह ने झुग्गी झोपडी प्रकोष्ठ मंडल सारनी की वृहद बैठक लेकर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुऐ कहा की, भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और राज्य सरकार द्वारा झुग्गी बस्तियो



मे चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित सबसे बड़ा वर्ग झुग्गी झोपडी मे निवास करता है,जो भाजपा के प्रती समर्पित रहा है इसलिए भजापा झुग्गी झोपडी प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी बनती है की इस लाभार्थी वर्ग के बिच मे पहुंचकर उन्हें भाजपा की विजय सुनिश्चित कराने हेतू बढ चढ़कर मतदान कराने हेतु प्रेरित करे,इसी उद्देश्य को लेकर शुक्रवार को झुग्गी झोपडी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अखिलेश खण्डेलवाल, विधायक योगेश पंडाग्रे बैतूल जिला प्रभारी भरत सिह राजपूत नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक पूरन साहू नपा उपाध्यक्ष जगदीश पवार की उपस्थिति मे वार्ड 23 संत रविदास वार्ड मे सांयकाल 4 बजे से 7 बजे तक झुग्गी झोपडी प्रकोष्ठ का मंडल स्तरीय झुग्गी बस्ती सम्मेलन अयोजित किया जाना है,उन्होने उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से इस सम्मेलन मे अधिक से अधिक संख्या अपने अपने वार्डो से लाभार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु आव्हान किया।

बैठक को संबोधित करते हुऐ मंडल अध्यक्ष नागेंद्र निगम ने भी कहा की पार्टी के सभी मोर्चा,प्रकोष्ठ पुर्ण निष्ठा और समर्पण से अपने निज कार्यो को परे रख वार्डो मे भाजपा के पक्ष मे मतदान कराने हेतु जुट जाए, और भाजपा को विजय दिलाने मे अपना श्रेष्ठ सहयोग प्रदान करे।

बैठक मे उपास्थितजनों का आभार झुग्गी झोपडी प्रकोष्ठ के आमला विधानसभा प्रभारी भीम बहादुर थापा द्वारा व्यक्त किया गया।

इस अवसर पार,नगरपालिका उपाध्यक्ष जगदीश पावर, जुग्गी झोपडी प्रकोष्ठ मंडल संयोजक दिलीप झोड़,पार्षद योगेश बर्दे,संजीत चौधरी, गोलू राजपुत,विनय मदने,प्रकोष्ठ महामंत्री,दिनेश बोरेकर, राजकमल पवार, विन्नी राय,राजु साहु,मुलेश रणित, शिव शक्ती ,प्रकाश कसरादे, परमेश्वर नागले,प्रमोद बेहरे, इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## सिनेमा के माध्यम की बजाय भूमिका को तवज्जो देती हैं यामी

*बोलीं- सिर्फ मशहूर होना मेरा मकसद नहीं*

यामी गौतम इंडस्ट्री की चर्चित अदाकारा हैं। उन्होंने कई चर्चित फिल्मों में काम किया है, इसके अलावा ओटीटी पर भी उनका दबदबा दिखा है। हर नए किरदार में वह खुद को बखूबी ढालने में माहिर हैं। बीते दिनों आई उनकी फिल्म आर्टिकल 370 खूब पसंद की गई। हाल ही में यामी ने पारंपरिक सिनेमा और ओटीटी प्लेटफॉर्म के बीच चल रही मौजूदा चर्चा पर अपने विचार साझा किए। आइए जानते हैं...

कुछ कलाकार माध्यम को प्राथमिकता देते हैं। मगर, उन सभी के विपरीत यामी गौतम की प्राथमिकता उनकी भूमिकाएं रही है, जिन्हें वे अब तक निभाती रही हैं। यामी का कहना है, मैंने कभी भी अपनी कोई फिल्म यह सोचकर नहीं चुनी कि यह ओटीटी या थिएटर के लिए बहुत अच्छी है। मैंने उन्हें उस तरह से चुना जैसे वे थीं और जो भूमिकाएं मैं निभाना चाहती थी।

यामी गौतम ने ओटीटी प्लेटफॉर्म की मौजूदगी के बीच बड़े पर्दे के प्रति अपना लगाव जाहिर किया। उन्होंने स्वीकार किया कि खुद को सिनेमाघरों में देखना उनके दिल के करीब का मामला रहा है। अभिनेत्री ने कहा कि उस क्षण में कुछ खास होता है, जब रोशनी कम हो जाती है, प्रोजेक्टर चालू हो जाता है और दर्शक सिर्फ और सिर्फ उस फिल्म का लुत्फ उठाते हैं।

काम के प्रति जुनून और कला के प्रति यामी के मन में जो सम्मान है, वह याद दिलाता है कि सिनेमा स्क्रीन और किसी भी माध्यम से परे होता है। यामी गौतम का कहना है कि वह अपने आगामी प्रोजेक्ट्स के लिए कहानी कहने के नए तरीकों को आजमाने के लिए भी तैयार हैं। इंडस्ट्री में आए बदलाव के साथ वह अलग रास्ते अपनाने की भी इच्छुक हैं। यामी का कहना है कि उनकी मकसद सिर्फ मशहूर होना नहीं, बल्कि शानदार कहानी पेश करना भी है।

# सलमान खान को लेकर सोनाक्षी सिन्हा

## बोलीं- लापरवाह हैं, सेट पर आएंगे तो जाएंगे नहीं



सोनाक्षी सिन्हा इन दिनों अपनी सीरीज हीरामंडी को लेकर छाई हुई हैं। सोनाक्षी की परफॉर्मेंस को काफी पसंद किया जा रहा है। एक्ट्रेस ने साल 2010 में रिलीज हुई फिल्म दबंग के जरिए डेब्यू किया था। सलमान ने ही उन्हें लॉन्च किया था। अब हाल ही में सोनाक्षी से पूछा गया कि आखिर सलमान क्यों देश के बड़े सुपरस्टार हैं। एक्ट्रेस ने इस बारे में बात करते हुए सलमान को लापरवाह भी कहा।

### क्यों सलमान को पसंद करते फैंस

राज शमानी के यूट्यूब चैनल में बात करते हुए सोनाक्षी ने कहा, %मुझे लगता है उनका ऑडियंस से एक कनेक्शन है जिसे ये लोग विशेष रूप से बनाने में सक्षम हैं और इसके लिए बहुत कमिटमेंट की जरूरत होती है। यही मेरी दर्शकों को मुझमे पसंद हैं और यही मेरी ताकत है। यही उन्होंने सालों से किया है इसलिए लोग उन्हें प्यार करते हैं।%

### लापरवाह हैं सलमान

खास सलमान को लेकर सोनाक्षी ने कहा, %वह बहुत लापरवाह हैं, लेकिन साथ ही कमिटिड भी। मुझे नहीं पता इसे कैसे समझाऊं, लेकिन मैंने उन्हें देखा है और उन्हें छोटी चीजों से फर्क नहीं पड़ता। वह वही करते हैं जो उन्हें फील होता है। जैसे वह साइकल से काम के लिए जाएंगे अगर उनका मन हुआ तो। कभी भी आएं जब मन हो। जब मन हो तब खाते हैं।

### ऑनसेट रुटीन

सलमान के ऑनसेट रुटीन के बारे में पूछने पर सोनाक्षी ने कहा, %एक बार वह सेट पर होंगे तो जाएंगे नहीं। जब तक उनका काम नहीं होता, वह नहीं जाते हैं।% सोनाक्षी की सीरीज हीरामंडी की बात करें तो यह सीरीज नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। संजय लीला भंसाली द्वारा निर्देशित इस सीरीज को काफी पसंद किया जा रहा है। इस सीरीज के जरिए संजय ने ओटीटी डेब्यू किया है।

# यश की 'टॉक्सिक' से बाहर हुईं करीना कपूर खान?



जब यह खबर आई कि करीना कपूर खान यश की आगामी फिल्म 'टॉक्सिक'में अभिनय करेंगी तो प्रशंसक रोमांचित हो गए। हालांकि, हालिया अपडेट से पता चला है कि करीना ने फिल्म से अपने हाथ पीछे खींच लिए हैं। वहीं, इसके पीछे की चौंकाने वाली वजह भी सामने आ गई है।

ताजा रिपोर्ट की मानें तो शेड्यूलिंग टकराव के कारण अभिनेत्री अब इस परियोजना में शामिल नहीं है। प्रोडक्शन से जुड़े करीबी सूत्रों ने पिंकविला को बताया कि करीना कपूर की डेट्स यश की %टॉक्सिक% के साथ मेल नहीं खातीं। कैलेंडर को समायोजित करने के प्रयासों के बावजूद, उन्होंने अलग होने का फैसला किया है।

करीना कपूर के बाहर निकलने के बाद, प्रोडक्शन टीम अब कई अभिनेत्रियों के साथ उस महत्वपूर्ण भूमिका को निभाने के लिए बातचीत कर रही है जो मूल रूप से उनके लिए थी। %टॉक्सिक% भाई-बहन की गतिशीलता पर बहुत अधिक निर्भर करता है, जिससे बहन की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। रिपोर्ट के अनुसार, निर्माता इस भूमिका के लिए पैन इंडिया उपस्थिति वाली अभिनेत्रियों की तलाश कर रहे हैं।

इस बीच, फिल्म में यश के साथ मुख्य भूमिका के लिए कियारा आडवाणी की पुष्टि हो चुकी है। गीतू मोहनदास द्वारा निर्देशित, %टॉक्सिक% यश और पुरस्कार विजेता निर्देशक के बीच पहला सहयोग है। 10 अप्रैल, 2025 की योजनाबद्ध रिलीज की तारीख के साथ, फिल्मांकन वर्तमान में प्रगति पर है। यश, नितेश तिवारी की %रामायण% के साथ इस फिल्म का सह-निर्माण भी कर रहे हैं।

## 'अनुपमा' के साथ पति को रोमांस करते देख चिढ़ जाती हैं गौरव खन्ना की पत्नी? बयान से मचाई हलचल



'अनुपमा' धारावाहिक ने टीवी देखने वाले दर्शकों में एक खास पहचान बना ली है। इसके किरदारों ने तगड़े प्रशंसक हैं। खासकर अनुपमा की भूमिका निभा रहीं रूपाली गांगुली और अनुज की भूमिका निभा रहे गौरव खन्ना ने दर्शकों के दिल में विशेष जगह बनाई है। कुछ दिनों पहले रूपाली गांगुली और गौरव खन्ना के बीच अनबन की अफवाहें भी सामने आ रही थी। हालांकि, इन सबसे इतर अनुपमा और अनुज की जोड़ी को खूब पसंद किया जा रहा है। टीवी पर्दे पर उनके रोमांस का भी दर्शक लुत्फ उठा रहे हैं। इस बीच एक साक्षात्कार में, गौरव खन्ना की पत्नी आकांक्षा चमोला ने गौरव और रूपाली की जोड़ी और पर्दे पर उनके रोमांस को लेकर अपनी राय रखी है।

**क्या गौरव और रूपाली की जोड़ी से जलन महसूस करती हैं आकांक्षा?**

गौरव खन्ना की पत्नी आकांक्षा से जब यह पूछा गया क्या उनको कभी दोनों की जोड़ी से जलन महसूस हुई है? इस पर आकांक्षा ने कहा कि उन्हें कभी भी एक पैसे की जलन महसूस नहीं हुई है। उनके साथ गौरव भी मौजूद थे उन्होंने कहा कि जब भी कोई रोमांटिक सीन होता है तो उनकी पत्नी उस पर अपनी राय देती हैं। उन्होंने कहा कि आकांक्षा उनको बताती हैं कि कैसे ज्यादा फोकस्ड रहा जाए। खासकर रोमांटिक सीन देते हुए।

**पैरेंट बनने का अभी नहीं है कोई प्लान**

साक्षात्कार के दौरान गौरव और आकांक्षा से जब उनके पैरेंट बनने के बारे में पूछा गया, तब उन्होंने कहा कि उन्हें इसकी जल्दी नहीं है। वह माता-पिता बनने के बारे में अभी नहीं सोच रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनके परिवार की तरफ से भी बच्चे के लिए कोई दबाव नहीं है।

**अनुपमा को करना होगा मुश्किलों का सामना**

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आने वाले एपिसोड में अनुपमा शेफ प्रतियोगिता के फाइनल राउंड में पहुंच जाएगी, लेकिन उसकी रेसिपी की किताब को आधा फाड़ देती है। यह देखना रोचक होगा की अनुपमा अब आगे क्या करेगी?

## ऋचा चड्ढा बोलीं- हीरामंडी में किरदारों ने पहनी असली ज्वेलरी

*इन सभी की कीमत करोड़ों में, उन पैसों से एक अलग फिल्म भी बन सकती है*



संजय लीला भंसाली की हालिया वेब सीरीज हीरामंडी में ऋचा चड्ढा ने लज्जो का किरदार निभाया है। सीरीज में उनके काम को क्रिटिक्स ने बहुत पसंद किया है। अब हालिया इंटरव्यू में ऋचा ने खुलासा किया है कि सीरीज में किरदारों ने जो ज्वेलरी पहनी है, वो सभी असली हैं। उन्होंने ये भी बताया कि इन ज्वेलरी की कीमत करोड़ों में है।

ऋचा बोलीं- ज्वेलरी के पैसों से एक अलग फिल्म बना सकती हूं
सुचरिता त्यागी को दिए इंटरव्यू में ऋचा ने हीरामंडी में काम करने के एक्सपीरियंस को शेयर किया है। उन्होंने बताया- इस सीरीज में दिखाए गए सभी कपड़े और ज्वेलरी असली हैं। इन सब की कीमत भी करोड़ों रुपए है। अगर मैं ये सब पहनकर भाग जाऊं, तो मैं अपनी खुद की एक और फिल्म बना सकती हूं।

सीरीज में दिखाई गई ज्वेलरी ही नहीं, बल्कि किरदारों के कपड़े भी बहुत महंगे हैं। इन कपड़ों को रिम्पल-हरप्रीत नरूला ने डिजाइन किया है। रिम्पल-हरप्रीत नरूला को शानदार ब्राइडल कपड़ों के लिए जाना जाता है। इन दोनों ने ही फिल्म पद्मावत के लिए दीपिका पादुकोण, शाहिद कपूर और रणवीर सिंह का पोशाक डिजाइन किया था।

संजय लीला भंसाली की इस सीरीज में ऋचा चड्ढा के साथ मनीषा कोइराला, अदिति राव हैदरी, सोनाक्षी सिन्हा, फरदीन खान, फरीदा जलाल जैसे कई बड़े कलाकार अहम किरदार में नजर आए हैं।

**जुलाई में बच्चे को जन्म देंगी ऋचा**

ऋचा ने फरवरी में अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल से प्रेग्नेंसी अनाउंस की थी। अब खबर है कि वो जुलाई में पहले बच्चे को जन्म देने वाली हैं। इन दिनों ऋचा प्रेगनेंसी के थर्ड ट्रायमेस्टर में हैं और लगातार अपनी सीरीज हीरामंडी का प्रमोशन कर रही हैं।

## करीना कपूर तब्बू और कृति सेनन की फिल्म क्रू इस दिन नेटफ्लिक्स पर हो रही है प्रीमियर, जानिए डेट और टाइम



करीना कपूर, तब्बू और कृति सेनन स्टारर फिल्म क्रू ने ऑडियंस को जबरदस्त एंटरटेन किया है। साथ ही कमाई के मामले में भी ये फिल्म किसी से पीछे नहीं रही। बिना किसी बड़े मेल एक्टर के क्रू ने बॉक्स ऑफिस पर बजट से डबल कमाई कर धमाका कर दिया है। अब ये फिल्म ह्रञ्ज पर रिलीज़ के लिए तैयार है। रिपोर्ट के मुताबिक क्रू 24 मई को नेटफ्लिक्स पर दस्तक देने वाली है। जो लोग फिल्म थिएटर में नहीं देख पाए अब उन्हें घर बैठ कर क्रू देखने में मज़ा आने वाला है।

### नेटफ्लिक्स पर हो रही है प्रीमियर

फीमेल सेंट्रिक फिल्म क्रू तीन एयरहोस्टेज की कहानी है जो अपनी बोरिंग जॉब से परेशान हो गई हैं और उन्हें पैसा कमाने के लिए गैर-क़ानूनी काम करना पड़ता है। करीना, तब्बू और कृति जैसी एक्ट्रेसेज ने इस फिल्म में अपनी शानदार परफॉर्मेंस दी है। इसके अलावा दिलजीत दोसांझ, कपिल शर्मा के छोटे किरदारों ने कहानी को और ज्यादा मज़ेदार बना दिया। 24 मई को नेटफ्लिक्स पर देखी जा सकती है फिल्म।

## महिंद्रा एंड महिंद्रा की अप्रैल महीने में कुल थोक बिक्री 13% बढ़कर 70,471 इकाई



● **नई दिल्ली।** महिंद्रा एंड महिंद्रा की अप्रैल महीने में कुल थोक बिक्री सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़कर 70,471 इकाई हो गई। कंपनी की अप्रैल 2023 में कुल थोक बिक्री 62,294 इकाई रही थी। बयान के अनुसार, मोटर वाहन प्रमुख की घरेलू बाजार में यात्री वाहन बिक्री पिछले महीने 18 प्रतिशत बढ़कर 41,008 इकाई हो गई, जो अप्रैल 2023 में 34,698 इकाई थी। पिछले महीने कुल निर्यात दो प्रतिशत बढ़कर 1,857 इकाई हो गया, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 1,813 इकाई था। कंपनी ने कहा कि अप्रैल 2024 में उसकी ट्रैक्टर बिक्री दो प्रतिशत बढ़कर 37,039 इकाई हो गई, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 36,405 इकाई थी। महिंद्रा एंड महिंद्रा के कृषि उपकरण क्षेत्र के अध्यक्ष हेमंत सिक्का ने कहा, मंडी में अच्छी आवक के साथ सरकारी गेहूं खरीद जोरों पर है, जिससे ग्रामीण नकदी प्रवाह स्वस्थ बना हुआ है।" उन्होंने कहा कि अप्रैल महीने में सामान्य से अधिक मानसूनी बारिश और त्योहारों के बारे में भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के पूवार्नुमान से ग्रामीण क्षेत्र में सकारात्मकता लाने में मदद मिली है।

## गूगल सीईओ सुदंर पिचाई की संपत्ति करीब 1 अरब डॉलर पहुंची



● नई दिल्ली। गूगल के प्रवर्तक कंपनी अल्फाबेट के सीईओ सुदंर पिचाई की संपत्ति करीब 1 अरब डॉलर के आंकड़े को छू गई है। इस उपलब्धि के बाद पिचाई ने दुनिया के उन कुछ चुनिंदा नॉन- फाउंडर टेक एग्जिक्यूटिव में जगह बना ली है। जिन्होंने एक अरब डॉलर की संपत्ति हासिल की है। सुंदर पिचाई वर्ष 2015 में गूगल के सीईओ बने थे। पिचाई को गूगल की कमान सह-संस्थापक और पूर्व सीईओ लैरी पेज की ओर से सौंपी गई थी। पेज मौजूदा समय में दुनिया के 10 सबसे अमीर लोगों में शामिल है। उनके पदभार संभालने के बाद से गूगल के शेयर की कीमत में 400 प्रतिशत का इजाफा हो चुका है। बीते शुक्रवार को आए तिमाही नतीजों में एआई के कारण भी गूगल के मुनाफे में तेज उछाल दर्ज किया गया है। सुदंर पिचाई की संपत्ति का ज्यादातर हिस्सा कंपनी की ओर से उन्हें दिए गए स्टॉक रिवॉर्ड है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक, हाल के समय में गूगल के शेयर प्राइस में आई तेजी के कारण इनकी कीमत एक अरब डॉलर के करीब पहुंच गई है।


## बिकने वाली हैं अनिल अंबानी की 3 कंपनियां!



● **नई दिल्ली।** भारी कर्ज में डूबे उद्योगपति अनिल अंबानी के हाथ से एक साथ तीन कंपनियां निकल सकती हैं। हिंदूजा ग्रुप की कंपनी इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड (IIHL) रिलायंस कैपिटल की तीन बीमा कंपनियों को खरीदने की तैयारी में है। सूत्रों के मुताबिक इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (IRDAI) अगले कुछ दिनों में इसे हरी झंडी दे सकता है। रेगुलेटर का मानना है कि रिलायंस कैपिटल एक बड़ी गैर-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी है बैंकरप्सी प्रॉसीडिंग से गुजर रही है और इसे कोर्ट द्वारा निर्धारित समयसीमा के भीतर बंद किया जाना चाहिए। पिछले हफ्ते कमेटी ऑफ क्रेडिटर्स ने IIHL को 27 मई की समयसीमा तक यह प्रक्रिया पूरी करने को कहा था। हालांकि कंपनी ने बैंकों को बताया था कि IRDAI की मंजूरी के बिना वह लेनदेन को पूरा नहीं कर पाएगी। नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (NCLT) ने रिलायंस कैपिटल के लिए IIHL की 9,650 करोड़ रुपए की समाधान योजना को 27 फरवरी को अपनी मंजूरी दी थी। NCLT ने IIHL को 90 दिनों की अवधि के भीतर यह सौदा पूरा करने का निर्देश दिया था।

# सेंसेक्स 128 अंक बढ़कर 74,611 पर बंद, निफ्टी भी 43 अंक चढ़ा

■ मुंबई, एजेन्सी



शेयर बाजार में आज यानी गुरुवार 2 मई को बढ़त देखने को मिली है। सेंसेक्स 128 अंक की बढ़त के साथ 74,611 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 43 अंक की तेजी रही। ये 22,648 के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 में बढ़त और 12 में गिरावट देखने को मिली है। आज पावर, मेटल और ऑटो शेयर्स में ज्यादा बढ़त देखने को मिली है। वहीं गोदरेज इंडस्ट्रीज के शेयर में 7.14% की गिरावट रही है।

गोदरेज ग्रुप के बंटवारे के बाद आज इसके शेयर्स में गिरावट देखने को मिली है। गोदरेज ग्रुप की 5 लिस्टेड कंपनियां हैं। यानी, बॉम्बे और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर इसके शेयर हैं। इसमें गोदरेज इंडस्ट्रीज, गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (GCPL), गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड (GPL), गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड (GAL) और एस्टेक लाइफसाइंसेज लिमिटेड शामिल है। गोदरेज इंडस्ट्रीज के शेयर में आज 7.14% और गोदरेज प्रॉपर्टीज के शेयर में 4.10% की गिरावट रही। हालांकि, गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड के शेयर में 3.41% और गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के शेयर में 1.32% की बढ़त रही।

आधार हाउसिंग फाइनेंस का इनीशियल पब्लिक ऑफर (IPO) अगले हफ्ते 8 मई को बोली के लिए खुलेगा। ब्लैकस्टोन ग्रुप के निवेश वाली इस कंपनी ने IPO से करीब 3,000 करोड़ रुपए जुटाने की योजना बनाई है। आधार हाउसिंग के IPO के लिए 10 मई तक बोली लगा सकेंगे।

कंपनी ने इस इश्यू का प्राइस बैंड 300-315 रुपए तय किया है। रिटेल निवेशक मिनिमम एक लॉट यानी 47 शेयरों के लिए बिडिंग कर सकते हैं। यदि आप IPO के अपर प्राइज बैंड 315 रुपए के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते हैं, तो इसके लिए 14,805 रुपए इन्वेस्ट करने होंगे।

इससे पहले 30 अप्रैल को शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली थी। निफ्टी 38 अंक की गिरावट के साथ 22,604 के स्तर पर बंद हुआ था। हालांकि बंद होने से पहले आज कारोबार के दौरान निफ्टी ने 22,783 का ऑल टाइम हाई बनाया था। वहीं सेंसेक्स में भी 188 अंक की तेजी रही, ये 74,482 के स्तर पर बंद हुआ था। 1 मई को मजदूर दिवस पर शेयर बाजार बंद था।

### अडाणी पोर्ट्स का चौथी-तिमाही में मुनाफा 76% बढ़कर 2,014 करोड़ हुआ

# कंपनी की आय 19% बढ़ी, प्रति शेयर 6 रुपए का लाभांश देगी कंपनी



■ मुंबई, एजेन्सी

अडाणी ग्रुप की कंपनी अडाणी पोर्ट्स ने आज यानी गुरुवार (2 मई) को Q4FY24 यानी फाइनेंशियल ईयर 2024 की चौथी तिमाही के नतीजे जारी किए। जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी का कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट, यानी शुद्ध मुनाफा सालाना आधार (YoY) पर 76.87% बढ़कर 2,014.77 करोड़ रहा।

पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी का कंसॉलिडेटेड शुद्ध मुनाफा 1,139.07 करोड़ रहा था। वहीं पिछली तिमाही (Q3FY24) में यह 2,208.21 करोड़ रहा था। यानी तिमाही आधार (QoQ) पर कंपनी का कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट 8.76% घटा है।

रिजल्ट के साथ ही अडाणी पोर्ट्स के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने अपने निवेशकों को प्रति शेयर 6 रुपए का डिवेडेंड, यानी लाभांश देने की भी मंजूरी दी है। कंपनियां अपने शेयरधारकों को मुनाफे का कुछ हिस्सा देती हैं, उसे डिविडेंड कहते हैं।

ऑपरेशंस से चौथी तिमाही में कंपनी का कंसॉलिडेटेड रेवेन्यू (आय) सालाना आधार पर 19% बढ़कर 6,896.50 करोड़ रुपए रहा। पिछले फाइनेंशियल ईयर की इसी अवधि में ये 5,796.85 करोड़ रुपए रहा था।

पिछली तिमाही (Q3FY24) में कंपनी का कंसॉलिडेटेड रेवेन्यू 6,920.10 करोड़ रहा था। यानी तिमाही आधार (QoQ) पर कंपनी का रेवेन्यू 0.34% घटा है।

पूरे वित्त वर्ष में कंपनी के कंसॉलिडेटेड मुनाफे में 50.32% की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। FY24 में कंपनी का कंसॉलिडेटेड मुनाफा 8,103.99 करोड़ रुपए रहा है। पिछले वित्त वर्ष यानी FY23 में अडाणी पोर्ट्स का मुनाफा 5,390.85 करोड़ रुपए रहा था।

अडाणी पोर्ट्स भारत का सबसे बड़ा प्राइवेट पोर्ट ऑपरेटर और एंड-टु-एंड लॉजिस्टिक्स प्रोवाइडर है। इसके 13 पोर्ट और टर्मिनल देश की पोर्ट कैपेसिटी का करीब 24% का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसकी कैपेसिटी 580 MMTPA है। पहले इसका नाम गुजरात अडाणी पोर्ट लिमिटेड (GAPL) था।

कंपनी ने वित्त वर्ष 2025 में कार्गो वॉल्यूम 460 से 480 मीट्रिक टन के बीच रखने का टारगेट तय किया है। यह पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 23% ज्यादा है। वित्त वर्ष 2024 के लिए कंपनी ने 390 मिट्रिक टन का टारगेट रखा था। कंपनी के मुंद्रा पोर्ट से पिछले वित्त वर्ष में 180 मिलियन मिट्रिक टन (MMT) कार्गो का ट्रांसपोर्टेशन हुआ था। कंपनी ने इसका भी टारगेट बढ़ाकर मौजूदा वित्त वर्ष के लिए 180 MMT का टारगेट रखा है।

रिजल्ट आने के बाद कंपनी का शेयर आज 1.25% बढ़कर 1,341.50 के स्तर पर बंद हुआ। इसके साथ ही कंपनी का मार्केट कैप भी 2.89 लाख करोड़ रुपए हो गया है। बीते एक महीने में कंपनी का शेयर करीब 3.99% घटा है। वहीं पिछले छह महीने में इसका शेयर 68.66% बढ़ा है। पिछले एक साल में इसने निवेशकों को 100.33% रिटर्न दिया।

अडाणी पोर्ट्स के फाउंडर और चेयरमैन गौतम अडाणी हैं। उन्होंने 1998 में इस कंपनी को स्थापित किया था। गौतण अडाणी के बेटे करण अडाणी कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर और CEO अश्वनी गुप्ता हैं। कंपनी में 1900 से ज्यादा एम्प्लॉइज काम करते हैं। अडाणी लॉजिस्टिक्स लिमिटेड, अडाणी पोर्ट्स की सब्सिडियरी है।

# सोने की कीमत में आई गिरावट, चांदी हुई महंगी

■ नई दिल्ली, एजेन्सी



सोने की कीमतों में आज यानी गुरुवार 2 मई को मामूली गिरावट देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 40 रुपए सस्ता होकर 71,670 रुपए पर आ गया है।

वहीं अगर चांदी की बात करें तो इसकी कीमत में हल्की बढ़त देखने को मिली है। आज एक किलो चांदी 69 रुपए महंगी होकर 80,119 रुपए प्रति किलोग्राम में बिक रही है। इससे पहले 1 मई को चांदी 80,050 रुपए प्रति किलोग्राम पर थी।

### इस साल सोने-चांदी में दिखी शानदार तेजी

आईबीजेए के अनुसार इस साल अब तक सोने के दाम 8,318 रुपए बढ़ चुके हैं। 1 जनवरी को सोना 63,352 रुपए पर था, जो अब 71,670 रुपए प्रति 10 ग्राम पर है। वहीं एक किलो चांदी के दाम 73,395 रुपए से बढ़कर 80,119 रुपए पर पहुंच गए हैं।

### 2030 तक 1.68 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम हो सकता है सोना

विघ्नहर्ता गोल्ड के चेयरमैन महेंद्र लुनिया के अनुसार 2030 तक सोने के दाम 1.68 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकते हैं। सोने की कीमतों में उछाल के कारणों में भू-राजनीतिक तनाव से लेकर वैश्विक आर्थिक मंदी जैसे फैक्टर्स है।

### 4 महानगरों और भोपाल में सोने की कीमत

**दिल्ली:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 66,400 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 72,420 रुपए है।

**मुंबई:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 66,250 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 72,270 रुपए है।

**कोलकाता:** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 66,250 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 72,270 रुपए है।


**चेन्नई:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 67,150 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 73,250 रुपए है।

**भोपाल:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 66,300 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 72,320 रुपए है।

# डाबर का मार्च तिमाही का शुद्ध लाभ 16.5% बढ़कर 341.22 करोड़ रुपए पर

■ नई दिल्ली, एजेन्सी

रोजमर्रा के इस्तेमाल के घरेलू उत्पाद (एफएमसीजी) बनाने वाली स्वदेशी कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड का बीते वित्त वर्ष की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 16.55 प्रतिशत बढ़कर 341.22 करोड़ रुपए रहा है। कंपनी ने कहा कि लागत में कमी तथा वितरण नेटवर्क में विस्तार की वजह से उसका मुनाफा बढ़ा है। वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 292.76 करोड़ रुपये रहा था।





डाबर इंडिया लिमिटेड ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी परिचालन आमदनी मार्च तिमाही में 5.11 प्रतिशत बढ़कर 2,814.64 करोड़ रुपए हो गई है, जो एक साल पहले समान अवधि में 2,677.80 करोड़ रुपए थी। डाबर इंडिया का कुल खर्च मार्च तिमाही में 3.67 प्रतिशत बढ़कर 2,490.43 करोड़ रुपए रहा। डाबर इंडिया की कुल आय मार्च तिमाही में 5.18 प्रतिशत बढ़कर 2,943.49 करोड़ रुपए रही है। पूरे वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कंपनी का शुद्ध लाभ 6.46 प्रतिशत बढ़कर 1,811.31 करोड़ रुपए रहा है, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 1,701.33 करोड़ रुपए था।

बीते वित्त वर्ष में कंपनी की परिचालन आय 7.58 प्रतिशत बढ़कर 12,404.01 करोड़ रुपए रही थी, जो 2022-23 में 11,529.89 करोड़ रुपए था। डाबर इंडिया ने शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा कि इसके साथ ही उसकी एकीकृत आमदनी 12,000 करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गई। डाबर इंडिया का शेयर बृहस्पतिवार को बीएसई पर 4.03 प्रतिशत वृद्धि के साथ 528 रुपए पर बंद हुआ।

# एयरटेल पेमेंट्स बैंक के लिए 2023-24 कई मायनों में उल्लेखनीय साल: सीईओ

■ नई दिल्ली, एजेन्सी




एयरटेल पेमेंट्स बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अनुब्रत बिस्वास ने वित्त वर्ष 2023-24 को उल्लेखनीय साल बताते हुए कहा है कि इस अवधि में उपयोगकर्ताओं की संख्या, राजस्व और लाभ जैसे प्रमुख मानकों पर दहाई अंक में वृद्धि हुई है। बिस्वास ने कहा कि 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2023-24 का हिसाब-किताब अभी पूरा नहीं हो पाया है लेकिन उपलब्ध आंकड़ों से राजस्व, उपयोगकर्ता और लाभ जैसे मानकों पर ऊंचे दहाई अंक में वृद्धि होने की संभावना दिख रही है।

भारती एयरटेल की भुगतान इकाई एयरटेल पेमेंट्स बैंक के आज पूरे देश में लगभग 5,00,000 बैंकिंग सुविधा केंद्र मौजूद हैं। बिस्वास ने कहा कि डिजिटल बैंकिंग की रफ्तार कायम रहने वाली है। उन्होंने कहा, शहरी उपयोगकर्ताओं की बढ़ती संख्या उनके भुगतान और लेनदेन की जरूरतों के लिए द्वितीयक डिजिटल बैंकिंग विकल्प चाहती है। इस कारोबार में हमने पिछले तीन-छह महीनों में नाटकीय उछाल देखा है और इससे राजस्व बढ़ा है।

उन्होंने एयरटेल पेमेंट्स बैंक का ग्रामीण बाजारों में वर्चस्व होने का दावा करते हुए कहा, ग्रामीण और शहरी दोनों बाजारों को मिलाकर हम अब एक महीने में 10 लाख खाते खोल रहे हैं। यह रफ्तार संरचनात्मक है जिसका मतलब है कि हम अगले कुछ वर्षों को लेकर भी बेहद उत्साहित हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या प्रतिद्वंद्वी पेटीएम पेमेंट्स बैंक के संकट में फंसने के बाद नए खाते खोलने की दर में तेजी आई है, बिस्वास ने कहा कि बी2बी और ग्रामीण व्यवसाय के संदर्भ में स्थिति कमोबेश समान रही है। लेकिन शहरी ग्राहकों की ओर से डिजिटल पक्ष में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है।

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र का निवल लाभ चौथी तिमाही में 45 प्रतिशत बढ़कर 1,218 करोड़ हुआ

# निवल ब्याज आय और लोअर टैक्स प्रावधान से संभव हुई बढ़ोत्तरी

■ भोपाल, लोकदेश रिपोर्ट

बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने निवल ब्याज आय और गैर-ब्याज आय में सुदृढ़ वृद्धि और अपेक्षाकृत लोअर टैक्स प्रावधान के चलते 840 करोड़ की तुलना में 1,218 करोड़ के निवल लाभ के साथ वित्तीय वर्ष की चौथी तिमाही (Q4FY24) में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 45 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। बैंक ने वित्तीय वर्ष 24 के लिए 10 अंकित मूल्य के प्रति इक्विटी शेयर पर 1.40 के लाभांश की भी घोषणा की और वित्तीय वर्ष 25 में इक्विटी जारी करने के साथ ही 7,500 करोड़ की पूंजी जुटाने को मंजूरी दी।

निधु सक्सेना, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ ने कहा कि बैंक पिछली लगभग 15 तिमाहियों में प्राप्त किए गए लाभप्रदता और दक्षता मापदंडों को बनाए रखेगा, यद्यपि बैंक का सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के बीच अगले एक वर्ष में अपनी रैंकिंग (व्यवसाय के आकार के अनुसार) में एक पायदान की वृद्धि और 2-3 वर्षों में दो पायदान की वृद्धि करने के साथ उल्लेखनीय और महत्वपूर्ण बैंक बनने का लक्ष्य है।




समीक्षाधीन तिमाही में निवल ब्याज आय (अर्जित ब्याज और ब्याज व्यय के बीच का अंतर) वर्ष-दर-वर्ष 18 प्रतिशत बढ़कर 2,584 करोड़ (एक वर्ष पहले की अवधि में 2,187 करोड़) रही। शुल्क-आधारित आय, खजाना आय और बट्टे-खाते डाले गए खातों में वसूली सहित अन्य आय, वर्ष-दर-वर्ष 24 प्रतिशत बढ़कर 1,022 करोड़ (822 करोड़) हो गई। जबकि अनर्जक आस्तियों (एनपीए) के लिए प्रावधान वर्ष-दर-वर्ष 16 प्रतिशत घटकर 457 करोड़ (545 करोड़) हो गया, मानक/पुनर्संरचित आस्तियों के लिए प्रावधान वर्ष-दर-वर्ष 75 प्रतिशत बढ़कर 491 करोड़ (280 करोड़) हो गया। आयकर प्रावधान घटकर 50 करोड़ (71 करोड़) रहे।

निवल ब्याज मार्जिन (वार्षिक) एक वर्ष पूर्व की अवधि के 3.56 प्रतिशत की तुलना में बढ़कर 3.92 प्रतिशत हो गया। जीएनपीए की स्थिति दिसंबर 2023 की समाप्ति के 2.04 प्रतिशत की तुलना में मार्च 2024 के अंत तक सुधरकर सकल अग्रिमों का 1.88 प्रतिशत हो गई। निवल एनपीए की स्थिति भी 0.22 प्रतिशत की तुलना में सुधरकर निवल अग्रिमों का 0.20 प्रतिशत हो गई।

सकल अग्रिम मार्च 2024 के अंत तक वर्ष-दर-वर्ष 16.30 प्रतिशत बढ़कर 2,03,664 करोड़ हो गए, जिसमें आरएएम (रिटेल, कृषि और एमएसएमई) अग्रिमों में 24.21 प्रतिशत की वृद्धि तथा कॉर्पोरेट और अन्य अग्रिमों में 5.76 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

मार्च 2024 के अंत तक कुल जमाराशियां वर्ष-दर-वर्ष 15.66 प्रतिशत बढ़कर 2,70,747 करोड़ हो गई। कम लागत वाली कासा (चालू खाता, बचत खाता) जमाराशियां पिछले वर्ष की समरूप तिमाही के 53.38 प्रतिशत की तुलना में घटकर कुल जमाराशियों का 52.73 प्रतिशत हो गई।

निधु सक्सेना ने कहा कि बैंक को वित्तीय वर्ष 25 में अग्रिम और जमाराशियों में क्रमश: 16-20 प्रतिशत और 12-15 प्रतिशत की वृद्धि की आशा है। एनआईएम 3.70 से 3.90 प्रतिशत की रेंज में रहेगा।

## खबर संक्षेप

### अमेरिका ने रूस के खिलाफ नए प्रतिबंध लगाए

**वाशिंगटन।** अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने कहा कि अमेरिकी सरकार नए प्रतिबंधों के साथ रूस के हथियार उत्पादन को लक्षित कर रही है। चीन, बेल्जियम और स्लोवाकिया जैसे तीसरे देशों की लगभग 200 कंपनियां और 80 व्यक्ति प्रभावित हैं, जो कथित तौर पर अपने हथियार कार्यक्रम के लिए सामग्री की खरीद में रूस का समर्थन करते हैं। विभाग के अनुसार, प्रतिबंधों का उद्देश्य रूस द्वारा रासायनिक और जैविक (बायोलॉजिकल) हथियारों का उत्पादन करना भी है। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग के सचिव जेनेट येलेन का कहना है कि यह कार्रवाई रूस के सैन्य-औद्योगिक अड्डे और इसकी आपूर्ति में मदद करने वाले नेटवर्क पर जाकर उसकी युद्ध की कोशिशों को और ज्यादा बाधित और कमजोर कर देगी। अमेरिकी विदेश विभाग ने मॉस्को पर यूक्रेन के खिलाफ युद्ध के दौरान विभिन्न इरिटेंट गैसों का उपयोग करने का आरोप लगाया, जो संयुक्त राष्ट्र के रासायनिक हथियार सम्मेलन का उल्लंघन करता है।

### पता चला, किस जगह दफनाया गया था प्लेटो को

**रोम।** हाल ही में इटली के शोधकर्ताओं ने पुरातन दस्तावेज को एआई के जरिए समझकर यह सनसनीखेज खुलासा किया है कि यूनान के महान विचारक प्लेटो को वास्तव में किस सटीक जगह दफनाया गया था। जानकारी के मुताबिक पीसा विश्वविद्यालय के एक दार्शनिक ग्राज़ियानो रानोचिया और उनके सहयोगियों ने पोम्पेई के पास स्थित एक प्राचीन रोमन शहर हरकुलेनियम में बरामद पपीरस के जले हुए टुकड़ों पर संरक्षित पाठ को समझने के लिए आर्टीफीशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग किया, जो रोम से लगभग 200 किमी दक्षिण में स्थित है। 79 ईस्वी में माउंट वेसुवियस ज्वालामुखी के विस्फोट के बाद हुरकुलेनियम नष्ट हो गया था।

### पश्चिमी मीडिया को भारत की प्रगति से हो रही जलन, वह सच्चाई से दूरः डॉ.मैराल

**न्यूयार्क।** पश्चिम मीडिया भारत की प्रगति को समझ नहीं पा रही है और उससे जलन रखने अलग कहानियां लिख रहा है जिसकी कोई विश्वसनीयता नहीं है। अमेरिका के सैनफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रख्यात भारतीय-अमेरिकी शिक्षाविद डॉ.अनुराग मैराल ने दस साल को भारत की उल्लेखनीय प्रगति वाला करार दिया है। स्टैंडफोर्ड विश्वविद्यालय के स्टैंडफोर्ड बेयर्स सेंटर फॉर डिजाइन में वैश्विक संपर्क कार्यक्रम के निदेशक और औषधि विभाग के प्रोफेसर डॉ.अनुरागा मैराल ने एक साक्षात्कार में कहा कि अगर आप वास्तविक स्थिति जानना चाहते हैं तो जमीन पर जाकर काम करें।

### पाकिस्तान में टैक्स चोरी करने वालों की मोबाइल सिम होगी ब्लॉक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार वहां के लोगों की हरकतों से इतनी परेशान हो गई है कि अब उनके खिलाफ एक बड़ा एक्शन लेने जा रही है। जी हां, पाकिस्तान में अधिकारियों ने टैक्स चोरों के खिलाफ कार्रवाई करने का मन बना लिया है। इसके तहत पांच लाख से अधिक कर टैक्स बकायादारों के मोबाइल फोन सिम कार्ड ब्लॉक करने का फैसला लिया है। फेडरल बोर्ड ऑफ रेवेन्यू (एफबीआर) ने एक इनकम टैक्स जनरल ऑर्डर (आईटीजीओ) में कहा कि 2023 में टैक्स रिटर्न जमा नहीं करने वाले 506,671 लोगों के मोबाइल सिम ब्लॉक कर दिए जाएंगे। ऐसे करने से पाकिस्तानी टैक्स चोरों में हाहाकार मच सकता है।

**दोनों दलों ने को-ऑर्डिनेशन को और आगे बढ़ाने का लिया निर्णय**

# आप और कांग्रेस एक साथ मिलकर करेंगे चुनावी प्रचार





**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के चलते आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस ने आपसी तालमेल को बढ़ावा देने के लिए दोनों पार्टियों की को-ऑर्डिनेशन कमिटी की एक बैठक हुई। इसमें संयुक्त चुनाव प्रचार करने की रणनीति को लेकर सहमित बनी। साथ ही यह भी तय किया गया कि पहले लोकसभा और उसके बाद विधानसभा स्तर पर भी को-ऑर्डिनेशन किया जाएगा।

आम आदमी पार्टी सूत्रों के मुताबिक को-ऑर्डिनेशन कमिटी की बैठक में आप के राज्यसभा सांसद और पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव संदीप पाठक, एमसीडी प्रभारी विधायक दुर्गेश पाठक और प्रदेश उपाध्यक्ष विधायक राजेश गुप्ता शामिल हुए। वहीं, कांग्रेस की ओर से दिल्ली कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया और दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अंतरिम अध्यक्ष देवेंद्र यादव समेत दिल्ली और हरियाणा कांग्रेस के कई शीर्ष नेता मौजूद थे। आप ने कांग्रेस के साथ को-ऑर्डिनेशन की जिम्मेदारी दुर्गेश पाठक को सौंपने का ऐलान किया।

संदीप पाठक ने कहा कि आप और कांग्रेस के बीच पहले भी कई बैठकें हो चुकी हैं जिसमें कांग्रेस की तरफ से दिल्ली और हरियाणा का शीर्ष नेतृत्व शामिल हुआ। आप ने को-ऑर्डिनेशन की जिम्मेदारी एमसीडी प्रभारी और विधायक दुर्गेश पाठक को सौंपी है। दुर्गेश पाठक आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच तालमेल बनाने का काम करेंगे। बैठक में हमने निचले स्तर पर चुनाव प्रचार के लिए को-ऑर्डिनेशन शुरू करने पर भी बातचीत की है। हमने एक प्लान बनाया है, जिसमें हम एक-दूसरे के लिए चुनाव प्रचार करने में भी मदद करेंगे और मिलकर चुनाव लड़ेंगे। इसको पहले लोकसभा स्तर पर लागू करेंगे। उसके बाद विधानसभा स्तर पर।

पाठक ने आगे कहा कि आज देश के सामने सबसे बड़ा सवाल देश के लोकतंत्र को बचाने का है। केंद्र की मोदी सरकार की तानाशाही से देश को मुक्ति दिलाना है। केंद्र सरकार सरकारी संस्थाओं को खत्म कर रही है। सारी एजेंसियां केंद्र सरकार के इशारों पर काम कर रही हैं। देश को मोदी सरकार की इस तानाशाही से बचाने के लिए हमें एक साथ काम करने की जरुरत है। इसके लिए दोनों पार्टियां तैयार और एकजुट हैं। उन्होंने कहा कि हमारे बीच को-ऑर्डिनेशन तो पहले से ही है, लेकिन अब इसको और आगे कैसे ले जाना है, इस बारे में हमने बातचीत की है। उन्होंने दावा किया कि दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीतेगा।

# कविता सुनाने पर कैंप में डाल देते हैं खून और आवाज के लेते हैं सैंपल

**किताब से खुलासाः चीन के उइगुर मुस्लिमों पर जुल्म की कहानी जो दुनिया तक नहीं पहुंचती**

**एजेंसी ■ बीजिंग**

चीन में सरकार का मीडिया पर इतना नियंत्रण है कि अंदर की खबर बहुत ही कम दुनिया के सामने आ पाती है। चीन में बिना सरकार की इजाजत के कुछ भी प्रकाशित नहीं होता है। चीन में विदेशी पत्रकारों पर सरकार की नजर रहती है कि वह कहां जा रहे हैं। वहीं चीन उइगुरों के साथ कैसा व्यवहार कर रहा है इसका पता लगाना तो और भी मुश्किल है।

पिछले कुछ सालों में अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उइगुरों के मानवाधिकारों के उल्लंघन की बहुत चर्चा हुई। चर्चा में यह बात भी सामने आई कि हान समुदाय बहुल चीन में उइगुरों कैंपों में बंद कर रखा है, जहां उन पर बहुत जुल्म किए जाते हैं। चीन सरकार के इस जुल्म से अनेक मुस्लिम उइगुरों के परिवार टूट गए हैं और जो लो कैंपों में नहीं है, उनकी सख्त निगरानी की जाती है। उइगुरों पर अत्याचार के बारे में इस समुदाय के लोग बताते हैं, जो किसी तरह से चीन से दूसरे देशों में भागने में कामयाब हो गए हैं। इसके लिए वे सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर रहे हैं। फिर भी चीन में उइगुरों की वास्तविक हालत क्या है और उनके साथ वहां की सरकार कैसा सलूक करती है, इसे आज भी दुनिया एक हद तक अनजान है। ताहिर हामुत इजगिल की किताब पढ़ने वाले को इससे रुबरु कराती है। ताहिर उन खुशकिस्मत उइगुरों में हैं, जो चीन से अपने परिवार के साथ भागने में कामयाब हो गए थे और उन्होंने अमेरिका में पनाह ली। ताहिर की किताब में लिखा है चीन में उनके दोस्त दुकानदार, किताब बेचने वाले और उइगुर कविताओं के मुरीद थे। अक्सर ये लोग एक दूसरे को अपनी कविताएं सुनाते थे। ताहिर लिखते हैं कि 2016 में ऐसी ही एक बैठक में जब कविताएं सुनाई जा रही थीं, तो वहां पुलिस आ गई। पुलिस के आने पर उइगुर कवियों ने उनके चीनी पुलिसवालों के शराब मंगाई और उन्हें ऑफर की। इस शराब को मंगाने का मकसद यह संकेत देना था कि वे अच्छे नागरिक हैं। उसके बाद पुलिसवाले उन कवियों का पहचानपत्र अपने साथ ले गए। ताहिर किताब में लिखते हैं कि इस वाकये के कुछ दिनों बाद उस बैठक में शामिल उइगुर कवियों को एक-एक करके उन कैंपों में भेज दिया गया। ये कैंप उइगुरों की सांस्कृतिक पहचान मिटाने के लिए बनाए गए हैं। ताहिर इस किताब में लिखते हैं कि उस रोज बैठक में जो भी लोग शामिल हुए थे, आखिर में सिर्फ ताहिर ही बचे थे जो कैंप में भेजे जाने से पहले परिवार समेत चीन से भाग निकले।

ताहिर बताते हैं कि इन सबसे पहले जब वह युवा थे, तब भी उन्होंने तीन साल जेल और लेबर कैंप में गुजारे थे। उस वक्त उन पर देश से बाहर अवैध दस्तावेज ले जाने का आरोप लगा था। जब वह रिहा हुए तो उन्होंने फिल्म मेकिंग को अपना करियर बनाया। साथ ही साथ वह कविताएं भी लिखते रहे। लेकिन इसके बाद उइगुर किताबों को चीन की सरकार ने प्रतिबंधित



कर दिया। इसी दौरान ताहिर और उनकी पत्नी को एक बार पुलिस थाने बुलाया गया। वहां उनके ब्लड सैंपल लिए गए इसके बाद उन्होंने चीन से अमेरिका भागने की योजना बनाई। 2017 में वह अपने परिवार के साथ वहां जाने में कामयाब रहे।

# फिलीपींस में भीषण गर्मी से सूखा बांध....दिखाई दी 300 साल पुरानी बस्ती

**एजेंसी ■ मनीला**

फिलीपींस में इनदिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। गर्मी कितनी खतरनाक हैं, कि यहां बांध भी सूखने लगे हैं। फिलिपींस के एक प्रमुख बांध का पानी सूखने के कारण 300 साल पुरानी बस्ती फिर दिखाई दी हैं। राष्ट्रीय सिंचाई प्रशासन के पर्यवेक्षक इंजीनियर मार्लोन पलाडिन ने कहा कि कई महीनों तक बारिश नहीं हुई है। इस कारण मार्च में नुएवा एसिजा प्रांत में पेंटाबांगन बांध का पानी सूखने लगा। बांध के सूखने के बाद अब एक चर्च, मकबरा और एक कस्बे का हॉल सहित प्रमुख संरचनाएं दिखाई दे रही हैं। इस कस्बे का नाम पेंटाबंगन है। 1970 के दशक में जब बांध बनाया गया तब यह जलाशय के कारण पानी के नीचे डूब गया। लेकिन इस समय देश के लगभग आधा हिस्से सूखे की चपेट में है। इससे बांध का जल स्तर भी नीचे हो गया। फिलीपींस सरकार की मौसम एजेंसी के आकड़ों के मुताबिक 30 अप्रैल को यह स्तर सामान्य से 50 मीटर कम था।



पलाडिन ने आगे कहा, बांध बनने के बाद यह छठी बार है जब यह शहर एकबार फिर दिखने लगा है। लेकिन इस बार यह सबसे लंबे समय तक दिख रहा है।

जब भी पानी जलस्तर नीचे जाता है, तब यह वीरान शहर एक टूरिस्ट स्पॉट बन जाता है। दक्षिण पूर्व एशिया के ज्यादातर हिस्सों की तरह फिलिपींस में भी पिछले कई हफ्तों से भीषण गर्मी का प्रकोप देखा जा रहा है। तापमान यहां 42 डिग्री सेल्सियस पार कर गया है। इस कारण आम जनजीवन अस्त व्यस्त है। स्कूलों को बंद कर दिया गया है। वहीं लोगों को घरों से काम करने की सलाह दी गई है। फिलीपींस के अलावा बांग्लादेश में भी भीषण गर्मी के कारण स्कूल बंद कर दिए गए हैं। थाईलैंड में जनवरी से अप्रैल तक 30 लोगों की हीटस्ट्रोक के कारण मौत हो चुकी है। थाईलैंड का कहना है 2023 में तापमान 37 डिग्री थी। लेकिन म्यामांर के बॉर्डर इलाकों के करीब यह 45 डिग्री से ऊपर है।

# कांग्रेस से निष्कासन के बाद संजय निरुपम की होगी घर वापसी



**एजेंसी ■ मुंबई**

संजय निरुपम कांग्रेस से निष्कासित किए जाने के बाद वह महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे-नीत शिवसेना में शामिल होने जा रहे हैं। संजय ने शिवसेना से राजनीतिक करियर की शुरुआत की थी अब वह 19 साल के बाद फिर से 'घर वापसी' कर रहे हैं। संजय निरुपम ने कहा कि बाला साहेब भवन में सीएम शिंदे से मिलने के उन्होंने तय किया है कि 3 मई यानी शुक्रवार को अपने सभी साथियों के साथ शिव सेना (शिंदे गुट) में शामिल होंगे। दरअसल शिवसेना छोड़ने के बाद संजय निरुपम 2005 में कांग्रेस में शामिल हो गए थे और उन्हें महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी का महासचिव नियुक्त किया गया था। वह 2009 के लोकसभा चुनाव में मुंबई उत्तर से बीजेपी के दिग्गज नेता राम नाइक को हराकर सांसद चुने गए थे। कांग्रेस में 19 साल तक रहने के दौरान संजय निरुपन कई पदों पर काम किया जिनमें से मुंबई इकाई के प्रमुख पद की जिम्मेदारी भी शामिल थी। कांग्रेस ने पिछले माह अनुशासनहीनता और पार्टी-विरोधी गतिविधियों के चलते संजय को छह साल के लिए निष्कासित कर दिया था। निष्कासन से कुछ दिन पहले ही संजय निरुपम ने मुंबई उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट पर फैसला करने के लिए कांग्रेस को एक सप्ताह का समय दिया था। शिवसेना पार्टी पदाधिकारियों की बैठक के बाद महाराष्ट्र सीएम एकनाथ शिंदे ने पत्रकारों से बातचीत में कहा था कि संजय निरुपम जल्द ही शिवसेना में शामिल होंगे। इस मौके पर निरुपम भी उनके साथ थे, लेकिन शिंदे ने इसे शिष्टाचार मुलाकात करार दिया। इस बीच शिंदे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुंबई में दो चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। मुंबई में 20 मई को मतदान होगा।

### गाजा में मरने वाले फिलीस्तीनियों की संख्या बढ़कर 34,568 हुई

**गाजा।** हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि गाजा पट्टी में हो रहे इजरायली हमलों में मरने वाले फिलिस्तीनियों की संख्या बढ़कर 34,568 हो गई है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बीते 24 घंटों के दौरान इजरायली सेना ने 33 फिलिस्तीनियों को मार डाला और 57 अन्य घायल हो गए। इजरायल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से मरने वालों की कुल संख्या 34,568 हो गई और घायलों की संख्या 77,765 है। एक बयान के मुताबिक, लगातार इजरायली हमलों और बचाव दल की कमी के बीच कुछ पीड़ित मलबे में दबे हुए हैं। हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल पर हमला किया था। इन हमलों में लगभग 1,200 लोग मारे गए थे और 200 से अधिक को बंधक बना लिया गया था। इसके बाद इजरायल ने गाजा में हमास के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमला किया।

# सामान खरीदकर बाहर निकले बुजुर्ग पर सीगल पक्षी ने किया हमला

**सुपरमार्केट के कर्मचारी ने नहीं की मदद, शख्स ने जताई नाराजगी**

**एजेंसी ■ लंदन**

अक्सर आपने देखा और सुना होगा कि जानवर इंसानों का खाना छीनने के लिए हमला करते हैं। ब्रिटेन में एक शख्स उस समय हैरान रह गया, जब उस पर ऊपर से गोता लगाने वाले साइको सीगल ने हमला कर दिया। इस पक्षी ने उसके पनीर के पैकेट को छीनने के मकसद से हमला किया था। यह गनीमत रहा है कि इस शख्स को सीगल के हमले में कोई चोट नहीं आई।



सुपरमार्केट से खरीदारी कर 71 वर्षीय फ्रैंक जॉर्डन जब अपनी ट्रॉली निकाल रहे थे, तभी अचानक एक पक्षी ने उन पर झपट्टा मारा और फ्रैंक से कुछ छीन कर ले गया। जब फ्रैंक ने देखा तो वह सीगल थी जिसकी चोंच में पनीर दबा हुआ था, उसकी चोंच से पनीर का पैकेट फट गया था। फ्रैंक ने कहा, जब वह किराने के सामान लेकर अपनी ट्रॉली के साथ, पनीर का एक ब्लॉक लेकर दुकान से निकले तो सीगल ने उन पर हमला कर दिया। बाद में उन्हें पता चला कि सीगल ने पनीर को अपने मुँह में दबा लिया, अपनी चोंच में एक बड़ा टुकड़ा लेकर उड़ गया। सीगल के हमल से घबराए फ्रैंक सुपरमार्केट के कर्मचारियों को सतर्क करने और उन्हें सीगल से सावधान करने के लिए उत्तरी वेल्स के राइल स्टोर के अंदर खरीदा हुआ सामान लेकर वापस चले गए, लेकिन उन्हें निराशा तब हुई जब सुपरमार्केट के कर्मचारी ने उनकी मदद नहीं की। उन्होंने कहा कि वह सीगल हमले से वह बुरी तरह डर गए। उन्होंने कहा उन्हें अच्छा लगता अगर उन्हें स्टोर के कर्मचारी एक पेय और बैठने के लि कहते साथ ही पनीर का एक ब्लॉक भी बदल कर दिया जाता। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता कि क्या में ऐसा पहला व्यक्ति हूं जिस पर सीगल ने हमला किया। यह डरावना था। फ्रैंक ने कहा कि उन्होंने गल्स को अन्य ग्राहकों पर झपट्टा मारते देखा है। उन्होंने कहा कि स्टोर को ऐसे हमला करने वाले पक्षियों के बारे में चेतावनी देने वाले संकेत लगाने चाहिए।

**आसमान में बादल छाने के साथ ही बारिश की भी संभावना**

# मई का पहला सप्ताह लोगों को कर रहा कूल-कूल, गर्मी से मिली राहत

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

गर्मी ने अप्रैल माह में लोगों को खूब तपाया। गर्मी से परेशान लोगों को मई माह के शुरआत में कुछ राहत हुई है। दिल्ली यूपी समेत कुछ राज्यों में मई का पहला वीक गर्मी से राहत देने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार मई के शुरुआत में दिल्ली के लोगों को ज्यादा गर्मी नहीं झेलनी पड़ेगी। इसके साथ ही आसमान में बादल छाने के साथ ही बारिश भी हो सकती है। दिल्ली में गर्मी से राहत का दौर बुधवार से शुरू हो गया है।



आज भी दिल्ली गर्मी से तपिश कम है। दिल्ली का अधिकतम तापमान 37 रहने का अनुमान है। मौसम विभाग का कहना है दिल्ली में 4 से 7 मई तक बादल छाए रहेंगे साथ ही बारिश भी होने की संभावना है जिससे दिल्ली का न्यूनतम तापमान 20 से 25 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। वहीं हिमाचल प्रदेश, जम्मू- कश्मीर और उत्तराखंड के कई इलाकों में कुछ दिनों से बारिश हो रही है। ऊंचाइयों वाले क्षेत्रों में बर्फ गिर रही है। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों पर पड़ रहा है। जिसके कारण दिल्ली सहित अन्य मैदानी इलाकों में गर्मी से राहत मिली है। बता दें कि चार मई से पहाड़ों इलाकों में बारिश हो सकती है जिससे मौसम में ठंडक बनी रहेगी। यूपी की बात करें तो यहां भले ही अभी भीषण गर्मी है लेकिन आने वाले दिनों में यहां बारिश होने की संभावना है। लखनऊ में बुधवार को लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली। मौसम वैज्ञानिक एम दानिश के मुताबिक, आज और कल दिन रात के तापमान में बदलाव के आसार नहीं हैं। इसके बाद पांच से सात मई के बीच बारिश की संभावना है। मई के पहले सप्ताह में भले ही गर्मी से राहत मिल जाए लेकिन बचे मई के आने वाले दिनों में भीषण गर्मी लोगों को परेशान करने वाली है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बुधवार को कहा कि दिल्ली समेत उत्तर भारत के ज्यादातर हिस्सों में मई में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से ज्यादा रह सकता है।

# लाव लश्कर के साथ मेनका गांधी ने दाखिल किया नामांकन पत्र

**सुल्तानपुर।** लोकसभा चुनाव दो चरण पूरे हो चुके हैं। अब अन्य चरणों के लिए पार्टी उम्मीरवार अपना नामांकन जमा कर रहे हैं। वहीं बीजेपी सांसद वरुण गांधी की मां और पूर्व केंद्रीय मंत्री और बीजेपी प्रत्याशी मेनका गांधी ने सुल्तानपुर से अपना नामांकन दाखिल किया। बीजेपी उम्मीदवार मेनका गांधी बुधवार को अपने घर से भारी भीड़ के साथ नामांकन के लिए निकलीं। इस दौरान उनके साथ यूपी सरकार के मंत्री संजय निषाद और आशीष पटेल भी मौजूद थे। अयोध्या-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर जब मेनका गांधी नामांकन रैली निकली तो सैकड़ों बीजेपी कार्यकर्ता हाथों में बीजेपी का झंडा लिए नारेबाजी कर रहे थे। सड़क समेत घर से रोड शो देखने वालों की भीड़ थी। जगह-जगह हार फूल से स्वागत हुआ। मेनका का काफिला कलेक्ट्रेट पहुंचा जहां उन्होंने नामांकन किया। इस बार लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी उम्मीदवार के रूप में निषाद चेहरा आने से बीजेपी निषादों के वोट बैंक में सेंध लगाने का प्रयास कयर रही हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बाइक सवार महिला की सड़क दुर्घटना में मौत– परिजनों में मचा कोहराम


**महोबा।** जिले में सड़क दुर्घटनाएं अब थमने का नाम नही ले रही है। चरखारी मुस्करा मुख्य सडक पर चार पहिया वाहन की जोरदार टक्कर से बाइक सवार महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। आनन फानन में महिला



को परिवारीजनों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चरखारी लाया गया द्य जहां पर चिकित्सकों ने महिला को देखते ही मृत घोषित कर दिया द्य आरोपी वाहन चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है द्य मृतक महिला अपने भाई के साथ बाईक से पहाड़ी गाँव अपने रिश्तेदारी में जा रही थी तभी अचानक निकले चार वाहन से जोरदार टक्कर लगने से बाइक सवार महिला की दर्दनाक मौत हो गई द्य जबकि बाइक चला रहा महिला का भाई मामूली रूप से चोटिल हुआ है द्य मृतक महिला प्रीति पत्नी नरेंद्र विश्वकर्मा मोहल्ला घुशियांना चरखारी की निवासी है द्य वह अपने पीछे तीन बच्चियों को छोड़ गई है जिसमें सबसे बड़ी बेटी की उम्र लगभग 5 वर्ष है, बाइक चालक एवं परिवारीजनों के मुताबिक चार पहिया वाहन के चालक की लापरवाही की वजह से यह दर्दनाक हादसा हुआ है।

### बीमारी से परेशान होकर हलवाई ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

महोबा। बीमारी से परेशान होकर 50 वर्षीय व्यक्ति ने सूना मौका पाकर घर के आंगन में बने कुएं के पाट में फांसी लगा ली। परिजन आनन फानन में 108 एम्बुलेंस से सीएचसी जैतपुर लाए जहां डाक्टर पवन और डाक्टर



अभय यादव ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है और अपनी जांच पड़ताल शुरू कर दी है जैतपुर के मुहाल नरैयापुरा निवासी मृतक प्रेमचंद पुत्र राम किशोर अग्रवाल के बड़े भाई रमेश ने बताया कि छोटा भाई प्रेम करीब तीन माह से बीमार चल रहा था। बुधवार को ग्वालियर से इलाज कराकर लौटे और बीमारी से परेशान होकर शुक्रवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि मृतक की शादी नही हुई थी। मृतक दो भाई थे। मृतक शादी ब्याह में खाना बनाने का कार्य करता था द्य कोतवाली प्रभारी एसएचओ भास्कर मिश्रा और चौकी प्रभारी एसआई धर्मेंद्र कुमार ने सीएचसी जैतपुर पहुंचकर परिजनों से घटना की जानकारी लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

### विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के मौके पर आयोजित हुआ पत्रकार सम्मान समारोह




महोबा। विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के मौके पर पत्रकारों का सम्मान समारोह का आयोजन शुक्रवार को जनपद मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में किया गया प्रेस की स्वतंत्रता को बढ़ावा देने के लिए 1993 में विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस की स्थापना की गई थी जनपद मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के मौके पर शुक्रवार को पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन वरिष्ठ पत्रकार भगवानदीन यादव की अध्यक्षता में किया है विद्यालय के प्रधानाचार्य कमलेश सिंह ने बताया कि हर वर्ष तीन मई को विश्व स्तर पर विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता है यह दिन उन पत्रकारों को श्रद्धांजलि भी देता है जिन्होंने पत्रकारिता करते हुए अपनी जान गंवाई है वह कई बार दुनिया के अलग-अलग कोने से खबरें जनता के सामने लाने के लिए अपनी जान जोखिम में डालते हैं या फिर कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है साहित्यकार संतोष पटैरिया ने कहा कि कलमकार देश समाज का चौथा स्तंभ होते हैं जो कि अपनी जान जोखिम में डालकर समाज में व्याप्त कुरीतियों को उजागर करते हैं कार्यक्रम में पत्रकारों को शाल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया और उनका हौसला बढ़ाया गया कार्यक्रम में साहित्यकार संतोष पटेरिया राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित संगीताचार्य पं जग प्रसाद तिवारी अरुण सिंह माली और पत्रकार अखिलेश चंसौरिया मूरत सिंह उपेंद्र द्विवेदी धीरेंद्र सिंह मनोज ओझा बिहारी लाल गाडगे हेमंत अनुरागी समेत अन्य लोग मौजूद रहे हैं।

### उत्तर प्रदेश और केंद्र सरकार के कार्यकाल मे हुई उपेक्षा का इस बार हिसाब लेगी बलिया की जनता – कान्हा जी

**बलिया ब्यूरो चीफ ओम प्रकाश पाण्डेय**

बलिया। 10 वर्षो से केंद्र और लगभग 7 वर्षो से प्रदेश सरकार द्वारा बलिया नगर के उपेक्षा का हिसाब लेना चाहती है बलिया की जनता। बलिया नगर का हर वर्ग बेशब्री से 1 जून 2024 का इंतजार कर रहा हैं जब वह झूठ के आश्वासन का घुट पिलाने वाले सत्ताधारियो को जवाब देगा।



उक्त बाते समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष/प्रवक्ता सुशील कुमार पाण्डेय कान्हजी ने इण्डिया गठबन्धन के बलिया लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार सनातन पाण्डेय के समर्थन में नगर क्षेत्र के श्रीराम बिहार कालोनी,सिविल लाइन, आनन्द नगर आदि मुहल्लो के प्रमुख लोगो सहित कुछ छोटे बड़े ब्यारियो से सम्पर्क करने के उपरान्त प्रेस को बयान जारी कर कहा। कान्हजी ने कहा कि लोगो मे बलिया शहर के अनदेखी एवं राजनितिक मठाधीशी को लेकर गुस्सा हैं लोग कह रहे है कि चुनाव के समय जुहू चौपाटी का जुमला फेकने वाले लोगो को इस बार जवाब दिया जायेगा और जनपद को विश्वविद्यालय, स्पोर्ट कालेज, जनेश्वर मिश्र सेतु जैसी सौगात देने वाली पार्टी सपा के उम्मीदवार सनातन पाण्डेय को इस बार इतना वोट दिया जायेगा कि कोई बेईमानी भी नही कर पायेगा।

# स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर पचखोरा का किया निरीक्षण

## एनक्यूएएस अवार्ड हासिल करने की प्रबल संभावना: डा0 राकिफ अख्तर




**बलिया ब्यूरो चीफ ओम प्रकाश पाण्डेय**

गड़वार (बलिया)। स्थानीय सीएचसी अन्तर्गत पचखोरा में निर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का शुक्रवार को केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम ने औचक निरीक्षण दिया। टीम की कसौटी पर खरा उतरने पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर पचखोरा का नेशनल क्वालिटी ए स्टैंडर्ड सर्टिफिकेट के लिए चयन किया जाएगा। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से डा0अमृतपाल सिंह,डा0अनन्या घोषाल मुखर्जी एवं डा0सुमित कुमार के नेतृत्व में मंडल के उच्चाधिकारियों की टीम ने सीएचसी रतसर क्षेत्र के पचखोरा स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण किया।

उन्होंने निर्धारित किए गए प्रत्येक बिंदु पर लोगों के दृष्टिकोण से लेकर अपना सर्वे किया। जनपद के 287 उप स्वास्थ्य केन्द्र में यहां के आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उत्तम स्वास्थ्य सेवाओं में प्रमुख स्थान रहा है। पचखोरा के आयुष्मान आरोग्य मंदिर का जिले से सरकार को नेशनल क्वालिटी ए स्टैंडर्ड सर्टिफिकेट के लिए नाम भेजा गया था। टीम ने यहां गर्भवती महिलाओं की जांच,सभी 14 प्रकार की जांचों के संबंध में जानकारी हासिल की।ग्राम प्रधान से भी यहां की सुविधाओं के बावत जानकारी प्राप्त की।अधीक्षक डा0 राकिफ अख्तर ने बताया कि टीम द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर पचखोरा निरीक्षण के दौरान उनके मानकों पर खरा उतरता है तो यह केन्द्र नेशनल क्वालिटी ए स्टैंडर्ड के सर्टिफिकेट के लिए चुना जाएगा। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की ओर से हर साल एनक्यूएएस अवार्ड के लिए एक प्रतिस्पर्धा कराई जाती है। इसमें जिलों से आयुष्मान आरोग्य मंदिर भी शामिल होते हैं। बेहतर सुविधाओं वाले ऐसे सेंटर जो 80 फीसदी अंक हासिल करते है, उन्हें यह अवार्ड दिया जाता है।

बीपीएम आशुतोष सिंह ने बताया कि पचखोरा आयुष्मान आरोग्य मंदिर 2023-24 में सर्वश्रेष्ठ कायाकल्प का अवार्ड प्राप्त कर चुका है। नेशनल क्वालिटी ए स्टैंडर्ड सर्टिफिकेट के लिए उपकेन्द्र स्तर पर जनपद में पहली बार आयुष्मान आरोग्य मंदिर पचखोरा को केद्रीय टीम ने चयन किया है। इसके लिए सीएचसी की स्वास्थ्य टीम महीनों से इसकी तैयारी में जुटी हुई थी। नेशनल क्वालिटी ए स्टैंडर्ड सर्टिफिकेट हासिल करने की प्रबल संभावना है। इस अवसर पर सीएमओ डा0विजयपति द्विवेदी, डा0अभिषेक मिश्रा,डा0आर.बी यादव,डा0संजय प्रियदर्शी, डा0सौरभ साहनी, डा0 रंजय,विनोद कुमार, अनिल कुमार, पियुष रंजन,मनीष मेहरोत्रा, दीपिका पंत सहित समस्त आशा संगिनी एवं आशा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### शॉर्ट सर्किट से खेतों में लगी आग सैकड़ो में बीघा की नरई व भूसा हुआ राख



जगम्मनपुर,जालौन। विद्युत शार्ट सर्किट से खेतों में आग लगने के कारण सैकड़ो बीघा की नरई एवं हजारों कुंतल भूसा जलकर राख हो गया।

रामपुरा थाना अंतर्गत ग्राम जगम्मनपुर के निकट विद्युत शार्ट सर्किट के कारण आग लगने से हार्वेस्टर के द्वारा गेहूं की फसल काटने के बाद भूसा बनने के लिए खेतों में खड़ी अवशिष्ट नरई एवं खेतों में रखें गेहूं बेझर भूसा के ढेर सहित काली ईट भट्ठा के लिए संग्रहित हजारों कुंतल लाही का भूसा जलकर राख हो गया। बताया जाता है कि आज शुक्रवार की दोपहर समय लगभग 1:00 बजे जगम्मनपुर के निकट अनिरुद्ध सिंह सेंगर के खेतों के पास प्राइवेट नलकूप के लिए गए विद्युत तारों से एक चिंगारी खेतों में गिरी जिससे खेतों में गेहूं की फसल के अवशिष्ट भाग नरई में आग लग गई, तेज हवा चलने के कारण देखते-देखते आग ने प्रचंड रूप धारण कर लिया जिससे लगभग 300 एकड़ खेतों की नरई एवं खेतों में रखा गेहूं बेझर का भूसा जलकर राख हो गया वहीं काली ईट भट्ठा जगम्मनपुर के लिए संग्रहित लगभग नौ हजार कुंतल लाही के भूसे का ढेर भी जलकर भस्मीभूत हो गया। सूचना पाकर जिलाधिकारी जालौन के निर्देश पर उप जिलाधिकारी माधौगढ़ विश्वेश्वर सिंह, प्रभारी थानाध्यक्ष रामपुरा सोनू श्रीवास्तव, उप निरीक्षक विनोद कुमार सिंह जगम्मनपुर चौकी प्रभारी एवं उप निरीक्षक रामकिशोर सिंह मय पुलिस बल एवं दमकल की दो गाड़ियों सहित तत्काल मौके पर पहुंच गए व आग बुझाने के सार्थक प्रयास किए। बमुश्किल आग पर काबू पाया। आग का रूप इतना प्रचंड था कि यदि उचित समय पर प्रशासनिक सहायता ना होती तो समीप के बेनीपुरा गांव तक आग पहुंच सकती थी। इस घटना में भले ही फसल का नुकसान ना हुआ हो लेकिन नरई एवं भूसा जलने से पशुओं के लिए भोजन का संकट उत्पन्न हो गया है।

# शासन की मनसा के अनुरूप लोकसभा चुनाव शांति पूर्ण एवं निष्पक्ष संपन्न कराना पहली प्राथमिकता, नागेंद्र कुमार पाठक



माधौगण (जालौन)। माधौगण कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत जालौन पुलिस अधीक्षक डॉक्टर इराज राजा के कुशल निर्देशन एवं माधौगण क्षेत्राधिकारी शैलेंद्र कुमार बाजपेई के कुशल मार्गदर्शन में तथा माधौगण कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक के कुशल नेतृत्व में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत माधौगण कोतवाली पुलिस द्वारा विभिन्न ग्रामों में एरिया डोमिनेशन के तहत रूट मार्च/फुट पेट्रोलिंग कर आमजनमानस को सुरक्षा का एहसास कराया। फुट मार्च के दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक ने कस्बा माधौगण एवं अन्य पोलिंग बूथो की ग्राम सभाओ में पेदल मार्च कर आम जनमानस को सुरक्षा का भरोसा दिया और उन्होंने कहा की सभी मतदाता अपने अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें और भय मुक्त होकर मतदान करें उन्होंने कहा की सरकार की मंशा के अनुरूप लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष संपन्न करना हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी इस दौरान अगर किसी भी अराजक तत्व में किसी भी प्रकार की अराजकता फैलाने की कोशिश की या गलत तरीके से कमेंट किया या गलत अफवाह फैलाने की कोशिश की तो उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी उसको किसी भी सूरत में बक्सा नहीं जाएगा वह कितनी भी पहुंच वाला क्यों ना हो उसका स्थान सिर्फ सलाखों के पीछे होगा

# आंत में छेद व स्तन में कैंसर की गांठ का मेडिकल कॉलेज में सफल हुआ ऑपरेशन, लौटी मुस्कान

**प्राचार्य व सीएमएस नें सफल ऑपरेशन के लिए डॉक्टरों के टीम कों दी बधाई**



उरई, जालौन। मेडिकल कॉलेज के डाक्टरों की टीम द्वारा पहले मरीज के आंत में छेद होने व दूसरे मरीज राममूर्ति कों स्तन में कैंसर की गांठ का सफल ऑपरेशन किया गया। शुक्रवार के दिन दोनों मरीज को पूर्णतया स्वस्थ होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया। दोनों मरीजों का मेडिकल कॉलेज की सर्जरी ओटी में सफल ऑपरेशन किया गया। पहले मरीज की आंत में छेद का जटिल आपरेशन कियागया, दूसरे मरीज की स्तन कैंसर की गांठ को जड़ से निकाल दिया गया। डॉक्टरों की टीम ने मरीज के परिवार वालों के चेहरों की मुस्कान लौटाई। वहीं प्राचार्य डा. आर के मौर्या व सीएमएस डॉ प्रशांत निरंजन व सर्जरी विभागध्यक्ष डॉ निशान्त सक्सेना ने मेडिकल टीम की सराहना की।

बता दें कि एक माह पूर्व मरीज 65 वर्षीय चेतराम पुत्र घनश्याम निवासी कालपी को पेट में दर्द उठा था। मरीज ने कई जगहों पर अपना उपचार कराया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों ने उसे आंत में छेद होने की शिकायत बताई। इसके बाद सभी ने मरीज को लखनऊ व दिल्ली जा कर इलाज की सलाह दी। करीब एक हफ्ता पूर्व मरीज राजकीय मेडिकल कॉलेज आया। मरीज की हालत गंभीर थी और उसकों ऑपरेशन की सख्त जरूरत थी। मरीज के अमाशय में 2-3 सेमी का छेद था। जिसको डॉ नीरज राजपूत सर्जन ने देखा और ऑपरेशन द्वारा छेद बंद करके पेट से दूसरा रास्ता बनाया। अब मरीज ठीक है।

वही दूसरा मरीज 63 वर्षीय राममूर्ति पत्नी लालता निवासी औरैया को दाए तरफ स्तन में कैंसर की गांठ हो गई थी। जिससे के मरीज ह्रबहुत जगह दिखाया। पैसे के अभाव में अपना ईलाज नहीं करा पा रहे थे। मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर को दिखाने के बाद डॉक्टर नें मरीज की सभी जाँच करके रिपोर्ट आने के बाद मरीज का सफल ऑपरेशन किया गया। आज दोनों मरीज ज़ब डिस्चार्ज हुए तब दोनों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई। दोनों मरीजों नें मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य, सी एम एस, डॉक्टरों और स्टॉफ को बधाई दी। डा. नीरज राजपूत ने मरीज चेत राम की सभी जांच को देखा। उसके परिवार वालों को आंत में छेद होने के लिए गंभीर आपरेशन के लिए बताया।


मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों की टीम ने आंत में छेद का सफल आपरेशन किया। दोनों मरीजों के सफल आपरेशन करने वाली टीम में डा. नीरज राजपूत, डॉ आदर्श डांडे, डॉ रेनू गौतम जे आर टू, डॉ अरुण चौधरी जे आर वन,एनेथिसिया टीम में डा. कीर्ति डॉ भावना ओटी स्टाफ में नर्स वंदना सचान रही।

# लोकसभा चुनाव शांति पूर्ण एवं निष्पक्ष संपन्न कराना पहली प्राथमिकता, दिव्य प्रकाश तिवारी



**गोहन (जालौन)।** गोहन थाना क्षेत्र के अंतर्गत जालौन पुलिस अधीक्षक डॉक्टर इराज राजा के कुशल निर्देशन एवं माधौगण क्षेत्राधिकारी शैलेंद्र कुमार बाजपेई के कुशल मार्गदर्शन में तथा गोहन थाना प्रभारी निरीक्षक दिव्य प्रकाश तिवारी के कुशल नेतृत्व में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत गोहन थाना पुलिस द्वारा विभिन्न ग्रामों में एरिया डोमिनेशन के तहत रूट मार्च/फुट पेट्रोलिंग कर आमजनमानस को सुरक्षा का एहसास कराया। फुट मार्च के दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक दिव्य प्रकाश तिवारी ने कस्बा गोहन एवं अन्य पोलिंग बूथो की ग्राम सभाओ में पेदल मार्च कर आम जनमानस को सुरक्षा का भरोसा दिया और उन्होंने कहा की सभी मतदाता अपने अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें और भय मुक्त होकर मतदान करें उन्होंने कहा की सरकार की मंशा के अनुरूप लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष संपन्न करना हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी इस दौरान अगर किसी भी अराजक तत्व में किसी भी प्रकार की अराजकता फैलाने की कोशिश की या गलत तरीके से कमेंट किया या गलत अफवाह फैलाने की कोशिश की तो उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी उसको किसी भी सूरत में बक्सा नहीं जाएगा वह कितनी भी पहुंच वाला क्यों ना हो उसका स्थान सिर्फ सलाखों के पीछे होगा।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा कुलपति को सौंपा ज्ञापन



*झांसी।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झांसी महानगर द्वारा आज बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति को सम सेमेस्टर की परीक्षाओं की तिथि आगे बढ़ाने संबंधित ज्ञापन सोपा गया ज्ञात होगा विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक तथा स्नातकउत्तर सम सेमेस्टर परीक्षाओं की परीक्षाएं 10 मई 2024 से प्रस्तावित है,जबकि विश्वविद्यालय सहित किसी भी महाविद्यालय में सम सेमेस्टर कक्षाओं का पाठ्यक्रम पूरा नहीं किया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में न्यूनतम 90 दिन कक्षाएं संचालित करा कर परीक्षा कराने का प्रावधान है पर 60 दिन भी कक्षाएं सुचारू रूप से संचालित नहीं की गई हैं और विद्यार्थियों पर परीक्षा थोपी जा रही है।*

### श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन हवन के साथ हुआ अखंड भंडारा



माधौगढ चितौरा में पांडरी वाले बाबा की असीम अनुकम्पा से चितौरा मान्दिर परिसर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन हवन के साथ अखंड भंडारे का आयोजन किया गया है। जिसमें कि सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर अपने जीवन को कृतार्थ किया। पूर्व में भगवताचार्य कमलाकांत दुवे बगिया सरकार मिर्जापुर ने बताया कि संसार के नश्वर भोग पदार्थों की प्राप्ति में अपने समय, साधन और सामर्थ को अपव्यय करने की जगह हमें अपने अंदर स्थित परमात्मा को प्राप्त करने का लक्ष्य रखना चाहिए। इसी से जीवन का कल्याण संभव है। कथा व्यास ने बताया कि वास्तविकता में श्रीकृष्ण केवल ग्वाल-बालों के सखा भर नहीं थे, बल्कि उन्हें दीक्षित करने वाले जगद्गुरु भी थे। श्रीकृष्ण ने उनकी आत्मा का जागरण किया और फिर आत्मिक स्तर पर स्थित रहकर सुंदर जीवन जीने का अनूठा पाठ पढ़ाया। इस अवसर परीक्षित पुष्पा ओमकार दीक्षित सजोयक मंजेश महाराज, मुन्ना शिवहरे, मनोज कुमार शिवहरे पत्रकार, रामकुमार दीक्षित, अलोक दीक्षित, राहुल दीक्षित, संतोष शिवहरे, राहुल शिवहरे, अंकित शिवहरे, कौशलेंद्र सिंह राजावत, दीपक राजावत, रमेश मिश्रा, प्रभाशकर मिश्रा,के, टी, सिंह, राजवीर सिंह, राकेश कुशवाहा, राजकुमार राठौर, अरूण सक्सेना,जैन्डल सिंह पप्पू गुप्ता बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार 2 घायल, 1 की हालत गम्भीर

## मदद में पहुंची जनप्रति वेलफेयर फाउंडेशन की टीम, दिया प्राथमिक उपचार

**दैनिक सिद्धि सरकार से सादान की रिपोर्ट जिला लखीमपुर खीरी**

उचौलिया खीरी। उचौलिया थाना क्षेत्र के कोटरा गांव में अज्ञात वाहन की टक्कर से 2 बाइक सवार हुए घायल, जिसमे एक कि हालत गम्भीर, जनप्रति वेलफेयर फाउंडेशन की टीम द्वारा दिये गए फर्स्ट एड ट्रीटमेंट के बाद हालत के गम्भीरता के मद्देनजर गम्भीर हालत के मद्देनजर उसे शाहजहांपुर एम्बुलेंस के सहारे भेजा गया।




मिली विधिवत जानकारी के अनुसार इन दिनों कोटरा के पास हाइवे पर निर्माण कार्य के चलते ऑन साइड रॉड ब्लॉक किया गया जिसके चलते सुबह 2 छात्र जो कि अपनी बाइक हीरो होंडा यूपी 30 एन 5385 से शाहजहांपुर जनपद के इस्लामिया इंटर कॉलेज में अपनी फीस जमा करने गए थे, वापसी के दौरान कोटरा टॉवर के सामने अज्ञात वाहन ने इन्हें जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पाकर तत्काल मौके पर पहुंची जनप्रति वेलफेयर फाउंडेशन की टीम, मौके पर पहुचते ही हादसे की जानकारी पुलिस को देते ही घायलों की हालत में मद्देनजर दोनों को राहत हेतु फर्स्ट एड ट्रीटमेंट दिया गया। ब्लीडिंग के मद्देनजर ड्रेसिंग की गई उसके बाद एक की हालत गम्भीर देखते हुए तत्काल एम्बुलेंस 108 को कॉल कर मौके पर बुलाया और उन्हें इलाज हेतु तत्काल शाहजहांपुर जिला हॉस्पिटल हेतु एम्बुलेंस के सहारे भेजा। इस दौरान राहत हेतु जनप्रति वेलफेयर फाउंडेशन की टीम से डॉ. संजीत सिंह सनी, मोहम्मद सोनू, जीतू भार्गव व ग्रामीण मौजूद रहे।

### पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा थाना लालगंज क्षेत्रान्तर्गत अति संवेदनशील बूथों/मतदान केन्द्रों का किया गया भ्रमण/निरीक्षण तथा ग्रामीणों के साथ बैठक कर निर्भीक होकर अपने मतों को प्रयोग करने की अपील की गई : पुलिस अधीक्षक

मीरजापुर फ्रअभिनन्दनफ्र द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल एवं निर्बाध रूप से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन फ्रओ.पी.सिंहफ्र व क्षेत्राधिकारी लालगंज फ्रशैलेन्द्र प्रकाश त्रिपाठीफ्र सहित पुलिस बल के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण के साथ थाना लालगंज क्षेत्रान्तर्गत मड़वा नेवादा व दुबारकलां गांव के अति संवेदनशील बूथों/मतदान केन्द्रों का भ्रमण/निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा ग्रामीणों के साथ बैठक भी की गई। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा ग्रामीणों को किसी के बहकावें में न आने तथा निर्भीक होकर भयमुक्त वातावरण में अपने मतों का प्रयोग करने तथा अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की गई। यदि कोई व्यक्ति द्वारा किसी प्रकार का प्रलोभन/लालच देकर किसी विशेष को वोट देने का दबाव बनाता है या मतदाताओं को प्रभावित करने का प्रयास करता है तो इसकी सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दें। यदि कोई व्यक्ति चुनाव को प्रभावित करने का प्रयास करता है तो उसके विरुद्ध कठोरतम् कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उक्त भ्रमण/निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष लालगंज-अजीत कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण व ग्रामीणजन मौजूद रहें।